CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 30 नवम्बर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –211 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





बंगाल से अधिकतम सीटों के साथ भाजपा को केंद्र की सत्ता में लौटाएं : अमित शाह — पृष्ठ 3

■ बराबरी का हक और बराबरी का दिखावा
■ तेलंगाना चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में तेजी से आगे बढ़ी कांग्रेस — पृष्ठ 4

■ संघर्ष विराम को दो दिन और बढ़ाने पर सहमत हुए इजरायल-हमास
■ तंजानिया में बस-ट्रेन टक्कर में 13 लोगों की मौत, 25 घायल — पृष्ठ 9

अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं को भारत में प्रसारित किया जाना चाहिए : नीरज चोपड़ा — पृष्ठ 10

**'हेट स्पीच' पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**

# नफरती भाषणों पर होनी चाहिए कार्रवाई

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी भी और सभी प्रकार के नफरत भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई जरूर की जानी चाहिए। कोर्ट की यह टिप्पणी तब आई जब वह हेट स्पीच के मुद्दे पर लोगों और समूहों की ओर से दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट फरवरी में कई याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमत हो गया है, जिनमें नफरत फैलाने वाले भाषणों पर अंकुश लगाने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की मांग की गई है।

जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, 'हम घृणा फैलाने वाले भाषणों की समस्या की देशभर में निगरानी नहीं कर सकते। भारत जैसे बड़े देश में समस्याएं तो होंगी ही लेकिन सवाल यह पूछा जाना चाहिए कि क्या हमारे पास इससे निपटने के लिए कोई प्रशासनिक तंत्र है।' सुनवाई कर रही बेंच में जस्टिस एसवीएन भट्टी भी शामिल थे। मामले को अगले साल फरवरी में सुनवाई के लिए पोस्ट करते हुए बेंच ने कहा, 'समाज को पता होना चाहिए कि अगर किसी कानून का उल्लंघन किया जाता है तो उसके बाद कार्रवाई होगी। हम ये कार्यवाही देशभर के आधार पर नहीं कर सकते, नहीं तो हर दिन अर्जियां आती रहेंगी।'



■ **सुप्रीम कोर्ट फरवरी में कई याचिकाओं पर सुनवाई करने पर हुआ सहमत**
■ **याचिका में एक तंत्र स्थापित करने की मांग**

'समाज को पता होना चाहिए कि अगर किसी कानून का उल्लंघन किया जाता है तो उसके बाद कार्रवाई होगी : **सुप्रीम कोर्ट**

**नोडल अधिकारी नियुक्त करने का दिया था निर्देश**

2018 में तहसीन पूनावाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए थे और उन्हें घृणा अपराधों को रोकने और यहां तक कि अपराध दर्ज करने के लिए जिम्मेदार एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश भी दिया था।

**पुलिस प्रमुखों को स्वतः संज्ञान लेने को कहा था**

इससे पहले अप्रैल में देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को संरक्षित करने के महत्व पर जोर देते हुए कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुखों को किसी भी धर्म के लोगों की ओर से दिए गए नफरत भरे भाषणों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था, साथ ही निर्देश का पालन नहीं होने पर अवमानना की कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के फैसले पर लगाई मुहर

**दिल्ली के मुख्य सचिव के सेवा विस्तार को मंजूरी**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार का कार्यकाल छह महीने और बढ़ाने के केंद्र के फैसले को अपनी सहमति दे दी है। इस मामले में कई सुनवाइयों के बाद मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को केंद्र के फैसले को बरकरार रखा। पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार के फैसले को 'कानून का उल्लंघन नहीं माना जा सकता।' पीठ ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को मुख्य सचिव का कार्यकाल बढ़ाने का अधिकार है।

# पांच साल के लिए बढ़ाई गई गरीब कल्याण अन्न योजना

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। बुधवार को प्रधनमंत्री की अध्यक्षता वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत गरीब परिवारों को हर महीने पांच किलों खाद्यान्न मुफ्त में दिया जाता है। इसके अलावा अंत्योदय परिवारों को हर महीने 35 किलों मुफ्त खाद्यान्न भी मिलता रहेगा। केंद्र के इस फैसले से लगाभग 81 करोड लोगों को फायदा होगा।



■ **हर महीने पांच किलों खाद्यान्न मुफ्त में मिलता है**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहाकि इस योजना के चलते अगले 5 साल में 11.80 लाख करोड़ राशि खर्च होगी। उन्होंने कहाकि मोदी सरकार के पिछले पांच साल के कार्यकाल में तकरीबन 13.50 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ठाकुर ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना लाई गई थी। अब इसे अगले पांच साल तक के लिए बढाने का फैसला लिया गया है। यह योजना साल 2020 में महामारी के दौरान राहत देने के लिए शुरू की गई थी। इसके तहत हर लाभार्थी के लिए पांच किलों खाद्यान्न मुफ्त में देने का प्रावधान किया गया था। ठाकुर ने बताया कि इसके अलावा मंत्रिमंडल के एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले के तहत 15000 महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने की योजना को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत दो साल के दौरान 1261 करोड रुपए का खर्च आएगा। इस योजना का लक्ष्य साल 202425 से लेकर 2025-26 तक 15000 महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराना है, ताकि वह कृषि उद्देश्यों को लेकर किसानों को करिए पर ड्रोन सेवाऐ दे सकें।

**सोलहवें वित्त आयोग के लिए संदर्भ शर्तों को मंजूरी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोलहवें वित्त आयोग के लिए संदर्भ की शर्तों को मंजूरी दे दी है जिसकी अधिसूचना 'उचित समय पर' जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की मंगलवार शाम को हुयी बैठक में वित्त मंत्रालय की ओर से रखे गए संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रिमंडल के निर्णयों के अनुसार आयोग अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध करायेगा। बैठक के बाद बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, सोलहवें वित्त आयोग के लिए संदर्भ की शर्तें उचित समय पर अधिसूचित की जाएंगी। सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशें, सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने पर एक अप्रैल, 2026 से पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू होंगी। वहीं सरकार ने फास्ट ट्रैक विशेष कोर्ट के कार्य करने की अवधि तीन वर्ष तक बढ़ा दी है।

**सार संक्षेप**

### राजस्थान की अंजू 6 महीने बाद पाकिस्तान से लौटी

**अमृतसर।** राजस्थान से पाकिस्तान गई अंजू बुधवार को अमृतसर के अटारी-वाघा बॉर्डर के जरिए भारत लौट आई। वह 6 महीने पहले पाकिस्तान गई थी और अपने फेसबुक दोस्त नसरुल्लाह से निकाह कर लिया था। अमृतसर पहुंचने पर सुरक्षा एजेंसियों ने उससे पूछताछ की। जिसमें उसके पाकिस्तान जाने के मकसद और 6 महीने वहां रहने के समय के बारे में पूछताछ की गई है। इसके बाद 34 साल की अंजू अमृतसर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गई।

### साहित्य अकादमी का पुस्तक मेला एक दिसंबर से

**नई दिल्ली।** संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल एक दिसंबर को साहित्य अकादमी का वार्षिक पुस्तक मेला 'पुस्तकायन' का उदघाटन करेंगे जिसमें 4 से अधिक प्रकाशक और 5 साहित्यकार- कलाकार भाग ले रहे हैं। मेले का उद्घाटन संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। वह साहित्य अकादमी पुस्तकालय में बच्चों के लिए नवनिर्मित 'चिल्ड्रन्स कॉर्नर' का भी उद्घाटन करेंगे।

### अभिनव कुमार बनाए गए उत्तराखण्ड के डीजीपी

**देहरादून।** उत्तराखंड के नये डीजीपी का ऐलान हो गया है। 1996 बैच के आईपीएस अफसर अभिनव कुमार को उत्तराखंड का कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। उत्तरखंड डीजीपी अशोक कुमार कल रिटायर हो रहे हैं। उनके रिटायर होने से पहले आईपीएस अफसर अभिनव कुमार को बड़ी जिम्मेदारी दे दी गई है। 3 नवंबर को डीजीपी अशोक कुमार रिटायर हो रहे हैं।

### वायु प्रदूषण में सुधार, ग्रेप-तीन की पाबंदियां हटीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से मौसम में बदलाव से प्रदूषण में गिरावट दर्ज होने के मद्देनज़र ग्रेप-तीन से सर्बंधित पाबंदियों को हटा दिया गया है। श्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अगर हवा की गति कम होगी तो प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है इसलिए स्थिति ज्यादा न बिगड़े, दिल्ली में ग्रेप-1 तथा ग्रेप-2 के नियम अभी लागू रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रेप-3 के तहत बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध हटा लिया गया है।

# कांग्रेस प्रत्याशियों सहित भारत-आस्ट्रेलिया टी-20 मैच देखेंगे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। 1 दिसंबर को रायपुर के शहीद वीरनारायण स्टेडियम में आयोजित टी-20 मैच के गवाह सीएम भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और कांग्रेस के सभी प्रत्याशी रहेंगे। सीएम भूपेश बघेल कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों के साथ इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम पहुंचेगे। सीएम सहित कांग्रेस नेताओं को मैच देखने में परेशानी ना हो, इसलिए कांग्रेस के नेताओं ने टिकट खरीद लिया है। पार्टी के सूत्र इस जानकारी को कंफर्म बता रहे है, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है।

पार्टी के सूत्रों ने बताया, कि इस आयोजन की जानकारी सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को दे दी गई है। कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों को 1 दिसंबर की सुबह रायपुर पहुंचना होगा। रायपुर में उनको टिकट उपलब्ध कराई जाएगी। आपको बता दे कि नया रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण स्टेडियम में 2019 से लेकर अब तक तीन मैच हो चुके है। इन सभी मैच को देखने के लिए सीएम भूपेश बघेल अपने करीबी लोगों के साथ पहुंचे।

### राज्यपाल को टी-20 क्रिकेट देखने का न्यौता



राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकट संघ के अध्यक्ष जुबिन शाह और प्रभतेज भाटिया ने सौजन्य भेंट की। साथ ही उन्होंने 1 दिसंबर 2023 को शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर में भारत और ऑस्टेलिया के बीच होने वाले टी-20 क्रिकेट मैच के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया।

# तेलंगाना में 119 सीटों पर मतदान आज

## मतदान की सभी तैयारियां पूरी

**हैदराबाद**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। 119 विधानसभा सीटों के लिए गुरुवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

राज्य में 35,655 मतदान केंद्रों पर 3 करोड़ 26 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 12 हजार से ज्यादा मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान सुनिश्चित करने के लिए राज्य में व्यापक तैयारियां कीं है।




■ **मतदान के लिए 35,655 केंद्र बनाए गए**
■ **3 करोड़ 26 लाख से अधिक है मतदाता**

**सशस्त्र बलों की कुल 375 कंपनियां तैनात**

शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र बलों की कुल 375 कंपनियां, तेलंगाना विशेष पुलिस की 50 कंपनियां, 45 हजार राज्य पुलिस और पड़ोसी राज्यों से 23,500 होम गार्ड तैनात किए गए हैं। इस बीच दो लाख 5 हजार से अधिक कर्मियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है। हैदराबाद में पहली बार कुछ विशेष मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनका प्रबंधन केवल महिलाओं, युवाओं या दिव्यांगों के हाथों में हैं।

# बीजापुर में वोटिंग मशीन स्ट्रांग-रूम में संधारित न होकर खुले में रखे पाए जाने की शिकायत निराधार

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा है कि निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतगणना के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य किया जा रहा है। ईवीएम एवं डाकमतपत्रों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ईवीएम हेतु स्ट्रांगरूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

बीजापुर जिले में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन स्ट्रांग-रूम में संधारित न होकर खुले में रखे पाए जाने की शिकायत निराधार है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने इस संबंध में स्पष्ट करते हुए कहा है कि प्रशिक्षण हेतु निर्धारित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन जिनके सीरियल क्रमांक की जानकारी उम्मीदवारों को पूर्व से ही दी गई है, उन्हें प्रशिक्षण हेतु निर्धारित प्रशिक्षण स्थल कलेक्टरेट सभाकक्ष बीजापुर में लाया गया था तभी दूर से फोटो लिया गया है।




■ **निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग प्रतिबद्ध : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी**

साथ ही मौके पर मतपेटियों के खुली पाए जाने तथा फटे मतपत्र चारों-ओर बिखरे पड़े होने एवं मत-पेटियों तथा मतपत्रों से छेड़-छाड़ के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि विधान सभा निर्वाचन में डाक मतपत्र के लिफ़ाफ़े गुलाबी रंग के हैं, जबकि प्रचारित फोटो और विडियो में भूरे रंग के लिफ़ाफ़ों को दर्शाया गया है, जिस से स्पष्ट है कि यह डाक मतपत्र ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# अमेरीकी खुफिया रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की तैयारी!

**नईदिल्ली**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। संगठित अपराधियों, हथियारबंद हमलावरों और आतंकियों को लेकर अमेरिका से मिली खुफिया जानकारी के बाद भारत कार्रवाई करने की तैयारी में है। इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसकी रिपोर्ट के बाद कार्रवाई शुरू हो जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने साप्ताहिक प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहाकि भारत-अमेरिका पिछले कई सालों से सुरक्षा के मुद्दे पर एक साथ हैं। भारत-अमेरिका सुरक्षा सहयोग पर हालिया चर्चा के दौरान अमेरिकी अधिकारियों ने संगठित अपराधियों, हथियाबंद हमलावरों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से जुडी हुए कुछ खुफिया जानकारियों को साझा किया है। यह जानकारी गंभीर और भारत व अमेरिका के लिए चिंता की वजह है। इसीलिए दोनों देशों ने तुरंत इस पर कार्रवाई करने का फैसला लिया है। पिछले सप्ताह एक अमेरिकी अखबार की आई रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी-कनाडाई नागरिक गुरुपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची गई। वह सिख फॉर जस्टिस का जनरल कांउंसिल है और भारत में उसे आतंकवादी नामित किया गया है।

■ **अपराधियों-आतंकियों पर गिरेगी गाज**
■ **एक उच्च स्तरीय समिति का किया गया गठन**

**हमास-इजरायल संघर्ष मामला**

# यूएनजीए में भारत ने नागरिकों की मौत की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। फिलिस्तीन पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भारत ने हमास आतंकवाद और इजरायल की जवाबी कार्रवाई में बड़े पैमाने पर हुई नागरिकों की मौत की निंदा की, लेकिन सीधे तौर पर दोनों का नाम नहीं लिया। फिलिस्तीन के लिए दो- देश समाधान और मानवीय सहायता के लिए समर्थन व्यक्त करते हुए, भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा, 7 अक्टूबर को इजरायल में हुए आतंकवादी हमला चौंकाने वाला था। इसकी हम स्पष्ट रूप से निंदा करते है।

आतंकवाद और बंधक बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति रखता है। इजरायल की जवाबी कार्रवाई से पैदा हुए संकट पर कंबोज ने कहा, 'हम आज ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब मध्य पूर्व में चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष के कारण सुरक्षा स्थिति बिगड़ रही है, बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान जा रही है। यह एक चिंताजनक मानवीय संकट है।' यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है। हमास के हमले में इजरायल में 1,200 से ज्यादा लोग मारे गए और करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया गया। हमास के नियंत्रण वाले गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मुख्य रूप से हवाई बमबारी से इजरायल की जवाबी कार्रवाई में 14,800 से ज्यादा लोगों की जान गई है।

# सुरंग से निकाले गए श्रमिकों से प्रधानमंत्री मोदी ने की बात

**देहरादून**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। सिल्क्यारा सुरंग से 17 दिन बाद निकाले गए श्रमिको से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह फोन पर बात की। एक बचाए गए शख्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया कि 41 मजदूरों ने सुबह की सैर और योग का अभ्यास करके अपना उत्साह बनाए रखा। एक अन्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और बचाव टीमों की सराहना की। उनमें से एक ने कहा कि उन्हें चिंता करने की कोई बात नहीं है, क्योंकि जब सरकार विदेशों में भारतीयों को बचा सकती है, तो हम देश के भीतर ही थे। मंगलवार देर रात बचाए गए मजदूरों के साथ अपनी फोन पर बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि इतने दिनों तक खतरे में रहने के बाद सुरक्षित बाहर आने पर मैं आपको बधाई देता हूं। यह मेरे लिए खुशी की बात है। मैं इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता।

### कांग्रेस ने कंपनी की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

उत्तरकाशी टनल हादसे में फंसे 41 श्रमिकों के सफर रेस्क्यू पर जहां एक ओर पूरा देश खुशियां मना रहा है तो वहीं उत्तराखण्ड में विपक्षी कांग्रेस रेस्क्यू ऑपरेशन पर सवाल उठा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि स्थानीय प्रशासन, केंद्रीय एजेंसियों और नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी के बीच समन्वय की कमी के कारण बचाव अभियान में लंबा समय लगा। करन माहरा ने कहा कि सरकार ने बहुत विलंब से सही रणनीति पर काम किया और सफलता मिली।

**सर्तकता** *राजस्थान-हरियाणा सहित 6 राज्यों में जारी किए दिशा निर्देश, बच्चों पर इसका असर सबसे ज्यादा*

# चीन में फैली फेफड़े की बीमारी पर देश में अलर्ट

**नई दिल्ली, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन में फेफड़े की रहस्यमयी बीमारी को लेकर केंद्र सरकार ने राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, उत्तराखंड, हरियाणा और तमिलनाडु को अलर्ट जारी किया है। इसके बाद राज्य सरकारों ने स्वास्थ्य विभाग को सांस से जुड़ी बीमारी के मरीजों के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।**

*राज्य सरकारों ने लोगों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। पीडियाट्रिक यूनिट्स में बच्चों के इलाज के लिए पूरी व्यवस्था करने को कहा गया है। चीन में रहस्यमयी बीमारी का असर सबसे ज्यादा बच्चों पर हो रहा है। तेज बुखार के साथ फेफड़े फुला देने वाली इस बीमारी की वजह से हर रोज करीब 7 हजार बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि कोरोना की तरह ये बीमारी भी संक्रामक है। केंद्र सरकार ने 24 नवंबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि भारत में चीन की रहस्यमयी बीमारी का एक भी मामला अभी सामने नहीं आया है। सरकार इस पर बारीकी से निगरानी कर रही है। प्रो-मेड नाम के एक सर्विलांस प्लेटफॉर्म ने 15 नवंबर को चीन में रहस्यमयी बीमारी को लेकर दुनियाभर में अलर्ट* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### नई बीमारी की बात से चीन का इनकार

*23 नवंबर को चीनी मीडिया ने स्कूलों में रहस्यमय बीमारी फैलने की जानकारी दी थी। चीन ने बताया कि पीड़ित बच्चों में फेफड़ों में जलन, तेज बुखार, खांसी और जुकाम जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। बीमारी को फैलने से रोकने के लिए स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में कोरोना के कारण लगाई गई पाबंदियां हटा ली गई थीं। इसके कारण फिर से बीमारी फैल रही है। हालांकि, चीन सरकार ने इन दावों को खारिज किया।*

# कलेक्टर ने जिला कोषालय के डबल लॉक का किया निरीक्षण

■ पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस के संबंध में ली जानकारी





**रायगढ़,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल आज जिला कोषालय के डबल लॉक के औचक निरीक्षण में पहुंचे।

कलेक्टर गोयल ने प्रतिदिन जमा किए गए पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस के संबंध में जानकारी लेते हुए संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारी रमेश मोर, जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती ज्योति सिंह, सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र चंद्रा उपस्थित रहे। इस दौरान यहां अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने डाक विभाग से प्राप्त सर्विस वोटर डाक मतपत्र के संबंध में जानकारी ली। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि आज 3 विधानसभा के 6 ईटीपीबीएस प्राप्त हुए। इस दौरान उन्होंने पूर्व में प्राप्त डाकमत पत्र के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिला कोषालय अधिकारी को प्राप्त ईटीपीबीएस जमा करने के निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुरक्षित करने हेतु निर्देशित किया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जानकारी दी गयी कि प्रतिदिन अपरान्ह 03 बजे डाक विभाग के कर्मचारी सेवा मतदाताओं के डाक मतपत्र पोस्टल बैलेट शाखा को उपलब्ध कराते हैं, जिसे अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा पृथक-पृथक लिफाफा में सील बंद किया जाता है तथा जिला कोषालय में डबल लॉक में रखने की कार्यवाही रमेश मोर डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल ऑफिसर पोस्टल बैलेट की निगरानी में की जाती है। सभी अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों से अपेक्षा है वह प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे सृजन सभा कक्ष स्थित पोस्टल बैलेट सेंटर में अवश्य उपस्थित हों। 29 नवम्बर की स्थिति में विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा में 948, 16-रायगढ़ में 1651, 18-खरसिया में 1210 एवं 19-धरमजयगढ़ में 1045 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। कलेक्टर गोयल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पाण्डेय, अन्य अधिकारीगण एवं अभ्यर्थियों/ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रक्रिया अनुसार पंजी में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

तत्पश्चात स्ट्रांग रूम के डबल लॉक को खोला गया तथा विधानसभा डाक मत पत्रों के लिफाफों को सभी की उपस्थिति में जिला कोषालय के डबल लॉक में जमा कराया गया।

# जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 100 मीटर की परिधि को किया गया कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित

**कलेक्टर कार्तिकिया गोयल ने जारी किया आदेश**

**रायगढ़,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रकरण में पारित अंतरिम आदेश के परिपालन में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने शिक्षण संस्थाओं की शैक्षणिक गतिविधियां, वृद्धजनों, नि:शक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण)नियम, 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला रायगढ़ की सीमा के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (जोन्स ऑफ साइलेंस)घोषित किया है।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन क्षेत्रों को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (जोन्स ऑफ साइलेंस)घोषित किया गया है। इनमें शासकीय हास्पिटल अंतर्गत मेडिकल कालेज रायगढ़, शासकीय शैक्षणिक संस्थान के तहत दक्षिण चक्रधरनगर रायगढ़ क्षेत्र में उत्तर में रेलवे लाईन, दक्षिण में प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, पूर्व में किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ से प्री.मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास तक तथा पश्चिम में अम्बेडकर चौक से जनपद पंचायत रोड से शासकीय आवासीय परिसर होते हुए प्री.मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास तक एवं केआईटी कालेज, गढ़उमरिया रोड रायगढ़ को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसी तरह कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़, जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर रायगढ़, शहरी क्षेत्र सिविल लाईन रायगढ़ अंतर्गत उत्तर में सत्तीगुड़ी चौक से घड़ी चौक होते हुए रायगढ़ स्पोर्ट्स क्लब के दिवाल तक, दक्षिण में कलेक्टर निवास रायगढ़ के दक्षिण दीवाल तक, पूर्व में स्पोर्ट्स क्लब रायगढ़ एवं पश्चिम में सत्तीगुड़ी चौक से विश्राम गृह होते हुए कलेक्टर निवास परिसर के दक्षिण दीवाल तक को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसी तरह अनुविभाग खरसिया अंतर्गत सिविल अस्पताल खरसिया परिसर, तहसील कार्यालय खरसिया परिसर एवं व्यवहार न्यायालय खरसिया परिसर तथा अनुविभाग घरघोड़ा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई)घरघोड़ा तक को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है।

# घायल भालू की मौत

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण का होगा खुलासा




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 29 नवंबर (देशबन्धु)। मरवाही वनमंडल के दानीकुंडी इलाके में मिले बीमार भालू की मौत हो गई, मंगलवार को बीमार भालू के देखे जाने की सूचना के बाद वन अमले ने भालू का रेस्क्यू कर उसका इलाज करने की प्रक्रिया में जुटा था लेकिन उस भालू की मौत हो गई है। फिलहाल भालू के पोस्टमार्टम के बाद भालू का अधिकारियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया है। मंगलवार को मरवाही के दानीकुंडी बीट में एक भालू रिहायशी बस्ती के काफी पास पहुंच गया था, भालू के रिहायशी बस्ती के नजदीक पहुंच जाने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को देते हुऐ भालू को जंगल की ओर खदेड़ने लगे, जिसके बाद ग्रामीणों को अहसास हुआ कि भालू अस्वस्थ्य है या घायल अवस्था में है और चलने में असमर्थ है। सूचना पर मौके पर पहुंची, रेस्क्यू टीम के माध्यम से भालू का रेस्क्यू किया गया। लेकिन भालू की कुछ देर बाद ही मौत हो गई, जिसके बाद वन विभाग के आधिकारियों की उपस्थिति में भालू का पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम करवाकर भालू का अंतिम संस्कार किया गया है। भालू की मौत की किन कारणों से हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा।

# जेपीएम में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन




**तखतपुर** 29 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में विज्ञान संकाय द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ मुकुल कुमार सिंह,सहायक प्राध्यापक ,रसायन शास्त्र, जेपी वर्मा कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बिलासपुर रहे । डॉक्टर सिंह ने क्वांटम मैकेनिक्स विषय पर व्याख्यान दिया, आपके द्वारा गंभीर गणितीय रसायन विषय को छात्रों को पारंपरिक पद्धति से समझाया। रसायन जगत में इलेक्ट्रॉन व अन्य छोटे कणों के लिए साईं की मान ज्ञात कर गणितीय प्रमाण प्रस्तुत किए जा सकते हैं जिससे स्पष्ट हो जाता है कि यह छोटे-छोटे कण अस्तित्व में हैं अथवा नहीं। गणना के आधार पर यह पूर्व घोषणा की जा सकती है कि इस रासायनिक यौगिक का संश्लेषण प्रयोगशाला में संभव है अथवा नहीं। प्राचार्य महोदय डॉक्टर मधुलिका लाल ने मुकुल सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपके व्याख्यान से निश्चय ही हमारे विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉक्टर मधुलिका लाल द्वारा डॉ मुकुल कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन श्रीमती इंदु कौशल एवं आभार प्रदर्शन डॉ पार्वती पटेल ने किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर एस के पांडे सहा प्राध्यापक, डॉ राकेश कुमार कुर्रे सहा प्राध्यापक, श्रीमती रजनी बारले, सुश्री रानू साहू, सीताराम पटेल, राजेंद्र भारद्वाज, श्रीमति लता चंद्रवंशी, अमर सिंह आर्मो एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने आयोजित किया नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता



**तखतपुर** 29 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता नई दिल्ली मे 15 नवम्बर से 2 दिसंबर तक आयोजित है। इस शूटिंग प्रतियोगिता के लिए तखतपुर शहर के सामुएल परिवार के शशांक सामुएल, सारॉंश सामुएल ,शिखर सामुएल एवं संकेत सामुएल ने भाग लिया ।

उन्होंने नई दिल्ली मे आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता मे 50 मीटर प्रॉन पोज़ीशन मे सभी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमे शशांक सामुएल जो कि सी0एम 0डी0 कॉलेज बिलासपुर मे बी0एस0सी0 फायनल ईयर का छात्र है उसने 589-8/600 अंक हासिल कर जुनियर वर्ग मे 73 वीं रैंकिंग हासिल कर रेनानट शॉट की उपाधि हासिल की है। उनके छोटे भाई सारॉंश सामुएल जो पिछले वर्ष भी इंडिया ट्रायलस खेल रहे थे इस वर्ष भी अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर डेसिमल मे 615-5/600 बनाकर जुनियर वर्ग मे टीम इंडिया के ट्रायल के लिए सिलेक्ट हुआ है और भारतीय रैंकिंग मे ग्यारहवाँ स्थान प्राप्त किया है सारॉंश सामुएल डॉ सी0 वी0 रमन यूनिवर्सिटी कोटा मे बी0 एस0 सी0 तीसरे सेमेस्टर का छात्र है इन दोनो के छोटे भाई शिखर सामुएल जो कि स्वामी आत्मानंद स्कूल तखतपुर मे ग्यारहवीं का छात्र है उसने भी अपने दोनो बडे भाईयो की तरह उमदा शूटिंग करते हुऐ 581-6/600 अंक हासिल किया है और इनके पिता संकेत सामुएल ने भी 50 मीटर प्रॉन पोज़ीशन मे सिनियर कैटेगिरी मे 587-5/600 अंक बनाकर ऑल इंडिया शूटिंग रैंकिंग मे 32 वॉ स्थान हासिल किया है और तखतपुर शहर का नाम रौशन किया।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर

**रायगढ़,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति अंतर्गत विद्यार्थी एवं रायगढ़ जिले में संचालित समस्त शासकीय/ अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, नर्सिंग कालेज, पालीटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य/ संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के पंजीयन/आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके तहत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण हेतु)28 नवम्बर से 30 दिसम्बर तक, ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 15 दिसम्बर से 2023 से 20 जनवरी 2024 तक तथा स्वीकृति आदेश करने की तिथि 15 दिसम्बर 2023 से 24 जनवरी 2024 तक निर्धारित है।

सहायक आयुक्त आदिवासी रायगढ़ ने बताया कि उक्त तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किए जायेंगे एवं ड्रॉफ्ट प्रपोजल एवं स्वीकृति लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे। पीएफएमस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतएव सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेट बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें।

सत्र 2023-24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाना है। विद्यार्थी आधार नंबर पर पंजीकृत मोबाइल नंबर की प्रविष्टि आवेदन करते समय करना सुनिश्चित करें।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**बीजापुर में वोटिंग मशीन ...**

या उनके लिफ़ाफ़े नहीं हैं। वास्तव में ये जिला निर्वाचन अधिकारी बीजापुर के कार्यालय में वीवीपेट के पर्चियों की गणना के लिए आवश्यक तैयार किए जा रहे पिजन होल में लगाए जा रहे प्रतीक चिन्ह के फोटो है। जो स्टील पेटियाँ फोटो मे दिखाई गई हैं वो जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की स्टील पेटियाँ हैं जिसमें विविध निर्वाचन सामग्री रखी जाती हैं। अत: यह फोटो और विडियो जिसके आधार पर शिकायत की गई है भ्रामक एवं निराधार है।

**चीन में फैली ...**

जारी किया था। प्रो-मेड ने कोरोना को लेकर भी दिसंबर 2019 में एक अलर्ट जारी किया था। ये प्लेटफॉर्म इंसानों और जानवरों में फैलने वाली बीमारियों की जानकारी रखता है। हालांकि, प्लेटफॉर्म ने ये नहीं बताया कि ये बीमारी सिर्फ बच्चों तक सीमित है या युवाओं और बुजुर्गों को भी अपनी चपेट में ले रही है। इस बीमारी ने कब फैलना शुरू किया, ये भी पता नहीं चल पाया है।

**TRN Energy Private Limited**
**Letter of Expression**

Ref.No.:TRNEPL/ASH/ENV/2023-24/05 Dated: 29-11-2023

**Description:**

We, TRN Energy Private Limited Power Plant (TRNEPL), are operating our 2x300 MW Thermal Power Plant at Village: Nawapara (Tenda), PO: Bhengari, Dist.:Raigarh, Chhattisgarh. Our daily ash generation is approximately 4,000 to 4,500 Metric Tonnes (approx..1,20,000 –1,39,500 MT monthly) and 14,00,000 MT Pond Ash is also available with us in our existing Ash Dyke (The quantity in whole or part may be allocated to one or more bidders).

Through advisory dated 22nd September 2021, Ministry of Power has directed to the Thermal Power Plants to comply with the guidelines of Ministry of Power. We wish to supply of ash on **"FIRST COME FIRST SERVED"** basis to the end usersfor use inConstruction of roads, road and fly over embankment, Filling up of low lying area, Cement manufacturing, Construction of dams, Filling of mine voids and Fly ash based products (bricks or blocks or tiles or fibre cement sheets or pipes or boards or panels) by the end users. The above mentioned quantity of fly ash (which may be loaded directly from the ash silo into the dumpers /trucks) and pond ash (which may be loaded into the dumpers/ trucks by deploying poclain or loaders by the transporters) shall be given **"FREE OF COST".** The transportation cost of the ash shall be borne by the end user/ user agency.

The proposals are invited from the interested end users / user agency for above mentioned quantity of ash for our plant located at Village: Nawapara (Tenda), PO: Bhengari, Dist.:Raigarh, Chhattisgarh.

Interested bidders may submit their offers in sealed envelope, supercribing Ref No.**TRNEPL/ASH/ENV/2023-24/05, Dated; 29.11.2023** on left hand top of the envelop and mentioning details of required quantity (MT and proposed rate in Rupees per MT at the below mentioned address on or before closing time and date.

**Closing Date and Time for submission of proposal: 06.12.2023 at 17:00 Hrs.**

**Contact Persons:**
**Mr. Naga Prasad/Mr.ShyamSundarParhate**
**Contact No/ 9885067246/7024447039/**
Email: environment@trnenergy.com,civil@trnenergy.com
**Address: TRN Energy Pvt. Ltd, Village-Bhengari,Tehsil-Gharghoda, Dist.-Raigarh (CG)**

प्रारूप-37
नियम 61 (3) देखिए
मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने की सूचना
(दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
सं. 153/154/155/156/157
तारीख 29.11.2023

श्री/श्रीमती/कुमारी **NIZAMUDDIN LOGISTICS PVT LTD, FORTUNE PLAZA OFFICE NO 104 AND 105 FIRST FLOOR, NEAR RAILWAY CROSSING SASANE NAGAR HADAPSAR, PUNE (MH)-411028** (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि **TATA MOTORS FINANCE LTD, RAIPUR** (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया जाता है कि उसने/उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यक्तिक्रम के कारण अबक्रय /आडमान/पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या **CG04MQ0879-CG04MQ0837/CG04MQ0898/CG04MQ0864/CG04MQ0832** है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1 आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

अत: आपको उक्त मोटरयान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के सम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं पुराना नाम **अजीत सिंह भोहल** (AJIT SINGH BHOHAL) **पिता हरभजन सिंह भोगल** (HARBHAJAN SINGH BHOGAL) अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम **अजीत सिंह भोगल** (AJIT SINGH BHOGAL) पिता हरभजन सिंह भोगल (HARBHAJAN SINGH BHOGAL) निवासी वार्ड नं. 03,27 खोली चौक, मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख लिया हूं अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम **अजीत सिंह भोगल** (AJIT SINGH BHOGAL) **पिता हरभजन सिंह भोगल** (HARBHAJAN SINGH BHOGAL) से जाना एवं पहचाना जाय।

**अजीत सिंह भोगल**
**(AJIT SINGH BHOGAL)**
वार्ड नं. 03,27खोली चौक,
मुंगेली रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
495001

**आम ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता स्वर्गीय देवेन्द्र कुमार लाम्बा के नाम पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा भूखण्ड क्रमांक 140 इंदिरा कॉमर्सियल एण्ड रेसिडेन्सियल सेन्टर, टी.पी.नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़) आबंटित किया गया है। जिसके समस्त शुल्क का भुगतान होने के बाद भूखण्ड का नवीनीकृत लीज डीड मेरे पिता स्वर्गीय देवेन्द्र कुमार लाम्बा के नाम पर दिनांक 25.09.2012 को उप पंजीयक कार्यालय कोरबा में पंजीकृत/ निष्पादित हुआ था।

उक्त भूखण्ड का नवीनीकृत लीज डीड कहीं गुम हो गया है तथा काफी खोजबीन के उपरान्त भी मुझे प्राप्त नहीं हो रहा है। अत: जिस किसी भी पुरुष/ महिला को उक्त नवीनीकृत लीज डीड की मूल प्रति प्राप्त हुई हो, वे व्यक्तिगत अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से, मुझसे मुलाकात करें एवं मेरे नीचे दिये गये पत आकर, मुझे नवीनीकरण लीज डीड की मूल प्रति लाकर मुझे दे देवें।

धन्यवाद,

**भवदीय**
**दिनेश लाम्बा**
**पिता स्व. देवेन्द्र कुमार लाम्बा**
**निवासी-इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र, टीपी नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.)**
**मोबाइल नंबर- 94255-32376**

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Home Finance
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.)-495001

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और अतएव एतद्द्वारा उनको को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि /सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनीता सिंह ठाकुर (कर्जदार), राजेन्द्र सिंह ठाकुर (सह-कर्जदार), मकान नंबर 15, शिवपुर मार्ग, मुंगेली निकट शिवाजी वार्ड मैनेजर मुंगेली, छत्तीसगढ़-495334/ एलएचबीएसआर00001398333 | एनए मौजा मुंगली सम्पत्ति स्थित सर्वे नंबर 917/38 का भाग, पीएच नंबर 59/29, ठक्करबापा वार्ड नंबर 12, मौजा मुंगेली, तहसील एवं जिला मुंगेली, मुंगेली 917/38, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी - उत्तर : श्री हीरेन्द्र जीत जी का मकान, दक्षिण : राम कुमार खांडे की भूमि, पूरब : श्री ध्रुव जी की भूमि, पश्चिम : रोड | 14-11-2023 रू. 5,89,112/- | 03-11-2023 |
| 2. | अनीता सिंह ठाकुर (कर्जदार), राजेन्द्र सिंह ठाकुर (सह-कर्जदार), मकान नंबर 15, शिवपुर मार्ग, केआर 1 मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495334/ एलएचबीएसआर 00001398334 | एनए मौजा मुंगली सम्पत्ति स्थित सर्वे नंबर 917/38 का भाग, पीएच नंबर 59/29, ठक्करबापा वार्ड नंबर 12, मौजा मुंगेली, तहसील एवं जिला मुंगेली, मुंगेली 917/38, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी - उत्तर : श्री हीरेन्द्र जीत जी का मकान, दक्षिण : राम कुमार खांडे की भूमि, पूरब : श्री ध्रुव जी की भूमि, पश्चिम : रोड | 14-11-2023 रू. 97,602.13/- | 03-11-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

तिथि : 30-11-2023
सीान : बिलासपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-।।, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.)-495001

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | सम्पत्ति का विवरण/कब्जा की तिथि | प्रेषित सूचना की तिथि /सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राकेश वैष्णव (कर्जदार), सरोज वैष्णव (सह-कर्जदार), एलएचबीएसआर 00001378300 | एनए मौजा लोर्मी पीएच नंबर 23 सर्वे नंबर 322/24, आरएनएम लोर्मी तहसील लोर्मी जिला मुंगेली सीजी लोर्मी 322/24, सर्वे नंबर 163/8 लोर्मी 163/8 बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 (संदर्भ ऋण संख्या एलएचबीएसआर00001378300) चौहद्दी - उत्तर : विक्रेता द्वारा 15 फीट रोड, दक्षिण : सीसी रोड, पूरब : विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम : श्री मोती सिंह राजपूत की सम्पत्ति कब्जा की तिथि : 24-नवम्बर-2023 | 14-08-2023 रू. 76,226/- | बिलासपुर-बी |
| 2. | राकेश वैष्णव (कर्जदार), सरोज वैष्णव (सह-कर्जदार), एलएचबीएसआर 00001378301 | एनए मौजा लोर्मी पीएच नंबर 23 सर्वे नंबर 322/24, आरएनएम लोर्मी तहसील लोर्मी जिला मुगेली सीजी लोर्मी 322/24, सर्वे नंबर 163/8 लोर्मी 163/8 बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 (संदर्भ ऋण संख्या एलएचबीएसआर00001378301) चौहद्दी - उत्तर : विक्रेता द्वारा 15 फीट रोड, दक्षिण : सीसी रोड, पूरब : विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम : श्री मोती सिंह राजपूत की सम्पत्ति कब्जा की तिथि : 24-नवम्बर-2023 | 14-08-2023 रू. 6,38,651/- | बिलासपुर-बी |
| 3. | राकेश वैष्णव (कर्जदार), सरोज वैष्णव (सह-कर्जदार), एलएचबीएसआर 00001378302 | एनए मौजा लोर्मी पीएच नंबर 23 सर्वे नंबर 322/24, आरएनएम लोर्मी तहसील लोर्मी जिला मुगेली सीजी लोर्मी 322/24, सर्वे नंबर 163/8 लोर्मी 163/8 बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 (संदर्भ ऋण संख्या एलएचबीएसआर00001378302) चौहद्दी - उत्तर : विक्रेता द्वारा 15 फीट रोड, दक्षिण : सीसी रोड, पूरब : विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम : श्री मोती सिंह राजपूत की सम्पत्ति कब्जा की तिथि : 24-नवम्बर-2023 | 14-08-2023 रू. 10,06,498/- | बिलासपुर-बी |
| 4. | राकेश वैष्णव (कर्जदार), सरोज वैष्णव (सह-कर्जदार), एलएचबीएसआर 00001452929 | एनए मौजा लोर्मी पीएच नंबर 23 सर्वे नंबर 322/24, आरएनएम लोर्मी तहसील लोर्मी जिला मुगेली सीजी लोर्मी 322/24, सर्वे नंबर 163/8 लोर्मी 163/8 बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 (संदर्भ ऋण संख्या एलएचबीएसआर00001452929) चौहद्दी - उत्तर : विक्रेता द्वारा 15 फीट रोड, दक्षिण : सीसी रोड, पूरब : विक्रेता की बाकी भूमि, पश्चिम : श्री मोती सिंह राजपूत की सम्पत्ति कब्जा की तिथि : 24-नवम्बर-2023 | 14-08-2023 रू. 7,50,693/- | बिलासपुर-बी |

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 30-11-2023
स्थान : लोर्मी
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# देश

## उवाच

“भाजपा सरकार ने पूंजीनिवेश के बड़े-बड़े दावे किए लेकिन जमीन पर कहीं कुछ दिखाई नहीं पड़ रहा है। न उद्योग लगे न रोजगार मिला। सड़कों को गड्ढ़ामुक्त करने के नाम पर बजट तो लुट गया पर गड्ढे नहीं भरे गए। सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है।

–अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21. | 16. |
| मुंबई | 27. | 25. |
| कोलकाता | 26. | 29. |
| चेन्नई | 25. | 24. |

# मध्य प्रदेश के बालाघाट में एसडीएम निलंबित

**डाक मत पत्रों में कथित अनियमितताओं के मामले में हुई कार्रवाई ● डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक को मिली बालाघाट एसडीएम की कमान**

**बालाघाट, 29 नवम्बर (एजेंसियां)।** बालाघाट में डाक मत पत्रों की समय से पहले शॉर्टिंग के मामले में एसडीएम गोपाल सोनी को निलंबित कर दिया गया है। उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक को प्रभार सौंपा गया है। इससे पहले नोडल अधिकारी हिम्मत सिंह (तहसीलदार) को भी इसी मामले में निलंबित किया जा चुका है। अब एसडीएम सोनी पर निलंबन की गाज गिरी है। जबलपुर संभाग कमिश्नर के आदेश पर बालाघाट कलेक्टर डॉक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इस पूरे मामले की रिपोर्ट केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजी गई थी। इसके बाद ही ये एक्शन लिया गया है।

बता दें, बालाघाट के ट्रेजरी ऑफिस में बने स्ट्रॉन्ग रूम में पोस्टल बैलेट से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आते ही प्रदेश की सियासत गरमा गई थी। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस हमलावर हो रही थी। आयोग भी कांग्रेस के निशाने पर आ गया था। इस निलंबन को लेकर कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने एक्स पर की अपनी पोस्ट में कहा कि इस मामले में पूर्व में नोडल अधिकारी भी निलंबित हो चुके हैं। अगर कांग्रेस इस मामले को लेकर कंफ्यूज्ड थी तो इतने लोगों का निलंबन क्यों हो रहा है। बालाघाट जिले से जुड़ा



एक वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें कुछ कर्मचारी मतपत्रों को रखते हुए नजर आ रहे थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि बालाघाट जिले के इस वीडियो में कर्मचारी पोस्टल बैलेट पत्रों की गिनती कर रहे हैं। वहीं प्रशासन का तर्क था कि बैलेट पत्रों को व्यवस्थित तरीके से रखा जा रहा है। इस मामले में एक नोडल अधिकारी का निलंबन भी हो चुका है। कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में निर्वाचन आयोग में शिकायती पत्र भी सौंपा था। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह और उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे पी धनोपिया ने कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल के साथ राजधानी भोपाल स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में एक शिकायती पत्र सौंपा था। कांग्रेस का आरोप था कि बालाघाट कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा पोस्टल वोट में कथित तौर पर गड़बड़ी की है। उन्होंने कलेक्टर सहित उक्त कार्य में शामिल सभी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने की मांग की थी। पत्र में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि बालाघाट से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा एक वीडियो भेजकर शिकायत प्रेषित की गई है, जिसमें कलेक्टर बालाघाट एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा पोस्टल वोट में कथित गड़बड़ी किया जाना सामने आया है। उक्त घटना का वीडियो चित्रण भी पत्र के साथ निर्वाचन आयोग को सौंपा गया है।

### बालाघाट कलेक्टर पर कार्रवाई किए जाने पर अड़ी कांग्रेस

कांग्रेस अभी बालाघाट कलेक्टर मिश्रा पर कार्रवाई किए जाने पर अड़ी है। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री सैयद जाफर का कहना है कि बालाघाट जिले में डाक मत पत्र के मामले में कलेक्टर और रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. गिरीश मिश्रा की भूमिका भी संदिग्ध है, वे भी जल्दी ही फंसने वाले हैं। उन्होंने कई तथ्य छिपाए हैं। कांग्रेस पार्टी एमपी के जिम्मेदार अफसरों से अपील करती है कि अपने कर्तव्य का पालन करते हुए संविधान की मर्यादा का ध्यान रखें। जनता ने मैंडेट दे दिया है। उसे बदलने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस ने इस मामले की राष्ट्रीय चुनाव आयोग से भी शिकायत की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी और सलमान खुर्शीद समेत पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल कल दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचा और इस मामले की शिकायत की।

#### आयोग ने पहले यह दी थी सफाई

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा था कि बालाघाट मामले में प्रकियात्मक त्रुटि सामने आई है। राजन ने कहा था कि मतपत्र की किसी तरह की गिनती नहीं हुई है। केवल डाक पत्र की विधानसभावार शॉर्टिंग की जा रही थी ।राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजदूगी में मतपत्र की शॉर्टिंग की गई थी। 3 बजे के निर्धारित समय से शॉर्टिंग होनी थी लेकिन नोडल अधिकारी ने 1:30 बजे से शॉर्टिंग शुरू कर दी। इसके साथ ही उसने शॉर्टिंग की सूचना भी ठीक तरह से नहीं दी। ऐसे में इस प्रकियात्मक त्रुटि के कारण नोडल अधिकारी को हटाया गया है। चुनाव आयोग को मामले की विस्तृत रिपोर्ट भेज दी है। बालाघाट मामले में हुई कार्रवाई पर प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि घटना के संज्ञान में आते ही नियमों के आधार पर ही वहां के प्रशासन ने कार्रवाई की है। इसमें वहां लापरवाही या किसी अन्य प्रकार की कोई मंशा नहीं थी। जो भी लापरवाही हुई होगी, उस पर चुनाव आयोग ने भी संज्ञान लिया है। मध्य प्रदेश के बालाघाट में पोस्टल बैलेट में कथित अनियमितताओं के बीच कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से कई सवाल किए थे। मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने कहा था कि डाक मतपत्रों की गणना जब तीन दिसंबर को होनी है तो बालाघाट में 27 नवम्बर को स्ट्रांग रूम कैसे खोला गया। उन्होंने कहा था कि क्या इस कार्य के लिए चुनाव आयोग के ही निर्देश थे।


## बंगाल से अधिकतम सीटों के साथ भाजपा को केंद्र की सत्ता में लौटाएं : अमित शाह

**ममता पर राज्य को बर्बाद करने का लगाया आरोप**

**कोलकाता, 29 नवम्बर (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को बंगाल के लोगों से राज्य में अधिकतम सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को केंद्र की सत्ता में वापस लाने का आह्वान किया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह ने बुधवार को यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को राज्य से ऐसा जनादेश दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गर्व से कह सकें कि वह बंगाल की वजह से तीसरी बार पीएम बने हैं। शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली करने के बावजूद, भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव में 77 सीटें और 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 सीटें जीतीं।

साथ ही उन्होंने बंगाल के लोगों से 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में लाने की अपील की। मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि वह प्रधानमंत्री की किसी भी विकास परियोजना को पटरी से उतारने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं।

उन्होंने कहा, मेरे पूरे राजनीतिक जीवन में, मैंने बंगाल जैसी स्थिति नहीं देखी जहां कई मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए। सुश्री बनर्जी पर राज्य को 'बर्बाद' करने का आरोप लगाते हुए शाह ने यह भी आरोप लगाया कि बंगाल



में घुसपैठ अभी भी बढ़ रही है। शाह ने कहा, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम देश का कानून है और इसे कोई नहीं रोक सकता तथा हम इसे लागू करेंगे। उन्होंने तृणमूल सिंडिकेट पर मोदी द्वारा भेजी गई बड़ी रकम को बंगाल के गरीबों तक नहीं पहुंचने देने का भी आरोप लगाया।

अमित शाह ने सार्वजनिक रैली से पहले कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा बंगाल के लोगों की पहली पसंद बनकर उभरी है। आगामी चुनावों में भाजपा की जीत और ममता दीदी (तृणमूल प्रमुख एवं मुख्यमंत्री) के नेतृत्व वाली टीएमसी का पतन निश्चित है। आज कोलकाता में 'प्रतिवाद सभा' को संबोधित करने के लिए उत्सुक हूं। इस बीच राज्य में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल नेताओं के 'भ्रष्टाचार' के कारण बंगाल के लोग अपने अधिकारों से वंचित हैं।

## सार संक्षेप

### तेलंगाना में मतदान आज

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मतदान गुरुवार को होगा, जिसमें 3.26 करोड़ से अधिक मतदाता 2,29 उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे। चुनाव आयोग ने सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। 35,655 मतदान केंद्रों पर 1.85 लाख से अधिक मतदान कर्मी तैनात किये जायेंगे, जबकि 22, माइक्रो पर्यवेक्षक पूरी मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के तहत राज्य से कुल 45, कर्मी, अन्य विभागों से 3, कर्मी, तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस की 5 कंपनियां और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 375 कंपनियां तैनात की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से 23,5 होमगार्ड भी ड्यूटी पर रहेंगे। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा।

### छग में चुनाव के बाद पहली बार सोनिया से मिले बघेल

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में दो चरणों का मतदान संपन्न होने के कुछ दिनों बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। बघेल सुबह यहां 1 जनपथ स्थित सोनिया गांधी के आवास पर पहुंचे। पार्टी सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं के बीच बैठक 3 मिनट से अधिक समय तक चली, जिसके दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में मतदान पर चर्चा की, जहां कांग्रेस लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है। सूत्र ने कहा कि बघेल ने सोनिया गांधी को राज्य में दो चरणों में हुए मतदान से अवगत कराया। पहला चरण 7 नवम्बर को 2 विधानसभा सीटों के लिए और दूसरा चरण 17 नवम्बर को 7 विस सीटों पर हुआ था। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव नतीजों पर चर्चा की।

### मतगणना के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव के तहत जयपुर जिले की 19 विधानसभा सीटों के लिए जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में तीन दिसंबर को सुबह 8 बजे से मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी। जिला निर्वाचन कार्यालय मतगणना की आवश्यक व्यवस्थाओं एवं इंतजामों को अंतिम रूप देने में जुटा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि कॉमर्स कॉलेज में चौमूं, फुलेरा, चाकसू, किशनपोल, विद्याधर नगर, आमेर, विराटनगर, जमवारागढ़, बस्सी एवं शाहपुरा सहित कुल 1 विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना होगी। तो वहीं, राजस्थान कॉलेज में झोटवाड़ा, बगरू, दूदू, सांगानेर, आदर्श नगर, सिविल लाइन्स, मालवीय नगर, हवामहल एवं कोटपूतली सहित 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना होगी।

## शत प्रतिशत मतदान करने पर ट्रांसजेंडर्स मतदाताओं को दिया प्रमाण पत्र

**अजमेर, 29 नवम्बर (एजेंसियां)।** राजस्थान विधानसभा चुनाव-223 के लिए 25 नवम्बर को लोकतंत्र के महापर्व में ट्रांसजेंडर्स द्वारा अजमेर क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान करने पर ऐसे मतदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अजमेर विधानसभा क्षेत्र के समस्त ट्रान्सजेण्डर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता द्वारा मतदान करने पर प्रमाण पत्र जारी किए गए। जिले में पंजीकृत समस्त ट्रांसजेण्डर मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान कर मिसाल कायम की। अजमेर उत्तर 15 में से 13 ने मतदान किया। यहां 2 मतदाताओं सलीम बाई और कोमल बाई की मृत्यु हो गई थी। विधानसभा क्षेत्रा नसीराबाद के 3, किशनगढ़ के 2 तथा अजमेर दक्षिण, पुष्कर, केकड़ी एवं ब्यावर के एक-एक ट्रान्सजेण्डर ने मतदान किया। समस्त मतदान करने वाले ट्रांसजेण्डर्स को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकतंत्र में निष्ठा और विश्वास को सुदृढ़ करने के लिए प्रमाण पत्रा जारी किए गए है। जिले के संस्थान सीफार सेंटर फॉर रिसर्च एंड एडवोकेसी के प्रभारी आनंद मोटिश द्वारा समस्त तृतीय लिंग के मतदाताओं को उनके निवास स्थान पर प्रमाण पत्र सुपुर्द किए गए। उल्लेखनीय है कि अजमेर में कुल 22 ट्रांसजेंडर मतदाता है, सभी ने मतदान कर लोकतंत्र में भागीदारी निभाई।

# छत्तीसगढ़ में मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण

**रायपुर, 29 नवम्बर (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ की सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए दो चरणों में हुए मतदान के बाद आगामी तीन दिसम्बर को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी हो गई है। सभी 33 जिला मुख्यालयों में मतगणना होंगी। राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों में प्रेक्षकों की निगरानी में होने वाली मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी जिसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी।

सबसे पहले ईटीपीबीएस से प्राप्त मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। उन्होंने बताया कि साढ़े आठ बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी। 90 विधानसभा सीटों में से कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में मतगणना होगी। इसके बाद कसडोल में 29 चक्र होंगे। वहीं सबसे कम मनेन्द्रगढ़ एवं भिलाई नगर में 12 चक्रों में मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच



- 90 विस सीटों में से कवर्धा में सबसे अधिक तीस चक्रों में होगी मतगणना
- सभी 33 जिला मुख्यालयों पर तीन दिसंबर को मतगणना होगी

मतगणना केन्द्रों में होने वाली मतों की गिनती के दौरान बिना प्राधिकार पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। कंगाले ने बताया कि पूरी मतगणना प्रक्रिया की रिकार्डिंग भी रखी जाएगी। इस दौरान प्रेक्षक तथा रिटर्निंग ऑफिसर को छोड़कर मतगणना कक्ष में किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा कोई भी अन्य व्यक्ति अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण यथा आईपेड, रिकार्डर, वीडियो कैमरा जैसे अन्य उपकरण नहीं ले जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान अभ्यर्थी किसी भी टेबल पर जाकर मतगणना को देख सकेंगे जबकि अभ्यर्थी के अभिकर्ता सिर्फ निर्धारित टेबल पर ही मतगणना का निरीक्षण करेंगे। मतगणना की पूरी कार्यवाही मतगणना प्रेक्षक तथा सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति तथा निगरानी में होगी। इस दौरान प्रत्येक राउंड की समाप्ति पर अभ्यर्थी या उनके अभिकर्ता की उपस्थिति एवं प्रेक्षक की निगरानी में रैंडम आधार पर किसी दो कंट्रोल यूनिट की जांच की जाएगी।

### बीजापुर में गड़बड़ियों की भाजपा की शिकायत को आयोग ने पाया निराधार

**रायपुर।** चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन स्ट्रांग-रूम में संधारित नहीं होकर खुले में रखे पाए जाने की मुख्य विपक्षी दल भाजपा की शिकायत को जांच के बाद निराधार करार दिया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने इस संबंध में स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रशिक्षण हेतु निर्धारित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन जिनके सीरियल क्रमांक की जानकारी उम्मीदवारों को पूर्व से ही दी गई है, उन्हें प्रशिक्षण हेतु निर्धारित प्रशिक्षण स्थल कलेक्टरेट सभाकक्ष बीजापुर में लाया गया था तभी दूर से फोटो लिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने इसके साथ ही मौके पर मतपेटियों के खुली पाए जाने तथा फटे मतपत्र चारों-ओर बिखरे पड़े होने एवं मत-पेटियों तथा मतपत्रों से छेड़-छाड़ के संबंध में स्पष्ट किया है कि विधानसभा निर्वाचन में डाक मतपत्र के लिफाफे गुलाबी रंग के हैं, जबकि प्रचारित फोटो और वीडियो में भूरे रंग के लिफाफों को दर्शाया गया है, जिस से स्पष्ट है कि यह डाक मतपत्र या उनके लिफाफे नहीं हैं।

## राजस्थान में मतगणना को लेकर निर्वाचन दलों दिया गया प्रशिक्षण

**जयपुर,29 नवम्बर (एजेंसियां)।** राजस्थान में 25 नवम्बर को हुए मतदान के लिए प्रदेश में 36 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। जयपुर, जोधपुर और नागौर में मतगणना के लिए दो-दो सेंटर बनाए गए हैं। इसके लिए बुधवार से प्रदेश में निर्वाचन दलों की ट्रेनिंग भी शुरू कर दी गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना दलों के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों, अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारियों एवं आईटी स्टाफ को बुधवार को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। गुप्ता ने बताया कि दोपहर 12 से एक बजे तक



ईटीपीबीएमस मतगणना, दोपहर एक से 2.30 बजे तक पोस्टल बैलेट काउंटिंग एवं तीन बजे से शाम पांच बजे तक ईवीएम मतगणना को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिसंबर को सुबह आठ बजे से सभी केंद्रों पर पोस्टल बैलेट और 8.30 बजे से ईवीएम के माध्यम से मतगणना आरंभ हो जाएगी।

मतगणना में पूर्ण निष्पक्षता बनी रहे, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपनाई जा चुकी 'मैंडेटरी वैरीफिकेशन' पद्धति को भी लागू किया जाएगा।

### मतगणना को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जयपुर, जोधपुर एवं नागौर में दो-दो केंद्रों पर और शेष 30 निर्वाचन जिलों में एक-एक केंद्र पर वोटों की गिनती की जाएगी। इस तरह 199 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 36 केंद्रों पर मतगणना की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने कहा कि मतगणना स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा की व्यवस्था की गई है, ताकि मतगणना स्थल पर किसी तरह का कोई व्यवधान न आए।

## बालोद में मतगणना को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**बालोद,29 नवम्बर (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना का कार्य पूरी तरह से त्रुटिरहित और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं और ईवीएम, वीवीपेट से मतगणना के लिए गणना सुपरवाईजर और गणना सहायकों को प्रशिक्षण भी दिया गया। जिसका नेतृत्व जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने किया।

इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गणना सुपरवाईजर और गणना सहायकों को उनके कार्यों और दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मीडिया से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि मतगणना की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, तीनों विधानसभा की गणना स्ट्रांग रूम पाकुरभाट में की जाएगी। कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर मतगणना तिथि तीन दिसम्बर को समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए पूरी गंभीरता एवं विशेष सावधानी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

## फर्जी हिंदुत्व की आड़ में जनता को गुमराह कर रही है भाजपा : नीरज

**जदयू ने भाजपा पर खड़े किए कई गंभीर सवाल**

**पटना, 29 नवम्बर (देशबन्धु)।** बिहार विधान परिषद सदस्य और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता नीरज कुमार ने राज्य के विद्यालयों में अवकाश को लेकर मचे घमासान के बीच आज भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला और कहा कि भाजपा फर्जी हिंदुत्व की आड़ में जनता को गुमराह कर रही है। कुमार ने बुधवार को फेसबुक लाइव के माध्यम से भाजपा पर कई गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी फर्जी हिंदुत्व के नाम पर



जनता के बीच भ्रम फैला रही है। उन्होंने पूछा कि देशभर के केंद्रीय विद्यालय केंद्र सरकार द्वारा संचालित किए जाते हैं और मौजूदा समय में केंद्र में तथाकथित हिंदूवादी भाजपा की सरकार है लेकिन हैरानी का विषय यह है कि केंद्रीय विद्यालयों में महाशिवरात्रि, रक्षाबंधन, गोवर्धन पूजा, भाईदूज, रामनवमी, अनंत पूजा और जितिया पर्व की एक भी छुट्टी नहीं है। इससे साफ पता चलता है कि भाजपा हिंदुत्व के प्रति कितनी संवेदनशील है। विधान पार्षद ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार हिंदुत्व का दंभ भरती है और हम जानते हैं कि पूर्वांचल के प्रत्येक घरों में छठ महापर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है लेकिन यह जानकर आश्चर्य हुआ कि उत्तर प्रदेश में छठ की छुट्टी केवल एक दिन ही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि छठ महापर्व मानने वाले पूर्वांचलवासियों के साथ यह दोहरा रवैया क्यों।

**चुनाव** *16वीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में 183 महिलाओं ने लड़ा चुनाव*

# राजस्थान में अब तक 198 महिलाएं पहुंची विधानसभा

**जयपुर, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में 16वीं विधानसभा के लिए गत 25 नवम्बर को हुए चुनाव में 183 महिलाओं ने चुनाव लड़ा है जबकि इससे पहले आजादी के बाद हुए पन्द्रह विधानसभा चुनावों में 169 महिलाओं ने चुनाव लड़ा जिनमें 198 महिलाएं विधानसभा पहुंची। पिछले सत्तर से अधिक वर्षों में इन पन्द्रह विधानसभा चुनावों में 169 महिलाओं ने चुनाव।**

लड़ा और इनमें 18.52 प्रतिशत महिलाएं विधानसभा पहुंची। इनमें कई महिलाएं एक से अधिक बार भी चुनाव जीता। इनमें जोधपुर की सूर्यकांता व्यास छह बार विधानसभा का चुनाव जीता। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे झालावाड़ जिले में झालरापाटन विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक चुनी गई और दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी। इस बार फिर चुनाव लड़ा हैं। इसी तरह अन्य कई महिलाएं एक से



- आजादी के बाद हुए पन्द्रह विस चुनावों में 1069 महिलाओं ने चुनाव लड़ा

अधिक बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची। राजस्थान की 16वीं विधानसभा के लिए गत 25 नवंबर को मतदान हो चुका है जिसका परिणाम तीन दिसंबर को आयेगा। इस चुनाव को मिलाकर राज्य में अब तक हुए 16 विधानसभा चुनावों में 1252 महिलाएं विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं। राज्य में इस बार हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने सर्वाधिक 28 महिलाओं को चुनाव लड़ाया जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 20 महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने भी करीब 20 महिलाओं को चुनाव लड़ने का अवसर दिया। इसके अलावा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) आम आदमी पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों ने भी महिलाओं को टिकट देकर इस चुनाव में उतारा।

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 27 महिलाओं को चुनाव लड़ने का मौका दिया जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 23 महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा था। इनमें कांग्रेस की 12 महिला उम्मीदवार विधानसभा पहुंची जबकि भाजपा की दस महिला प्रत्याशियों ने चुनाव जीता। इस चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की प्रत्याशी इंदिरा देवी और निर्दलीय प्रत्याशी रमिला खड़िया भी चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची। इस बार 16वीं विधानसभा के चुनाव में रमिला खड़िया ने कांग्रेस प्रत्याशी एवं इंदिरा रालोपा उम्मीदवार के रूप में फिर चुनाव लड़ा हैं। पिछले पन्द्रह विधानसभा चुनावों में सर्वाधिक वर्ष 2008 एवं 2013 में क्रमश 28-28 महिलाएं चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची। वर्ष 2008 में 154 महिला प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा जबकि वर्ष 2013 में 166 महिलाओं ने विधानसभा का चुनाव लड़ा। इन दो चुनावों के बाद वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में 189 महिलाओं ने चुनाव लड़ा और 24 महिला उम्मीदवार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची।

बिलासपुर, गुरूवार 30 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# इन चुनावों से खुलेंगी नयी राहें

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की श्रृंखला की अंतिम कड़ी के रूप में दक्षिणी राज्य तेलंगाना में गुरुवार को मतदान हो जाने के बाद अब सीधे अगले वर्ष के मध्य में लोकसभा के चुनाव होंगे। जैसा सियासी माहौल प्रचार अभियानों के दौरान नज़र आया और विश्लेषकों को महसूस हुआ है उससे यह राय सहज ही बन रही है कि इन राज्यों के मतदान के जो परिणाम 3 दिसम्बर को आएंगे उनसे जनता के समक्ष नयी राहें खुलने जा रही हैं जो मौजूदा परिस्थितियों से देश को निकालने में सक्षम होंगी।

वैसे तो एक संघीय ढांचे के अंतर्गत हर स्तर के चुनावों का अपना महत्व होता है; चाहे वह स्थानीय निकायों का ही क्यों न हो, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद से जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में अराजकता का माहौल पैदा किया है उससे यह बात तो साफ हो गयी है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते देश में लोकतंत्र सुरक्षित नहीं रह सकता। वैसे तो 2014 में पहली बार पीएम बनने के बाद से ही मोदी ने सारी ताकत अपने हाथों में लेकर जनता पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था, लेकिन उनका और भी अलोकतांत्रिक व्यवहार दूसरी बार अधिक विशाल बहुमत प्राप्त करने के बाद और भी बड़े स्वरूप में देखने को मिला। जितना खुलकर उन्होंने विपक्षी सरकारों को अस्थिर या परेशान किया, वैसा कभी भी भारत में देखने को नहीं मिला था। उनका 'कांग्रेस मुक्त भारत' का नारा कब 'विपक्ष मुक्त भारत' में बदल गया, पता भी नहीं चला। इस अलोकतांत्रिक नारे को उन्होंने ऐसा लोकप्रिय बना दिया कि लोग विधायकों की खरीद-फरोख्त कर या डरा-धमकाकर निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने की काली करतूतों को 'चाणक्यगिरी' या 'ऑपरेशन लोटस' का नाम देकर महिमामंडित करने लगे।

यह ऐसा भी समय है जब मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों का खुला उपयोग विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने के लिये किया जा रहा है। इन एजेंसियों के लिये सम्भवत: स्पष्ट निर्देश हैं कि उनकी कार्रवाइयां केवल विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ही होनी हैं। भाजपा व उनके समर्थक दलों व लोगों की ओर से आंखें मूंद ली जाती हैं। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं उनमें से एक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव एप की ओर से 508 करोड़ रुपये देने का आरोप लगाया गया तो वहीं मध्यप्रदेश के कद्दावर नेता व केन्द्रीय मंत्री के पुत्र, जो दिल्ली से आकर विधायकी का चुनाव लड़ रहे हैं, वीडियो पर 100 और 500 करोड़ रुपयों की डील करते दिखते हैं। उनके घर पर प्रवर्तन निदेशालय, आयकर या सीबीआई के अधिकारी नहीं पहुंचते। केन्द्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका एक तरह से भाजपा को मदद देने मात्र की रह गई है।

इन पांच राज्यों के चुनावों में, खासकर हिन्दी पट्टी के राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलने की भी कोशिश हुई जो नाकाम रही। उसके मुकाबले जनहित के मुद्दे हावी रहे। यहां तक कि विकास की चर्चा से दूर भागने वाली भाजपा को इन तीनों प्रदेशों में चुनाव जीतने के लिये वादों और गारंटियों की बात करनी पड़ी। उसे शिक्षा, रोजगार, खेती-किसानी, स्वास्थ्य आदि को भी अपने घोषणापत्रों में शामिल करना पड़ा जो उसकी परम्परा के अनुकूल नहीं है- खासकर हाल के वर्षों में। उम्मीद है कि अगर इन राज्यों में भाजपा की हार होती है, जिसके अनुमान कई विश्लेषक, सर्वेक्षण आदि कर रहे हैं, तो भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में नये सिरे से मुद्दों की तलाश करनी होगी। हालांकि अयोध्या के नवनिर्मित राममंदिर को बेशक मुद्दा बनाया जायेगा जिसका उद्घाटन मोदी के हाथों 22 जनवरी को होने जा रहा है। फिर भी वर्तमान राजनैतिक माहौल में लगता है कि जनता इसे विशेष तवज्जो नहीं देगी तथा इन्हीं चुनावों के नतीजे राममंदिर मुद्दे को पहले से ही बेअसर कर देंगे।

इसी सम्भावित पराजय के कारण इन राज्यों के पूरे प्रचार अभियान के दौरान बौखलाई भाजपा एवं मोदी कांग्रेस, विशेषकर उसके प्रमुख नेता राहुल गांधी को अपने खास निशाने पर लेते रहे। उनके लिये अपशब्दों के जरिये अपमान होता रहा, लेकिन पिछले साल की 7 सितम्बर से इस वर्ष 30 जनवरी तक राहुल की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने जो परिदृश्य बदला है, उसके कारण लोगों का उनसे बड़े पैमाने पर जुड़ाव हुआ। उनका लोगों से नये सिरे से परिचय हुआ और इसी दौरान मोदी का असली रूप भी सामने आने लगा। उनकी हर मोर्चे पर नाकामी, कारोबारी गौतम अदानी व मुकेश अंबानी की उनके साथ मित्रता आदि ऐसे अनेक मुद्दे सामने आये जिसने मोदी की मेहनत व करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई छवि को ध्वस्त कर रख दिया।

इन चुनावों ने राहुल व कांग्रेस को बहुत सशक्त एवं एकजुट किया है। कुछ राज्यों में उनके नेताओं के बीच जो मतभेद थे वे भी जीत की प्रत्याशा में समाप्त हो गये। इसके विपरीत यह भी आशंका है कि जिस तरह से भाजपा की बड़ी पराजय के अनुमान लगाये जा रहे हैं, उससे खुद मोदी को अगले प्रधानमंत्री पद की दावेदारी प्रस्तुत करने में दिक्कत आ सकती है क्योंकि उनके साथ या उनके चेहरे पर चुनाव लड़ने में उनकी पार्टी के ही नेता व सांसद परहेज कर सकते हैं। कांग्रेस और उसके नेतृत्व में बना संयुक्त प्रतिपक्षी इंडिया गठबंधन दोनों उत्साहित हैं। इंडिया व भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के बीच आमने-सामने का पहला मुकाबला भी अगले लोकसभा चुनावों में होगा। सम्भवत: इन चुनावों के परिणामों से भारतीय जनतंत्र की नयी राहें खुल सकती हैं।

# बराबरी का हक और बराबरी का दिखावा

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

अपने उपन्यास एनिमल फॉर्म में जॉर्ज ऑरवेल ने लिखा है- ऑल एनिमल्स आर इक्वल, बट सम एनिमल्स आर मोर इक्वल दैन अदर्स। यानी सभी जानवर समान हैं, लेकिन कुछ जानवर दूसरों की तुलना में अधिक समान हैं। बराबरी के दिखावे पर यह अनुपम उदाहरण सोशल मीडिया साइट एक्स की एक पोस्ट को देखकर याद आया। इसमें एक नोटिस की तस्वीर शेयर की गई थी। नोटिस में अंग्रेजी में लिखा था- हाउस मेड्स, डिलीवरी ब्वॉयज़, एंड वर्कर्स शुड नॉट यूज़ पैसेंजर्स लिफ्ट. इन केस दे आर कॉट, दे विल बी फाइन्ड रू. 1000. ये किस शहर और किस सोसाइटी में लगा हुआ नोटिस है, ये तो पता नहीं, और ये भी कहना कठिन है कि जिन लोगों के लिए यह गैरकानूनी नोटिस चिपकाया गया है, उनमें से कितनों को इसकी भाषा समझ आई होगी। यह नोटिस अंग्रेजी में है, और देश के कामगार तबके के अधिकतर लोग प्रांतीय भाषाओं और बोलियों को ही जानते हैं। इस नोटिस को जिस किसी ने भी तैयार किया है, उसने किस आधार पर पकड़े जाने पर एक हजार रूपए के जुर्माने की बात लिखी है, यह भी समझ से परे है। क्योंकि लिफ्ट में जाना कोई कानूनन अपराध नहीं है। पकड़े जाने जैसी शब्दावली ऐसे लग रही है, मानो चोरी या कत्ल करते हुए कोई पकड़ा गया है। वैसे इस चेतावनीनुमा नोटिस में जो कुछ भी लिखा है, वो नए भारत का कड़वा सच है। करीब 12-15 पहले खबर पढ़ी थी कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों का गढ़ बन चुके गुड़गांव की एक बहुमंजिला इमारत में घरेलू सहायकों और कुत्तों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था की गई है और वहां रहने वाले बाशिंदों के लिए अलग लिफ्ट है। तब देश में यूपीए सरकार थी और मीडिया उद्योगपतियों का पूरी तरह से गुलाम नहीं बना था, इसलिए ऐसी खबरें अखबारों में छप जाया करती थीं। हालांकि समाज में भेदभाव तब भी मौजूद था, अब भी उतनी ही सघनता से विद्यमान है। फर्क इतना ही है कि अब जैसे ही मौका मिलता है, भेदभाव तरल होकर समाज में खुल कर बहने भी लगता है। एक दशक पहले तक समाज में इंसानियत के लिहाज की मात्रा थोड़ी अधिक थी, आंखों में शर्म थोड़ी बहुत दिख जाती थी। अब वह सब बड़ी तेजी से विलुप्त होता जा रहा है। बिल्कुल आयातित चीतों की तरह।

बहरहाल, इस नोटिस को देखकर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि नगरीय जीवन में अब यह आम चलन हो गया है। लगभग हर बहुमंजिला इमारत में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था है, जिसे सर्विस लिफ्ट कहा जाता है। कोरोना काल में अलग लिफ्ट के नियम का और कड़ाई से पालन होने लगा, क्योंकि संपन्न तबके के लोग यही मानकर चलते हैं कि सारी गंदगी और बीमारियां झुग्गियों में रहने वाले लोग ही उन तक पहुंचाते हैं। यह तथ्य पता नहीं कितने लोगों को याद है कि देश में कोरोना का प्रवेश हवाई यात्रा करने वालों की बदौलत हुआ है। यह भी सोचने की बात है कि आखिर किन कारणों से झुग्गी-झोपड़ियों या निचली बस्तियों में गंदगी और बीमारी फैलती है। क्यों वहां के लोग अच्छी हवा और पानी से वंचित रहते हैं। कौन उनके हक को मारकर

> **बहरहाल, इस नोटिस को देखकर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि नगरीय जीवन में अब यह आम चलन हो गया है। लगभग हर बहुमंजिला इमारत में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था है, जिसे सर्विस लिफ्ट कहा जाता है। कोरोना काल में अलग लिफ्ट के नियम का और कड़ाई से पालन होने लगा, क्योंकि संपन्न तबके के लोग यही मानकर चलते हैं कि सारी गंदगी और बीमारियां झुग्गियों में रहने वाले लोग ही उन तक पहुंचाते हैं।**

अपनी जेबें और कोठियां भर रहा है। चंद लोगों के विलासितापूर्ण जीवन का भुगतान लाखों लोगों को क्यों करना पड़ रहा है। ऐसे सवाल समाज में अक्सर असुविधा पैदा कर देते हैं, इनके जवाब ढूंढने में खुद का सामना आईने से हो जाता है। इसलिए बेहतर यही होता है कि ऐसे मामलों की तह में जाएं ही नहीं और जैसा चल रहा है, वैसा ही चलने दें। जब देश गुलाम था, तब लोगों को खरीदने-बेचने का चलन था, दास प्रथा चलती थी, निचली जाति या हैसियत के लोगों को धन और सत्ता की शक्ति से संपन्न लोगों की चाकरी करनी पड़ती थी। देश आजाद हो गया, तो संविधान निर्माताओं ने भारत की इस सामाजिक सच्चाई को समझते हुए नियम-कानून बनाए। सबके लिए बराबरी का अधिकार निश्चित किया। हालांकि वे भी जानते थे कि भारत अपनी भेदभाव वाली मानसिकता से इतनी जल्दी नहीं उबर पाएगा, फिर भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और अपनी ओर से नए भारत को जो बेहतरीन तोहफा दे सकते थे, वो संविधान के रूप में दिया। अफसोस ये है कि इस संविधान का पूरा लाभ उन नागरिकों को ही नहीं मिल रहा है, जिन्हें खास तौर पर ध्यान में रखते हुए बराबरी के अधिकार को शामिल किया गया है। चाकरी, गुलामी, दासता, जो कह लें, शक्तिशाली और प्रभावशाली लोगों की बदौलत अब भी समाज में विद्यमान हैं।

तीन दिन पहले ही देश की सरकार ने संविधान दिवस मनाया है। मोदी सरकार के आने के बाद से 26 जनवरी के साथ-साथ 26 नवंबर का महत्व भी बढ़ा दिया गया है। इस बार तो प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन मन की बात भी की, क्योंकि महीने का आखिरी रविवार था। खैर, 26 नवंबर के ही दिन हमारे रिहायशी इलाके के व्हाट्सऐप ग्रुप पर एक चर्चा छिड़ी, जिसमें इस बात पर कुछ लोगों ने आपत्ति जतलाई कि सोसाइटी परिसर के भीतर मौजूद ब्यूटी पार्लर में घर में काम करने वाली मेड्स यानी सहायिकाओं को क्यों प्रवेश दिया जा रहा है। बाकायदा सवाल उठाया गया कि फेशियल, मेनिक्योर, पेडिक्योर या बाल कटवाने के लिए ये सहायिकाएं उस पार्लर में कैसे जा सकती हैं, और इनके पास इतने पैसे कहां से आते हैं कि ये पार्लर का खर्च उठा सकें। कुछ लोगों ने यह मांग भी उठाई कि पार्लर के मालिक के खिलाफ शिकायत कर इसे बंद करवाना चाहिए। इस सवाल को देखकर मन भीतर तक वितृष्णा से भर उठा कि आखिर सभ्य समाज में रहने वाला इंसान इतनी गिरी हुई सोच कैसे ला सकता है और इतना दुस्साहस कैसे जुटा सकता है कि ऐसे सवाल उठाए। हालांकि ये देखकर संतोष हुआ कि कुछ लोगों ने फौरन ऐसे सवाल का प्रतिवाद किया और पूछा कि हम इन मेड्स से अपना घर साफ करवा सकते हैं, इनका बनाया भोजन ग्रहण कर सकते हैं, अपने बच्चों को इनके भरोसे छोड़ सकते हैं, लेकिन अगर ये अपने सौंदर्य पर अपने पैसे खर्च करना चाहें और संपन्न घरों की महिलाओं की तरह पार्लर में जाएं, तो किसी को तकलीफ क्यों होनी चाहिए।

कामगारों के लिए अलग लिफ्ट से होते हुए बात पार्लर जाने पर आपत्ति तक पहुंच गई, लेकिन मूल सवाल वही बना हुआ है कि आखिर धर्म, जाति, नस्ल और आर्थिक स्थिति का यह भेदभाव किस तरह खत्म होगा। संविधान ने केवल रास्ता दिखाया है, उस पर चलने की इच्छाशक्ति समाज को ही दिखानी होगी। फिल्म दीवार में अमिताभ बच्चन का एक डायलॉग काफी चर्चित हुआ था, जिसमें वे एक बिल्डिंग को खरीदते हैं और कहते हैं कि आपने इसके 10 लाख रूपए और मांगे होते तो भी मैं दे देता।

आज से बीस बरस पहले जब ये बिल्डिंग बन रही थी, तो मेरी मां ने इसमें ईंटें उठाई थीं। आज मैं ये बिल्डिंग अपनी मां को तोहफे में देने जा रहा हूं। अब जिंदगी तो कोई फिल्म नहीं है, जिसमें इस तरह के संवाद कहने-सुनने मिलें। ऊंची इमारतों से लेकर, चौड़ी सड़कों और उत्तरकाशी के सिलक्यारा में बन रही सुरंग तक, सबमें मजदूरों का खून-पसीना लगा होता है। एक बार निर्माण हो जाने के बाद इन पर पूंजीपतियों का कब्जा हो जाता है। मजदूर न लाखों-करोड़ों के घरों में कभी रह पाते हैं, न इन सड़कों पर रफ्तार भरने वाली गाड़ियों पर सवार हो पाते हैं।

उन्हें उनकी मजदूरी के अतिरिक्त कोई तोहफा भी नहीं मिलने वाला। लेकिन संविधान में उनको जिस बराबरी का हक मिला हुआ है, उसे किसी भी तरह न मारा जाए, इतना ही ध्यान समाज रख ले तो गैरबराबरी दूर करने में यह बड़ा कदम होगा। फिर किसी बेटे को अपनी मां को तोहफा देने के लिए बेईमानी की राह पर नहीं चलना पड़ेगा।

# तेलंगाना चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में तेजी से आगे बढ़ी कांग्रेस

■ कल्याणी शंकर

जैसे-जैसे तेलंगाना चुनाव अपने अंतिम चरण में पहुंचा, भारत का सबसे युवा राज्य त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है। सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.), कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीत के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

2014 में अपनी स्थापना के बाद से बी.आर.एस. प्रमुख के.चंद्रशेखर राव शीर्ष पर रहे हैं। वह हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। हालांकि, सत्ता विरोधी लहर उनके लिए एक बड़ी चुनौती है। अलग तेलंगाना आंदोलन का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने के बावजूद, उन्हें विभिन्न कारणों से लोकप्रियता में गिरावट का सामना करना पड़ा है।

2018 में, आश्चर्यजनक रूप से, चुनावों को समय से पहले रखते हुए, टी.आर.एस. 119 सदस्यीय विधानसभा में 88 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने 19 और ए.आई.एम.आई.एम. ने 7 सीटें जीती थीं। वर्तमान में बी.आर.एस. अन्य दलों को तोड़कर कुल 99 सीटें बना चुकी हैं, जबकि कांग्रेस के पास 8 विधायक हैं। ए.आई.एम.आई.एम. और भाजपा के पास क्रमश- 7 और 6 विधायक हैं।

केसीआर ने अपने बेटे और बेटी सहित अपने परिवार के सदस्यों को प्रमुख पदों पर स्थापित किया है। उनके बेटे, केटी रामा राव, उपमुख्यमंत्री हैं, उनकी बेटी, कविता, एक सांसद हैं, और उनका भतीजा एक मंत्री है।

राव के पास अपने और अपने परिवार के लिए बड़ी योजनाएं हैं। जीतने के बाद, वह अपने बेटे को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। राज्य स्तर के राजनेता होने से संतुष्ट नहीं, उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति पर अपनी नजरें जमा ली हैं।

पहले कदम के रूप में, केसीआर ने पार्टी का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति से बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर दिया, जो अधिक राष्ट्रीय दृष्टिकोण की ओर बदलाव का संकेत है।

राव ने पिछले दशक में तीसरा मोर्चा, संघीय मोर्चा और जिंजर ग्रुप बनाने का प्रयास किया था, लेकिन कोई उन्हें गंभीरता से लेने वाला नहीं था। नवगठित विपक्षी इंडिया गठबंधन ने भाजपा को चुनौती देने के अपने उद्देश्य के बावजूद, अभी तक केसीआर को अपने साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया है। उनका आरोप है कि केसीआर भाजपा की बी टीम है।

यह चुनाव तीन प्राथमिक खिलाड़ियों के लिए एक सफल क्षण है, क्योंकि भाजपा तेलंगाना को दक्षिणी राजनीति में लाभ पाने के एक अवसर के रूप में देखता है। नतीजे निस्संदेह अगले साल के लोकसभा चुनाव की दिशा तय करेंगे।

तेलुगु देशम पार्टी (टी.डी.पी.) एक समय एक महत्वपूर्ण राजनीतिक खिलाड़ी थी, लेकिन पिछले दशक में कमजोर हो गई है। इसके नेता चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं और उन्होंने घोषणा की है कि पार्टी आगामी चुनावों में भाग नहीं लेगी। इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने अपनी स्थिति फिर से हासिल कर ली है और बी.आर.एस. के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है।

राज्य में मुख्य विपक्षी दल बनने का भाजपा का लक्ष्य दूर की कौड़ी है। नगर निगम चुनाव में सुधार के बावजूद अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गई है। कर्नाटक में दो बार जीतने के अलावा, भाजपा का एन.आर. कांग्रेस के साथ गठबंधन को छोड़कर, दक्षिण भारत में कोई महत्वपूर्ण उपस्थिति नहीं है। भाजपा उत्तर में किसी भी संभावित नुकसान को संतुलित करने के लिए दक्षिण में अधिक सीटें हासिल करने का इरादा रखती है, जहां उनका विस्तार पहले से ही अपने चरम पर है।

कांग्रेस को 2014 में दबाव में आकर आंध्र प्रदेश को बांटने का अफसोस है। हैरानी की बात यह है कि यह कदम उल्टा पड़ गया क्योंकि लोगों ने कांग्रेस को खारिज कर दिया और तेलंगाना में टी.आर.एस. तथा आंध्र प्रदेश में वाई.एस.आर.सी.पी. को अपना लिया।

केसीआर ने दो निर्वाचन क्षेत्रों, गजवेल और कामारेड्डी से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। गजवेल में उनका मुकाबला बी.आर.एस. के एक बागी से है, जबकि कामारेड्डी में उनका मुकाबला कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी से होगा। उन्होंने जोखिम लेने के बावजूद पार्टी में किसी भी विद्रोह से बचने के लिए सभी मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों को बरकरार रखा है।

हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, कांग्रेस पार्टी प्रतियोगिता में सबसे आगे है, उसके बाद बी.आर.एस. और भाजपा। बी.आर.एस. की पिछली बार की तुलना में कम सीटें जीतने की उम्मीद है, जबकि कांग्रेस को ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान है। ए.आई.एम.आई.एम., जिसकी सीमित उपस्थिति है, वही सीटें बरकरार रख सकती है। कुछ स्वतंत्र उम्मीदवार एक या दो सीटें जीत सकते हैं। भाजपा के चौथे स्थान पर रहने की उम्मीद है।

> **भाजपा, कांग्रेस के अलावा तेलंगाना पर शासन करने वाली किसी अन्य पार्टी के साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। खबरों के मुताबिक भाजपा एक गुप्त सौदे में केसीआर की मदद कर रही है। बदले में भाजपा केसीआर की बेटी पर नरम रुख अपनायेगी, जिसे एजेंसियां परेशान करती थीं। रेवंत रेड्डी के नेतृत्व की बदौलत कांग्रेस तेजी से बढ़त हासिल कर रही है।**

केसीआर का मानना है कि उनके काम से उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने सिंचाई और कृषि के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी पर भी ध्यान केंद्रित किया है। गूगल जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने 2014 से पहले भी हैदराबाद में निवेश किया है। तेलंगाना की जी.डी.पी. दोगुने से भी ज्यादा हो गया है। लेकिन नकदी से समृद्ध राज्य पर भारी कर्ज का बोझ है।

भाजपा, कांग्रेस के अलावा तेलंगाना पर शासन करने वाली किसी अन्य पार्टी के साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। खबरों के मुताबिक भाजपा एक गुप्त सौदे में केसीआर की मदद कर रही है। बदले में भाजपा केसीआर की बेटी पर नरम रुख अपनायेगी, जिसे एजेंसियां परेशान करती थीं।

रेवंत रेड्डी के नेतृत्व की बदौलत कांग्रेस तेजी से बढ़त हासिल कर रही है। सोनिया गांधी ने मतदाताओं का दिल जीतने के लिए छह लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की, जिसमें महिलाओं के लिए 2500 रुपये और किसानों के लिए 15000 रुपये की पेशकश की गई। उन्होंने भीड़ को यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस ने 2014 में तेलंगाना बनाया था।

केसीआर की सफलता उनकी राजनीतिक रणनीति पर निर्भर है। इसके विपरीत, उनके विरोधी उनके परिवार की आलोचना करते हैं और उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। केसीआर 2014 में तेलंगाना मुद्दे पर विजयी हुए और 2018 के चुनाव में किसानों का समर्थन किया। हालांकि, वर्तमान में, उन्हें सत्ता विरोधी लहर, पुनर्जीवित कांग्रेस और केंद्र का सामना करना पड़ रहा है वह अपनी बेटी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है।

कांग्रेस को गेम ऑफ थोर्न्स में सत्ता हासिल करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। बदलाव का मूड है। जब लोग परिवर्तन लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होते हैं, तो वे किसी भी चुनौती या बाधा के बावजूद ऐसा करेंगे।

## पावन प्रसंग

# अहिंसा मानवता का उज्जवल प्रतीक है

अहिंसा की दृष्टि विराट है। उसमे संकीर्णता की जरा भी गुंजाइश नहीं है। यह तो गंगा की उस विमल-विशाल धारा के सदृश्य मुक्त व स्वतंत्र है। उसे बंधन प्रिय नहीं है। यदि अहिंसा को किसी प्रांत, भाषा, पंथ या सम्प्रदाय को परिधि में बंद कर दिया गया तो उसकी स्थिति वही होगी जो समुद के जल को किसी गड्ढे में बंद कर देने पर होती है। यह तो विश्व का सर्वमान्य सिद्धांत है। अहिंसा का सिद्धांत अनोखा सिद्धांत है। इतने बड़े पैमाने पर विशेष कर इतनी बड़ी शक्ति के हाथों अंग्रेजों से स्वराज प्राप्त करने में उसका उपयोग और भी अनोखा था।

अहिंसा का क्षेत्र काफी विस्तृत है वह विश्वव्यापी है। यह मानवता का उज्जवल प्रतीक है। इसके द्वारा ही जन समाज की सारी व्यवस्थायें व प्रवृत्तियाँ युग युग से सुचारू रूप से चली आ रही है। अहिंसा कायरता नहीं सिखलाती वह तो वीरता सीखलाती है। अहिंसा वीरों का धर्म है। अहिंसा का स्वर है । हे मानव । तुं अपनी स्वार्थ लिप्सा में डूबकर दूसरों के अधिकार को मत छीनों। किसी देश या समाज के आंतरिक मामलो में हस्तक्षेप मत करो। किसी भी समस्या को शांतिपूर्वक समजाने का प्रयास करो। और शांति के लिए तुम अपना बलिदान अवश्य दो। किंतु अपनी स्वार्थ एवं वासनापूर्ति के लिए किसी के प्राणों को मत लूंटो। इस पर ही यदि समस्या का उचित समाधान नहीं हो पा रहा है और देश जाति और धर्म की रक्षा करना अनिवार्य हो तो उस स्थिति में वीरता परक कदम उठा सकते हो। अहिंसा के नाम पर कायर बनकर मुँह छिपाकर मत बैठो।

अहिंसा यह कभी नहीं कहती कि मानव अन्यायों को सहन करें क्योंकि जैसे अन्याय करना स्वयं में पाप है। वैसे ही अन्याय को कायर होकर सहन करना भी एक महापाप है। वह अहिंसा ही क्या है? जिसमें अन्याय के प्रतिकार की शक्ति नहीं है। देश की आजादी को सुरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। वह अहिंसा, अहिंसा नहीं है। वह तो नाम मात्र की अहिंसा है।

श्रमण संस्कृति के भगवान महावीर ने अलख जगाई, गांव-गांव घूमकर मानव समाज को अहिंसा और प्रेम का दिव्य संदेश सुनाया। महावीर के समसामयिक महात्मा बुद्ध भी एक युग पुरूष थे। बुद्ध समाज की बुराईयों के साथ लड़े थे। संघर्ष किया था। करूणामूर्ति ईसा मसीह भी एक बहुत बड़ी शक्ति थे। विश्व को प्रेम और क्षमा का अमर संदेश प्रदान करते हुए कहा यदि कोई दुश्मन तुम्हारे एक गाल पर तमाचा मारे तो तुम दूसरा गाल भी उधर कर दो। गांधीजी ने अंग्रेजों का सामना किया एक बहुत बड़ी शक्ति अहिंसक बनकर लड़े। मानवीय जीवन के जितने भी क्षेत्र व विषय हैं उन सब में अहिंसा का अप्रतिहत प्रवेश है। सभी क्षेत्र अहिंसा की क्रीड़ा भूमि है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# मजदूरों के लिए मजदूर बन गए विश्वकर्मा

12 नवंबर को जब पूरा देश दिवाली का उत्सव मना रहा था तब उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा डंडालगांव टनल में 41 कार्यरत मजदूर जिंदगी और मौत की जंग में उलझ गए थे। टनल का एक हिस्सा धसक जाने से मजदूरों का बाहर आने का रास्ता बंद हो चुका था। मजदूरों को बचाने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशंस उम्मीद जगाने के बाद असफल भी हो रहे थे! ऐसे चुनौती पूर्ण ऑपरेशन में 25 टन की आगर मशीन ने भी दम तोड़ दिया! इस कठिन समय में टनल में फंसे मजदूरों को निकलने का संकल्प सोमवार 27 नवंबर को रेट होल माइनर्स ने अपने कंधों पर लेकर उम्मीद की नई किरण जगाई। रेट होल माइनर्स के जंगी- जवानों ने मात्र 800 एमएम के पाइप में घुसकर खुदाई का काम शुरू किया। यह रेट होल माइनर्स का जुनून ही था, जिसने हर कठिनाई को पीछे धकेलते हुए आखिरकार 17 दिनों तक अंधकार की दुनिया में खो चुके मजदूर साथियों को सूरज की किरण तक का सफर कराया। रेट होल माइनर्स ने लगभग 60 मीटर की खुदाई ठीक उसी तरह की जिस तरह चूहे अपना बिल अथवा सुरंग जमीन के भीतर बनाने किया करते हैं। यही कारण है कि इस दल को रेट होल माइनर्स नाम दिया गया है। इस दल से जुड़े लोगों को करोड़ों-अरबों रुपए का व्यापार करने वाली फिल्मों के हीरो से कहीं बड़ा हीरो माना जाना चाहिए। सफलतापूर्वक मजदूर साथियों को बाहर निकालने के बाद रेट होल माइनर्स हीरोज के चेहरों की मुस्कान मानव सेवा की बड़ी जीत की कहानी कहती नजर आ रही है। कतरा- कतरा मलबा चूहों की तरह बाहर निकालने के बाद भी उनके शरीर में थकान का नामो निशान दिखाई नहीं पड़ रहा है। मुझे टी वी पर वह विजय दृश्य देख यही लग रहा था- मानो आज मजदूरों के लिए मजदूर विश्वकर्मा बनकर सामने आए हैं। टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के बाद रेट होल माइनर्स के जांबाजों ने जो कहानी बयां की वह वास्तव में मानव के प्रति मानव के संघर्ष का बड़ा उदाहरण मानी जा सकती है। जवानों का कहना था कि हम जैसे ही संघर्षरत मजदूर साथियों के पास पहुंचे, उन्होंने भावह्विल होकर हमें गले लगाया। वह ऐसा क्षण था जैसे 'डूबते को तिनके का सहारा मिल गया हो' इतना ही नहीं, मजदूरों को पहुंचाए जाने वाले भोजन तथा स्वास्थ्यवर्धक सामग्री में से अपने पास बचा कर रखे बादाम के दानों को उन्होंने रेट होल माइनर्स साथियों को देकर उनका अभिनंदन और धन्यवाद भी किया। अपने साथियों से गले लग कर उन्होंने अपने 17 दिन की व्यथा को क्षण भर में भुला दिया। रेट होल माइनर्स टीम के दल प्रभारी का यह कहना कि - हमें विश्वास था हम अपने साथियों को बाहर निकाल लेंगे। कहीं न कहीं चुनौतियों को अंगूठा दिखाने से कम नहीं था! उन्होंने यह कहकर कि टनल में फसे लोग मजदूर हैं और हम भी मजदूर हैं। आज वे मुसीबत में है , कल हम भी हो सकते हैं। आज हम उन्हें बचाएंगे तो कल वह भी हमारे लिए सहारा बनकर खड़े होंगे। यह भाईचारे की मिसाल बनकर सदैव 'वसुधैव कुटुंबकम्' को सार्थक करने वाली भावना बनकर सामने आती रहेगी।

मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकलने के बाद उन्हें सीधे उनके घर न भेज कर स्वास्थ्यगत कारणों से मेडिकल सुविधा में रखना भी एक स्वस्थ सोच का परिणाम है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सहित देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री ने पूर्ण स्वस्थ होने तक उन्हें सुविधा प्रदान करने की जो बात कही है वह उनकी जवाबदारियों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। 41 मजदूरों का 17 दिन बाद अपने परिजनों के संपर्क में आना उनके लिए सबसे बड़ी दिवाली है। मजदूर का परिवार वैसे भी खतरों का खिलाड़ी ही हुआ करता है। गगनचुंबी ऐतिहासिक इमारतों के निर्माण की बात हो या फिर आम जनों के लिए बनाई जाने वाली अनेक मंजिलों वाले मकानो की श्रृंखला, मजदूर वर्ग खतरों से बेखबर हमारे सपनों की दुनिया को साकार करने हर समय प्रयास करता देखा जा सकता है। मजदूरों के सफलतापूर्वक बाहर आ जाने के बाद हम हर उस शख्स की बहादुरी को नमन करना चाहते हैं जिसने मिशन में थोड़ा सा भी सहयोग प्रदान किया हो।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
गुरुवार 30 नवंबर 2023

उल्टा पुल्टा

मिंटू- चिंटू, भाई आज अपनी साइकिल आज मुझे दे दे।
चिंटू- नहीं, दे सकता।
मिंटू- तुम मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा।
चिंटू- तो चीनी डाल के खा लेना।

# हाई कोर्ट के सख्त निर्देश के बाद सिम्स की व्यवस्था में हो रही सुधार

## 280 टायलेट मरम्मत, बना चैलेंज

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु )। हाई कोर्ट के सख्त निर्देश और शासन के अधिकारियों की मुस्तैदी से सिम्स की व्यवस्था में हो रही सुधार। ऐसा पहली बार हो रहा है कि कोई मरीज आ रहा है, तो उसे द्वार पर ही व्हीलचेयर और स्ट्रेचर मिल जा रहा। साथ ही मरीजों को आपातकालीन तक पहुंचाने के लिए वार्ड ब्वाय भी ड्यूटी पर तैनात दिख रहे हैं। ऐसी व्यवस्था किसी को भी पच नहीं रही, क्योंकि हमेशा से अपनी अव्यवस्था के लिए प्रसिद्धि पाने वाले सिम्स में ऐसा होना संभव नहीं दिख रहा था।




यह सब हाई कोर्ट के सख्त निर्देश और शासन के अधिकारियों की मुस्तैदी की वजह से हुआ है। उन्होंने सिम्स की व्यवस्था सुधारने की जिम्मेदारी ली है। ऐसे में पहुंचने वाले तो इस व्यवस्था से खुश नजर आ रहे हैं। ऐसी व्यवस्था कब तक रहेगी, इसे लेकर संशय में हैं। क्योंकि सिम्स के लिए भी एक कहावत कही जाती है कि चाहे आप पहाड़ तोड़ लो, लेकिन सिम्स को पटरी पर नहीं ला सकते हैं।

सिम्स की व्यवस्था सुधारने की कवायद शासन स्तर पर चल रही है। ऐसे में निर्माण व मरम्मत का दौर चल रहा है। इसी तरह यह बात भी सामने आई है कि सिम्स अस्पताल भवन के कुल 280 टायलेट में मरम्मत की दरकार है। किसी का दरवाजा नहीं है, तो किसी का कमोड टूटा हुआ है तो कहीं पाइप में लीकेज है। ऐसे में प्राथमिकता के साथ सभी टायलेट को फिर से उपयोग करने वाला बनाया जा रहा है।

इसकी जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को दी गई है। इन सभी टायलेट की मरम्मत के लिए महज 15 दिन का समय दिया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यह काम हर हाल में तय समय में हो जाना चाहिए। वहीं अब पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों को समझ नहीं आ रहा है कि कैसे इन बाथरूम को इतने कम दिन में उपयोग करने वाला बनाएं। मानिटरिंग शासन स्तर के बड़े अधिकारी कर रहे हैं।

### दवा हो रही बेअसर

जेनरिक दवाएं बेअसर साबित होने लगी हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि वे कह रहे हैं, जो अपनी बीमारी दूर करने के लिए इन दवाओं का सेवन कर रहे हैं। अब तो सरकारी अस्पताल के ओपीडी में पहुंचने वाले मरीज भी डाक्टर को जेनरिक दवा नहीं लिखने की बात कह रहे हैं और इसके बदले जल्दी असर करने वाली ब्रांडेड दवा लिखने की बात कर रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि जो भी मरीज ठीक होने के लिए जेनरिक दवा का सेवन कर रहे हैं, उन्हें ठीक होने में समय लग रहा है।

मरीजों का भी सब्र का बांध टूट रहा है। जबकि शासन स्तर पर मरीजों को सस्ती जेनरिक दवाएं लिखने को ही कहा जा रहा है। वहीं अब ज्यादातर दवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगा है। ऐसे में 60 से 70 प्रतिशत सस्ती होने के बाद भी लगातार जेनरिक दवाओं की बिक्री गिर रही है।

### अटैचमेंट का खेल

इन दिनों स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों के चले अटैचमेंट के खेल से पर्दा उठने लगा है। लगातार ऐसे कर्मचारियों की लिस्ट सामने आ रही है जो अपने मूल जगह गांवों में नौकरी छोड़कर सेटिंग के दम पर शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल के साथ ही मुख्य स्वास्थ्य विभाग में कार्य कर रहे हैं। यह उनके कई साथी कर्मचारियों को रास नहीं आ रहा है।

ऐसे में अपने-अपने क्षेत्र की बिगड़ती स्वास्थ्य सुविधाओं का हवाला देते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को सक्रिय कर रहे हैं। ऐसे में नेताओं के फोन लगातार स्वास्थ्य विभाग में आ रहे हैं। जहां अटैचमेंट के खेल को खत्म करने की बात की जा रही है। इसे लेकर अब स्वास्थ्य अधिकारी तक परेशान होने लगे हैं। वहीं इन सबके बीच सेटिंग कर अटैचमेंट प्राप्त करने वाले कर्मचारी भी दहशत में आ गए हैं, क्योंकि अब उन्हें फिर से मूल जगह पर काम करना पड़ सकता है।

## संपादकीय

### बदलते मौसम के ऐहतियात

*अनुमानों के मुताबिक मंगलवार की सुबह से ही प्रदेश के ज्यादातर जिलों में या तो लगातार बारिश हो रही है या बादल छाये हुए हैं। तापमान काफी कम हो गया है और अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि अभी अगले एक-दो दिनों तक मौसम कुछ इसी तरह का रहेगा। बताया तो यह भी गया है कि जैसे ही बादल छटेंगे, ठंड और भी बढ़ जायेगी। यानी सर्दियों की विधिवत शुरुआत हो जायेगी। छत्तीसगढ़ के वे इलाके जो वैसे भी ठंडे रहते हैं, वहां अभी से कड़कड़ाने वाली ठंड का माहौल बनने लगा है। इसका कारण है बारिश का होते रहना।*

*यह बेमौसम बरसात कुछ नयी चिंताएं लेकर आई है। प्रमुख चिंता है धान को बचाने की। वैसे तो 1 नवम्बर से ही शासकीय खरीदी का प्रारम्भ हो चुका है लेकिन इस समय लोगों ने ज्यादा धान अब तक इसलिये नहीं बेचा है क्योंकि वे 7 व 17 नवम्बर को प्रदेश विधानसभा के लिये हुए मतदान के परिणामों का इंतज़ार कर रहे हैं जो 3 दिसम्बर को घोषित होंगे। दोनों प्रमुख राजनैतिक दल यानी सत्तारुढ़ कांग्रेस व विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्यों का ऐलान किया हुआ है। सत्ता में लौटने पर कांग्रेस 32 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदेगी तो भाजपा का वादा 31 रुपए का है। वर्तमान दर से 45 से 55 रु. प्रति क्वि. लाभ उन्हें होगा इसलिये किसान धान को रोके हुए हैं और नयी सरकार का इंतज़ार कर रहे हैं। सवा लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले अभी तक केवल 12 लाख मी. टन धान ही राज्य भर में खरीदा जा सका है।*

*ऐसे में बारिश के कारण उन लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है जिन्होंने अभी तक धान की कटाई नहीं की है। देखना होगा कि उनका नुकसान तो नहीं होता। उपार्जन केन्द्रों में रखे धान को बरसात से बचाने के लिये आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिये हैं। उन्होंने खरीदे गये धान को ठीक से ढंकने और निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। सीएम ने सभी जिला कलेक्टरों को उपार्जन केन्द्रों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने के लिये भी कहा है।*

*ऐसे मौसम में दूसरी बड़ी चिंता स्वास्थ्य को लेकर की जानी चाहिये। अचानक बदलने वाले मौसम में बीपी, हृदय रोग, अस्थमा, श्वांस, एलर्जी आदि से संबंधित बीमारियों से ग्रस्त लोगों को अधिक तकलीफ होती है। इस मौसम में बुजुर्गों व बच्चों का भी खास ख्याल रखना चाहिये। कोशिश तो यही हो कि उन्हें घरों से बाहर न निकलने दिया जाये। उन्हें गर्म कपड़े पहनाकर और उनके सिर व कानों को ठीक से ढंककर रखना चाहिये। जिन्हें सर्दी-खांसी जल्दी होती है, वे विशेष सावधानी बरतें। आवश्यकतानुसार चिकित्सकों की तत्काल सलाह लेनी चाहिये।*

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 दिसम्बर तक

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु )। जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, वे 30 दिसम्बर 2023 तक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। इसी प्रकार ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर से 20 जनवरी 2024 तक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर से 24 जनवरी 2024 तक है। यह पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति जिले में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेजों, आईटीआई, पालीटेक्निक के विद्यार्थियों के लिए है। शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर की जा रही है। निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा एवं ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक अथवा सेक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगें।

## सार-संक्षेप



### महिलाओं ने स्कूली बच्चों को सुनाई छत्तीसगढ़ी कहानियां

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु )। सरकारी स्कूलों में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया। स्कूल में इस दौरान बच्चों की माताएं भी स्कूल पहुंची। इस बीच महिलाओं ने बच्चों को छत्तीसगढ़ी कहानी सहित मुहावरा और जसगीत गाकर भी सुनाई।

इसके साथ ही बच्चों को छत्तीसगढ़ी भाषा व संस्कृति के महत्व के बारे में जानकारी दी। अपने भाषा को स्कूल में सुन बच्चों ने भी खूब आनंद उठाया। छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला परसदा में स्कूल के बच्चों के पालको सहित उनके दादी, नानी व माताओं को आमंत्रित किया गया।

इस दौरान स्कूल में पहुंची महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी भाषा कहानी, जस गीत, जनउला के बारे में बच्चों को बताई। जिसे बच्चे बहुत ही ध्यान पूर्वक व आनंद के साथ सुनते रहे। पालकों ने भी छत्तीसगढ़ी पर्व जैसे छेरछेरा तिहार, हरेली पर्व की कहानियों को बड़ें रोचक ढंग से बताया। इस कार्यक्रम का संचालन शाला की शिक्षिका उषा कोरी ने की। कार्यक्रम में शाला की प्रधान पाठक रश्मि पांडेय सहित शाला के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन 16 तक

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु )। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी 16 दिसम्बर 2023 शाम 5 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 21 जनवरी 2024 को आयोजित की जाएगी। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की अधिकारिक वेबसाईट पर किये जा सकते है। आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए एनटीए की अधिकारिक वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा किया जाएगा।

### डीईओ ने अनुकम्पा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु )। जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदन के छानबीन के क्रम में एक सप्ताह में आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल एक आवेदिका ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया हैं।

डीईओ ने बताया कि तखतपुर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उस्लापुर में भृत्य के पद पर कार्यरत स्व. श्री विमल कुमार आदिले के परिवार से उनकी पत्नी श्रीमती अमरौतिन बाई आदिले ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है।आमजनों की जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवार में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे 7 दिवस के भीतर पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित कक्ष क्र. 25, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के जरिए जानकारी दे सकते हैं ताकि नियमानुसार पात्र व्यक्ति को ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जा सके।

## दुष्कर्म के आरोपित युवक को 20 साल की सजा

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु )। जान से मारने की धमकी देकर युवती से जबरदस्ती एक साल से दुष्कर्म करने वाले आरोपित युवक को जिला एवं सत्र न्यायालय ने 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी को एक हजार रुपये अर्थदंड जमा करने का आदेश दिया है। सुनवाई के बाद आरोपित युवक को जेल भेज दिया गया। मामला 29 मई 2022 की रात आठ बजे का है, जहां पीड़िता अपने घर के बाहर टहल रही थी।




इस दौरान चकरभाठा थाना क्षेत्र के ग्राम छतौना निवासी आरोपित घासीराम धुरी (20) आया और जबरदस्ती पीड़िता की हाथ पकड़कर खींचते हुए घर के पीछे तरफ ले गया। इस बीच पीड़िता ने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपी युवक ने उसके मुंह को दबा दिया और जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपित घासीराम ने युवती को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया।

डर के कारण पीड़िता चुप रहती थी। 30 मई की सुबह उन्होंने अपने स्वजन को घटना के बारे में जानकारी दी। छह जून 2022 को स्वजन ने चकरभाठा थाना में अपराध दर्ज कराया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सितंबर 2021 से आरोपित घासीराम जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा है और किसी को बताने पर स्वजन की हत्या करने की धमकी देता था।

जिसके चलते पीड़िता शांत रहती थी। चकरभाठा पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपित घासीराम धुरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपित घासीराम धुरी को 20 साल की कठोर कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना का दिया गया सघन प्रशिक्षण

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु )। मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना का सघन प्रशिक्षण जिला प्रशासन द्वारा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण की उपस्थिति में जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना कार्य का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि मतगणना का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना का कार्य करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को अच्छे से आत्मसात करते हुए आयोग के निर्देशानुसार ही मतगणना का कार्य संपादित करने कहा। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के तहत कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में मतगणना का कार्य 3 दिसम्बर को किया जाएगा।



प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री एमटी आलम ने बताया कि पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबी की गणना पहले की जाएगी। डाकमत पत्रों की गणना 17 टेबलों में की जाएगी। इनकी गणना रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की मौजूदगी में मतगणना सुपरवाईजर, सहायक मतगणना सुपरवाईजर द्वारा की जाएगी। कर्मचारियों को मतगणना के प्रत्येक चरण की जानकारी चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न प्रपत्रों में देनी होगी। विधानसभावार 14 टेबलों में मतगणना का कार्य किया जाएगा। प्रत्येक टेबल में चार कर्मचारी मतगणना सुपरवाईजर, गणना सहायक, माइक्रो ऑब्जर्वर सहित एक भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। ऑब्जर्वर एवं रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में मतगणना का कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण में कंट्रोल यूनिट से रिजल्ट की गणना संबंधी जानकारी विस्तार से दी गई। ईव्हीएम से गणना संपन्न होने के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 व्हीव्हीपैट मशीनों से पर्ची की गणना की जाएगी। रैण्डमली आधार पर व्हीव्हीपैट मशीनों का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण में मतगणना कार्य की बारीकी से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं मतगणना प्रक्रिया से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जीवन उत्सव पालिसी की अखिल भारतीय स्तर पर आज लांचिंग

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु )। भारतीय जीवन बीमा निगम ने देश में आम जनता के लिए बहुत ही आकर्षक बीमा योजना लांच की है जिसका नाम जीवन उत्सव है।




जीवन भर के लिए गारंटीड बीमा जीवन उत्सव जीवन भर आपके साथ। बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक एस. के. मालवी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बीमा योजना में 18 वर्ष की आयु से लेकर जीवन भर के लिए गारंटीड आय। प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान मूल बीमा राशि पर 40 रुपये प्रति 1000 गारंटीड अडीशन 5.50 प्रतिशत प्रति वर्ष चक्रवृद्धि के आकर्षक ब्याज पर आय को स्थगित करने और जमा करने का विकल्प। 75 प्रतिशत प्रति वर्ष तक स्थगित आय को वापस लेने में लचीलापन। पहली आय शुरू होने से 6 महीने पहले कभी भी विकल्प बदला जा सकता है। ऋण के माध्यम से अतिरिक्त तरलता प्रीमियम भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष तक, कम प्रीमियम भुगतान अवधि की लंबित मांग अब पूरी हुई ।व्यापक आयु सीमा, 90 दिन से 65 वर्ष के बीच।

वैकल्पिक राईडर की अवधि 35 वर्ष की अवधि तक अथवा 75 वर्ष की उम्र, जो भी अधिक हो तक उप्लब्ध। उच्च बीमा राशि पर आकर्षक छूट।

## शोटोकान कराटे चैम्पियनशिप में शहर के दो खिलाड़ीयों को स्वर्ण पदक

### एक को रजत और दो को कांस्य पदक

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु )। अत्यंत हर्ष की बात हैं कि हमारे बिलासपुर शहर के 05 कराटे खिलाड़ीयों का चयन अंतराष्ट्रीय शोटोकान कराटे चैम्पियनशिप के लिए हुआ था।

इस अंतराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन स्थान- चिकालिम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स वास्को (गोवा) मे 26 नवंबर को संपन्न हुआ जिसमे लगभग 700 खिलाड़ीयों ने भाग लिया शहर के खिलाड़ीयों ने कढ़ी मेहनत कर 05 मैडल पर कब्जा जमाया खिलाड़ीयों के नाम और पदक-01-प्रिया लक्ष्मी चतुर्वेदी,(स्वर्ण पदक)02-आस्था सोनी(स्वर्ण पदक)03- कोमल वाशिंग (रजत पदक),04-मनीषा भार्गव(कांस्य पदक)05-महक शर्मा(कांस्य पदक)पर रही इस टीम का नेतृत्व-दीपक घाड़गे ने किया जो की शोटोकान कराटे डू एसोशियेशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष है एवं महिला कोच-श्रीमति मंजूलेखा घाड़गे भी इस प्रतियोगिता में साथ रही।



## सार-संक्षेप

### सेवा कार्य से बड़ा कोई धर्म व कार्य नहीं है- मनीष



**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। मारवाड़ी युवा मंच का प्रदेश अध्यक्ष बनने के पश्चात मनीष अग्रवाल प्रथम प्रवास पर कोरबा पहुंचे। वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। कोरबा दौरा में पूर्व राष्ट्रीय संयोजक नीरज अग्रवाल, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक उद्यमिता एवं विकास अंजय अग्रवाल एवं दर्री जमनीपाली शाखा के उपाध्यक्ष अरुण केडिया का स्वागत किया गया। शाखा से अध्यक्ष प्रियम, सचिव विकास मित्तल, कोषाध्यक्ष आयुष अग्रवाल, कोरबा शाखा के पूर्व अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, गर्वित सिंघल, मोहित सिंघल, महिला जागृति शाखा से राष्ट्रीय संयोजक कविता सोनी, पूर्वाध्यक्ष सरिता बंसल, शाखाध्यक्ष पूजा गोयल एवं अन्य जागृति शाखा के सदस्यों के उपस्तिथि में स्वागत और आमसभा का आयोजन हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने पूर्व के कार्यों के लिए बधाई देते हुए आगामी कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी।

इसी कड़ी में कटघोरा पहुंचने पर अग्रसेन भवन के सभागार में प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अंजय अग्रवाल, पीयूष गर्ग, अजय धनोंदिया,अरुण केडिया मंचस्थ रहे। श्री अग्रवाल ने मारवाड़ी युवा मंच एवं नवचेतना महिला शाखा के द्वारा किये गए सेवा कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि निश्चित ही समय-समय पर हर व्यक्ति को सेवा के कार्य करते रहना चाहिए क्योंकि आपके द्वारा किये गए सेवा कार्य से किसी परेशान व्यक्ति की परेशानी दूर हो सकती है। किसी के बिगड़े कार्य बन सकते हैं क्योंकि सेवा कार्य से बड़ा कोई धर्म व कार्य नहीं है। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल ने करीब 40 हजार रुपये की आटोमेटिक आक्सीजन मशीन कटघोरा संस्था को भेंट करते हुए बताया कि कटघोरा शाखा के द्वारा इसका संचालन पूरी तरह से निन्शुल्क किया जाएगा जिसका आसपास के ग्रामीणों के साथ ही नगरवासी भी लाभ ले सकेंगे। इस अवसर पर अजय गर्ग, अमन गोयल, अंकुश अग्रवाल, संजय मित्तल, श्रीमती अनुष्का मित्तल, श्रीमती शीतल मित्तल, श्रीमती प्रियंका बंसल, श्रीमती दुर्गा अग्रवाल, श्रीमती एकता सिंघल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय सहायक मंत्री पीयूष गर्ग ने किया।

### गांजा की अवैध बिक्री में संलिप्त युवक-युवती गिरफ्तार

**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। दर्री पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक-युवती को गिरफ्तार किया है। ये दोनों गांजा की अवैध बिक्री काम में संलिप्त पाये गए।

जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रगति नगर की रोशनी दुबे पिता मनोज दुबे 20 वर्ष अपने साथी अभय कुमार यादव पिता संतोष यादव 24 वर्ष निवासी ठाकुरपारा बलौदा, जांजगीर-चांपा के साथ मिलकर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा अपने घर में रखकर बिक्री करते हैं। सूचना उपरांत पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला को अवगत कराते हुए दर्री थाना और सायबर सेल की टीम ने प्रगति नगर में दुर्गा मंदिर के पास रोशनी के घर की घेराबंदी की। हिरासत में लेकर पूछताछ में इन्होंने गांजा की बिक्री करना स्वीकार किया और निशानदेही पर 3 किलो 248 ग्राम गांजा कीमती लगभग 40 हजार रुपए बरामद कर जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### चोरी के 16 मोटर सायकल बरामद चार आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। विभिन्न इलाकों से मोटर सायकलों की हो रही चोरी के मामलों में दीपका व कटघोरा पुलिस ने कुल 4 चोरों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से व निशानदेही पर 16 मोटरसायकल बरामद किए हैं।

दीपका पुलिस के द्वारा आरोपियों दुर्गेश चौहान पिता पुचम लाल चौहान 20 वर्ष निवासी ग्राम केशला हरदीबजार, ओम प्रकाश पैकरा पिता विश्राम सिंह पैकरा 23 वर्ष साकिन जमनीमुड़ा थाना पाली, महेश सिंह कंवर पिता प्रताप सिंह कंवर 23 वर्ष साकिन अमझर थाना कटघोरा पर कार्रवाई की गई है। इनसे मोटरसायकल बरामद कर धारा 379 भादवि एवं 41 (1-4) जाफौ के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसी तरह प्रकाश दास महंत पिता सम्पत दास 30 वर्ष निवासी बांकीमोगरा थाना बांकीमोंगरा के कब्जे से भी मोटरसायकल बरामद की गई है।

बताया गया कि 28 नवंबर को दीपका पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग के समय दीपका बजार हटरी के पास भीड़भाड इलाके में दुर्गेश चौहान एवं अपचारी (नाबालिग) बालक को मोटर सायकल खोलते हुए पकड़ा गया। पहले तो इन्होंने गोलमोल जवाब दिया लेकिन कड़ाई से पूछने पर बताया कि मोटर सायकल चोरी करने आये थे। अपने अन्य साथियों ओम प्रकाश पैकरा , महेश सिंह कंवर के साथ मिलकर जिले के अन्य स्थानों से मोटर सायकल चोरी करना बताया। इनके कब्जे से 10 मोटर सायकल बरामद किया गया। इसी क्रम में थाना कटघोरा प्रभारी निरीक्षक तेज कुमार यादव के नेतृत्व में संदेही प्रकाश दास महंत को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में प्रार्थी का नया प्लेटिना एवं एक्टिवा सीजी 10 एआर 8140 रूची आटो कटघोरा के पास से चोरी करना बताया। कटघोरा में अलग-अलग जगहों से चोरी गए मोटर सायकल सीडी 100 एसएस सीजी 12 ए 0301, सीटी 100 सीजी 12 बीए -0717 कुल 5 मोटर सायकल जप्त किया गया।

### केन्द्रीय विद्यालय में कत्थक की कार्यशाला

कोरबा, 29 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 गोपालपुर व रूट्स टू रूट्स विरसा के संयुक्त तत्वावधान में 25 नवम्बर को एक दिवसीय कत्थक की कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला के गुरु जबलपुर से आए अखिलेश पटेल थे और उनके साथ आशुतोष तिवारी ने तबला में संगत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रचार्या श्रीमती संध्या लकड़ा, विशिष्ट अतिथि वीके वर्मा थे। यह कार्यशाला रूट्स 2 रूट्स एनजीओ के द्वारा केंद्रीय विद्यालय संघठन के माध्यम से आयोजित हुआ। संगीत की अधिष्ठात्री मां शारदे के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय की प्राचार्य महोदया ने कार्यशाला हेतु पधारे गुरु अखिलेश पटेल, संगतकार आशुतोष तिवारी व रूट्स 2 रूट्स के ओर से संयोजक ओमप्रकाश पाठक का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अखिलेश पटेल ने अपने प्रस्तुति के अंतर्गत सर्वप्रथम वल्लभाचार्य रचित मधुराष्टकम में कृष्ण वंदना प्रस्तुत कर सबको मनमोहित किया। विद्यार्थियों को भारत में प्रचलित शास्त्रीय नृत्य कथक, भरतनाट्यम, कथकली, मोहनीअट्टम आदि का परिचय दिया। कथक के कलापक्ष लय, ताल, सम, ताली, खाली, तिहाई, तत्कार आदि के बारे में बच्चों को बताते हुए तत्कार की प्रस्तुति दी और बच्चों को मंच पर बुलाकर सिखाया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती एस्तर कुमार पीजीटी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य, संगीत शिक्षिका ईश्वरी व समस्त शिक्षकों का योगदान रहा।

# दंतैल की मौत के मामले में जेई पर पीओआर दर्ज किया वन विभाग ने

### विद्युत विभाग ने नहीं बरती पर्याप्त सतर्कता, जिससे हाथी की जान गई



**कोरबा-कटघोरा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कटघोरा वन मंडल अंतर्गत पसान वन परिक्षेत्र के तनेरा सर्किल के ग्राम पनगवां के बैगापार खंजर पहाड़ के जंगल से गुजरने के दौरान करंट की चपेट में आकर लोनर दंतैल हाथी की मौत के मामले में आखिरकार कार्रवाई हुई है। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत विद्युत विभाग के उप अभियंता (जेई) के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के लिए पीओआर (अभियोजन अपराध रिपोर्ट) दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

बता दें कि 26-27 नवंबर के मध्य पसान वन परिक्षेत्र के अंतर्गत जंगल में लोनर दंतैल हाथी की मौत 11 केव्ही क्षमता के तार के संपर्क में आकर हुई है। जिस रास्ते से दंतैल गुजर रहा था, उस मार्ग में कम ऊंचाई पर करंट प्रवाहित तार खींचा गया है। विद्युत वितरण विभाग के द्वारा खिंचवाए गए इस तार की ऊंचाई को और बढ़ाये जाने के लिए वन विभाग की ओर से पत्र व्यवहार किए गए लेकिन इसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया। इस हादसे के बाद अब वन मंडल क्षेत्र के जंगलों से होकर गुजारे गए विद्युत तारों की कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया जा रहा है। वन विभाग और विद्युत वितरण विभाग के द्वारा इसे युद्ध स्तर पर किया जा रहा है ताकि भविष्य में फिर कोई बेजुबान अथवा इंसान इस तरह के हादसे का शिकार न हो सकें।

इधर दूसरी ओर दंतैल हाथी की करंट से मौत के मामले में विद्युत वितरण विभाग पर जिम्मेदारी तय करते हुए उसके द्वारा असतर्कतापूर्ण किए गए कार्य के कारण हाथी की मौत होना प्रारंभिक जांच में पाया गया है। इसके लिए इस अपराध के लिए वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 51, 52 के तहत बांगो क्षेत्र के उप अभियंता विद्युत वितरण विभाग योगेश श्रीवास के विरुद्ध पीओआर दर्ज कर लिया गया है। डिप्टी रेंजर की रिपोर्ट पर वन विभाग ने यह पीओआर दर्ज किया है। वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और घटना के लिए जो भी जिम्मेदार पाये जाएंगे, उन्हें भी इस मामले में आगामी दिनों में आरोपी बनाया जाएगा।

# प्रेमिका की हत्या से पहले दुष्कर्म, मारने के बाद 15 लाख की फिरौती मांगा

### दो माह बाद कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे सभी 5 आरोपी तो पुलिस ने गिरफ्तार किया

**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। पांच साल से लापता सलमा सुल्ताना की मर्डर मिस्ट्री को अभी लोग जेहन से भुला नहीं पाए हैं कि कुछ इसी तरह मिलता-जुलता एक और मामला उजागर हुआ है। दो माह पहले लापता हुई युवती को लौटाने के एवज में 15 लाख रूपये की फिरौती मांगने की शिकायत पर पुलिस अपनी विवेचना कर रही थी तो दूसरी तरफ युवती के साथ किए गए सुनियोजित वारदात के आरोपियों ने दो माह बाद जब न्यायालय में सरेंडर किया तब इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। युवती के लापता, हत्या होने और आरोपियों के सरेंडर की तारीख एक ही है।

जानकारी के अनुसार बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी कृष्णा विश्वकर्मा की पुत्री संतोषी विश्वकर्मा 28 सितंबर को सुबह लगभग 8 बजे सिलाई मशीन का काम सीखने कोरबा जाने के नाम पर घर से निकली थी। वह 30 सितंबर तक वापस घर नहीं लौटी तो पिता ने थाना में सूचना दी। गुम इंसान कायम कर पतासाजी की जा रही थी कि इस बीच कृष्णा के मोबाईल नंबर पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन कर संतोषी को किडनैप कर लेने और 15 लाख रूपये बताये हुये जगह पर लाकर देने की मांग की गई। बेटी का अपहरण कर फिरौती मांगने के संबंध में पिता ने एसपी कार्यालय आकर आवेदन दिया।

इस पर धारा 364 (क), 365 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना के दौरान पतासाजी हेतु पुलिस टीम ने पाली, पोड़ी, रतनपुर, सकरी बिलासपुर में दबिश दी।

### साथ रहने के लिए दबाव डालने पर हत्या, साथियों के साथ मिलकर दफनाया



### कोर्ट में सरेन्डर करने पहुंचे तब पुलिस के हाथ लगे

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि फिरौती मांगने वाले की तलाश के लिए जगह-जगह दबिश देने पर आरोपी ठिकाना बदल कर लुक-छिप रहे थे। युवती और आरोपियों की तलाश के दौरान ही 28 नवंबर को कटघोरा न्यायालय में उक्त मामले के आरोपियों द्वारा आत्मसमर्पण करने की जानकारी पुलिस को हुई। इसके बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर पांचों आरोपियों को न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया। पूछताछ में मुख्य आरोपी सोनू लाल साहू ने बताया कि संतोषी से वह प्रेम करता था। वह साथ रहने के लिए बार-बार दबाव बना रही थी लेकिन सोनू स्वयं विवाहित होने के कारण उसे साथ रखना नहीं चाहता था।

### जंगल में गला घोंटा, 1 लाख रुपए में दफनाने का सौदा

पूछताछ में मुख्य आरोपी सोनू ने बताया कि 28 सितंबर को युवती घर में झूठ बोलकर उससे मिलने के लिए ग्राम पोड़ी आई थी। गांव के बाहर केराझरिया के जंगल में दोनों की मुलाकात हुई। साथ में अन्य आरोपी जीवा राव भी था। युवती से दोनों ने जंगल में ही संबंध स्थापित किया और इसके बाद बातचीत में जब युवती ने साथ रहने की जिद की तो आवेश में आकर गला दबाकर मार डाला। जंगल में ही उसे मृत छोड़कर सोनू और जीवा गांव की ओर आए और संदीप भोई, विरेन्द्र भोई, सुरेन्द्र भोई के साथ शराब का सेवन किया। सोनू ने उपरोक्त लोगों से एक काम करने के एवज में 1 लाख रुपए देने की बात कही और फिर सभी जंगल पहुंचे जहां युवती के शव को गड्ढा खोदकर दफन किया गया। इसके बाद सोनू ने फिरौती मांगने का षड़यंत्र रचा था।

### निशानदेही पर शव और औजार बरामद

पाली थाना क्षेत्र के केराझरिया जंगल में घटनास्थल से पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर युवती का शव बरामद किया। कार्यपालिक दण्डाधिकारी की अनुमति और उपस्थिति में खुदाई कर दफन किए गए शव को बाहर निकलवाया गया। शव की पहचान परिजनों के द्वारा संतोषी के रूप में की गई। आरोपियों से गड्ढा खोदने में प्रयुक्त गैती, फावड़ा और अन्य वस्तुओं को भी बरामद कर जप्त कराया। इस पूरे मामले में आरोपियों संदीप भोई पिता पंचराम भोई 21 वर्ष, विरेन्द्र भोई पिता महेशराम भोई 19 वर्ष, सुरेन्द्र भोई पिता महेशराम भोई 21 वर्ष, जीवा राव जाधव पिता कृष्णा राव जाधव 19 वर्ष सभी निवासी सलिहाभांठा पोड़ी थाना पाली, सोनू लाल साहू पिता रामेश्वर साहू 27 वर्ष निवासी बनिहार मोहल्ला के विरुद्ध धारा 364 (क), 365, 32, 21, 12 बी, 376 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। पूरे मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चंद्र नागर, एसआई महासिंह ध्रुवे, एएसआई सुकलाल सिदार, प्रधान आरक्षक विरेन्द्र कुमार, आरक्षक गजेन्द्र बिंझवार, अनिल पोर्ते, पुरंजन साहू की अहम भूमिका रही।

# चिकित्सक से मारपीट करने वाली मितानिन पर जुर्म दर्ज

**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ अभद्रता और मारपीट करने वाली मितानिन के विरुद्ध जांच उपरांत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

गौरतलब है कि जिला अस्पताल में यह घटनाक्रम 26 नवंबर को घटित हुआ था। ग्राम कुदुरमाल की मितानिन उमा यादव गांव की महिला को प्रसव के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी। यहां प्रसव कक्ष में जिला अस्पताल में पदस्थ सीनियर रेसिडेन्ट डॉ. शीला वर्मा पति राकेश कुमार वर्मा प्रसूति रोग विशेषज्ञ के द्वारा शाम करीब 6ः30 बजे लेबर रूम में मरीज श्रीमती अंजली यादव का प्रसव उपरांत जांच किया जा रहा था। इस दौरान मरीज के द्वारा पहने गए कपड़े को ढीला करने के लिए कहा गया, जिस पर मितानिन ने ऐसा करने से मना कर दिया। चिकित्सक ने कहा कि मरीज के रिश्तेदार होकर मदद क्यों नहीं कर रहे तब उसने बताया कि वह मितानिन है। चिकित्सक ने कहा कि मितानिन प्रसूता के सहयोगी होते हैं और सहायता नहीं कर सकते तो मरीज के परिजन को भीतर भेज दें। मितानिन बाहर न जाकर विरोध करते हुए वीडियो बनाने लगी। लेबर रूम में मरीज की जांच करते हुए चिकित्सक का वीडियो बनाने से मना करने के साथ ही मोबाइल को चिकित्सक ने हटाया तब मितानिन ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट किया और शासकीय कार्य में बाधा भी पहुंचाया जिससे अन्य मरीजों के इलाज में विलंब भी हुआ। मौजूद स्टाफ व अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मितानिन को कमरे से बाहर निकाला। डॉ. शीला वर्मा ने इस घटनाक्रम की लिखित शिकायत सिविल लाइन थाना में की थी जिस पर जांच उपरांत मितानिन उमा यादव के विरुद्ध धारा 294, 223 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### माफी मांगने गया तो मारपीट कर खून बहाया

कोरबा-कुसमुंडा, 29 नवंबर (देशबन्धु)। अपने किये कार्य पर शर्मिंदा होकर जब ग्रामीण माफी मांगने के लिए गया तो उसके साथ विवाद कर मारपीट की गई। मामला कुसमुंडा थाना अंतर्गत धरमपुर गेवरा बस्ती का है। कृष्णानंद निर्मलकर रोजी-मजदूरी का काम करता है। 26 नवंबर को रात 7-8 बजे के मध्य वह घूम-फिरकर घर लौट रहा था कि भोला गैरेज के पास राजू उर्फ ओमप्रकाश चौहान से धरमपुर में टकरा गया। राजू ने गाली दिया तो कृष्णानंद ने दो थप्पड़ मार दिया। कुछ देर बाद कृष्णानंद राजू से माफी मांगने के लिए उसके घर धरमपुर बस्ती गया तब राजू ने गाली-गलौज कर जान की धमकी देते हुए अपने हाथ में पहने चूड़ा से सिर में मारा तो सिर फट गया और दाहिने हाथ की उंगली में चोट आई। कृष्णानंद की रिपोर्ट पर राजू उर्फ ओमप्रकाश के विरुद्ध धारा 294, 323, 56 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

# ट्रेलर की ठोकर से महिला शिक्षाकर्मी की मौत

**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। तेज रफ्तार से चलने वाले भारी वाहनों के कारण आये दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। इन हादसों में जान जा रही है तो कई लोग दिव्यांगता के शिकार हो रहे हैं। इन सबके बावजूद भारी वाहनों की रफतार पर नियंत्रण के लिए परिवहन विभाग, उड़नदस्ता, पुलिस अमला अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। परिवहन और उड़नदस्ता तो लगभग निष्क्रिय हैं, जिसके कारण सड़कों पर ओवरलोड वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है और परिवहन नियमों की अनदेखी भी हो रही है।



ऐसे ही राखड़ से भरी तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से महिला शिक्षाकर्मी की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झगरहा मुख्य मार्ग में घटित हुई। बताया गया कि 29 वर्षीय रोशनी बंजारे ग्राम बुंदेली स्थित प्राथमिक शाला स्कूल में पदस्थ थी। बालको निवासी रोशनी बंजारे अपनी ड्यूटी खत्म कर बुंदेली से वापस घर लौट रही थी कि झगरहा मुख्य मार्ग में राखड़ से भरी ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में शिक्षाकर्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। हादसे की जानकारी मृतका के परिजनों को दी गई जो दौड़े-भागे पहले घटनास्थल और फिर अस्पताल पहुंचे। सूचना उपरांत घटनास्थल पहुंची सिविल लाइन पुलिस ने शव को पंचनामा बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

### बेलगाम राखड़ परिवहन पर लगाएं अंकुश-लखनलाल

बेलगाम राखड़ परिवहन से आए दिन हो रहे हादसों से कई जानें जा चुकी हैं। इसके बाद भी जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पूर्व संसदीय सचिव लखनलाल देवांगन ने मांग की है राखड़ परिवहन के लिए व्यापक तौर पर गाइडलाइन बनाने की जरुरत है। अभी 24 घण्टे परिवहन हो रहा है इसे रात के समय ही परिवहन शुरु करने की मांग उन्होंने की है। श्री देवांगन ने कहा है कि राखड़ परिवहन को जिस तरह छूट दी जा रही है, उससे आम लोग भेड़-बकरियों की तरह रौंदे जा रहे हैं। सड़क हादसे में शिक्षिका रोशनी बंजारे के निधन पर लखनलाल देवांगन ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# हाथियों ने तोड़-फोड़ कर अनाज चट किया, सामानों को पहुंचाया नुकसान

### आधी रात घर से भाग कर ग्रामीण ने बचाई जान



**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कटघोरा वन मंडल के जंगलों में लगभग 60 हाथियों के झुंड में से 12 हाथियों ने भदरा झिनपुरी में 27-28 नवंबर की रात जमकर उत्पात मचाया। 28 नवंबर को तड़के 4 बजे हाथियों के दल ने टुकड़ी में बगबुड़ी की तरफ से आकर ग्रामीण रामसिंह गोंड़ पिता चरण सिंह गोंड़ 41 वर्ष के मिट्टी के मकान को नुकसान पहुंचाया। रामसिंह के मकान को पूरी तरह से तोड़फोड़ कर घर में रखे राशन सामान, बर्तन, सायकल, खाट एवं कपड़ा आदि को क्षति पहुंचाया। जिस वक्त हाथी यहां पहुंचे, राम सिंह घर में पांच सदस्यों के साथ सो रहा था। अचानक हाथियों की आहट और तोड़-फोड़ की आवाज आने पर वह नींद से जागा और परिजनों को जगाते हुए हाथियों की नजरों से बचकर किसी तरह बाहर निकलकर जान बचाया। उसने पास में ही रिश्तेदार के घर जाकर परिजनों के साथ शरण ली। रामसिंह के यहां हुए नुकसान का आंकलन वन कर्मी के द्वारा किया जाकर पंचनामा बनाया गया। हाथियों के उत्पात से 26 नग बर्तन, 4 खाट, 2 सायकल, 25 बोरी धान, 2 बोरी चावल, 2 बोरी मक्का, 3 बोरी बाजरा, 1 बोरी उड़द और 1 बोरी अरहर का नुकसान उठाना पड़ा है। विभाग द्वारा नुकसानी का आंकलन किए जाने पश्चात मुआवजा प्रकरण तैयार कर राहत देने का कार्य पीड़ित परिवार को किया जाएगा।

# ट्रेजरी में रखे बैलेट मतपत्र पर गड़बड़ी की आशंका जताई

### स्ट्रांग रूम में शिफ्ट करने भाजपा जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा,** 28 नवंबर (देशबन्धु)। जिला भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारी के अलावा 80+ आयु वाले और दिव्यांगजनों से कराए गए बैलेट पेपर से मतदान के साथ छेड़छाड़ की आशंका जताई है। जिले के चारों विधानसभा



के बीजेपी प्रत्याशियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से बैलेट पेपर मतपत्र को ट्रेजरी से स्ट्रांग रूम में शिफ्ट करने और उसकी सुरक्षा को चाक-चौबंद करने ज्ञापन सौंपा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने शंका जाहिर करते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ से शिकायतें मिल रही है कि जिस ट्रेजरी में चुनाव ड्यूटी किए अधिकारी-कर्मचारी और 80+आयु वाले सहित दिव्यांगजनों द्वारा डाले गए बैलेट पेपर मतपत्र रखे गए हैं वहां अनाधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही हो रही है। इसके चलते मतपत्रों में हेराफेरी की प्रबल संभावना है। जिसको रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है की सुरक्षा की दृष्टि से बैलेट पेपर मतपत्र को ट्रेजरी से निकालकर स्ट्रांग रूम में रखा जाए, साथ ही सुरक्षा को भी बढ़ाया जाए। 17 नवंबर को मतदान से पहले जिले में निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारी, 80+ आयु और दिव्यांगजनों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने बैलेट पेपर से मतदान कराने की व्यवस्था की थी। उन मतपत्रों को जिला मुख्यालय के ट्रेजरी में रखा गया है। इनकी भी गिनती 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान की जाएगी। इसी बैलेट पेपर मतपत्र के रखरखाव को लेकर भाजपा नेता अब सवाल उठाने लगे हैं।

## सार-संक्षेप

### नेता प्रतिपक्ष ने कपड़ा दान करने के लिए लोगों से की अपील



**कोरिया** 29 नवंबर (देशबन्धु) ।बैकुंठपुर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने पालिका क्षेत्र लोगों से मार्मिक अपील करते हुए कहा कि ठंड से बचने के लिए सहयोग की आवश्यकता है जिसको ध्यान में रखते हुए नगर पालिका क्षेत्र में निवास रत गरीब तपके के लोगों के लिए आगे जाकर सहयोग करने की अपील की है जिससे इस कड़ाके की ठंड में आम जनजीवन भी काफी हद तक प्रभावित होता दिख रहा है. इस ठिठुरन वाली ठंड में कुछ लोगों के जीवन पर ही संकट बन जाता है. खासतौर पर उन लोगों के लिए यह समय काफी चुनौतीपूर्ण होता है, जिनकी आर्थिक स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं होती यानी जो लोग अपने लिए खाने-पहनने तक का इंतजाम नहीं कर पाते. उनके लिए ठंड अनेक मुश्किलों को साथ लेकर आता है. नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने शहर के गाणमान नागरिकों से की है अपील आप सभी के सहयोग से जरूरतमंदों को बिना रुपये खर्च किए पहनने के लिए कपड़े मिल जाते जिससे उनको इस ठंड में थोड़ी राहत मिलती . ठंड बढ़ने के साथ ही लोगों को गर्म कपड़ों की पर्याप्त मात्रा में आवश्यकता होती है, लेकिन बहुत से ऐसे लोग होते हैं, जिन्हें यह कपड़े भी उपलब्ध नहीं हो पाते जरूरतमंदों के लिए हर जगह जनप्रतिनिधियों समाज सेवी संगठनों के द्वारा ऐसी पहल होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने बताया कि हमारे घरों में बहुत से ऐसे कपड़े रहते हैं जो घर में रखे हुए हैं उन गर्म कपड़ों कि हमें जरूरत नहीं होती है पहनने के लिए अधिक कपड़े होते हैं या जिनकी आवश्यकता नहीं होती, वह हमें फोनकर मेरे मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं हम आएंगे कपड़ा लेने आपके द्वारा या जरूरतमंदों को जाकर स्वयं अपने हाथों से दे एक खुशी और अनुभूति प्राप्त होती है मदद कर के. अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा कि हमेशा लोगों की मदद करते रहना चाहिए।

### मतगणना स्थल पर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल डिवाइस वर्जित

**सूरजपुर** 29 नवंबर (देशबन्धु)। दिसंबर मतगणना तिथि पर मतगणना स्थल पर पहुंचने वाले सभी संबंधितों के लिए कुछ आवश्यक दिशा निर्देश निर्धारित किये गए हैं। जिसमें मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किये गए पहचान पत्र व्यक्ति विशेष के पास होना आवश्यक है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा कर्मियों की तलाशी के पश्चात ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही मतगणना गणना केंद्र पर मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप, कैलकुलेटर, पेन व अन्य प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल डिवाइस पूर्ण रूप से वर्जित हैं।

### मतगणना केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था

**सूरजपुर** 29 नवंबर (देशबन्धु)। मतगणना केन्द्र एवं उसके आसपास तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। मतगणना केन्द्र के 100 मीटर की परिधि का क्षेत्र पैदल यात्रा रहेगा। जिसमें वाहन ले जाना निषेध है। सुरक्षा घेरे के बाहरी स्तर से ही सबको सघन चेकिंग से गुजरना होगा। डोर युक्त मेटल डिटेक्टर से भी जॉच की जाएगी। इसके साथ ही परिचय पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री जैसे - मोबाइल, इलेक्ट्रानिक डिवाइस, पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटका, माचिस इत्यादि भी मतगणना स्थल पर वर्जित रहेगा। फोटो युक्त परिचय पत्र धारण करना आवश्यक है। बिना फोटो पहचान पत्र के मतगणना हाल में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

### गोदाम में बिना अनुमति रखे गये 213 क्विंटल धान जब्त



**मनेन्द्रगढ़** 29 नवंबर (देशबन्धु) ।आज कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशानुसार खाद्य अधिकारी संजय कुमार ठाकुर, जिला विपणन अधिकारी सुश्री विनीता चौरसे तहसीलदार श्रीकांत पांडे, नोडल अधिकारी आनंद सिंह एवं सहायक पंजीयक बजरंग पैकरा के द्वारा संयुक्त रूप से धान उपार्जन केंद्र बरबसपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उपार्जन केंद्र प्रभारी चंद्र प्रकाश साहू उपस्थित मिले। समिति के गोदाम में निरीक्षण करने पर पुराने गोदाम में 83 कट्टा वजन 33.2 क्विंटल पुराना सोनम धान एवं नए गोदाम में 450 कट्टा वजन 180 क्विंटल मोटा धान पाया गया । प्रभारी से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि मेरे घर में फर्श रिपेयरिंग का काम चलने के कारण मेरे स्वयं का धान गोदाम में रखा हूं एवं रिपेयरिंग होने के पश्चात धान को अपने घर ले जाऊंगा साथ ही प्रभारी ने बताया कि शासकीय गोदाम में धान रखने के संबंध में किसी उच्च अधिकारियों को मौखिक या लिखित रूप से सूचना नहीं दी गई है। उपार्जन केंद्र मे अभी तक किसी भी किसान का टोकन नहीं काटा गया है। जिससे धान खरीदी शून्य है। उक्त कारण से गोदाम में रखा गया धान को ज़ब्त कर प्रभारी की सुपुर्दगी में दिया गया है।

### गोबरसिंहा शालेय परिवार ने मनाया संविधान दिवस

**रायगढ़** 29 नवंबर (देशबन्धु)। इस बार 26 नवम्बर संविधान दिवस अवकाश दिन रविवार होने के बावजूद बड़े हर्ष उल्लास के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोबरसिंहा के शालेय परिवार के जागरूक शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सहभागी होकर जागो ,जगाओ-संविधान पढ़ाओ थीम के आधार पर बड़े हर्ष उल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता राजेंद्र चैहान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रभारी प्राचार्य भुवनेश्वर नायक सहित स्टॉफ के समस्त व्याख्याताओं ,छात्र-छात्राओं को आवाह्न कर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर सहित देश के संविधान प्रारूप समिति के महापुरुषों का पूजन वंदन कर,भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने जीवंत दस्तावेजों अर्थात भारतीय संविधान की उद्देशिका का संकल्प के साथ सामूहिक वाचन करवाया गया।

साथ ही इसी कड़ी में व्याख्याता राजेंद्र चैहान,सहसराम नौरंगे,मैडम शालिनी दुबे ने भारतीय संविधान निर्माण के मूल आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए संविधान में वर्णित मूल अधिकार एवं कार्तब्यों को व्याहारिक जीवन में परिपालन करने की विचार व्यक्त किए।

उक्त गरिमामयी कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता रमेश कुमार निषाद,सुरेंद्र कुमार साहू, हेमंती राठिया, विज्ञान सहायक चांदनी पटेल,रामकुमारी चैहान एवं विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किए ।अंत में सेव बूंदी व श्रीफल का प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम समापन किया गया।

# गम्भीरतापूर्ण ढंग से अपने दायित्वों का करें निर्वहन- कलेक्टर

- **अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सारणीकरण कार्य व सीलिंग कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों के प्रशिक्षण का हुआ आयोजन**
- **डाकमत पत्र एवं इटीपीबीएस गणना, टेबुलेशन, निर्वाचन सामग्री सीलिंग के सम्बंध में नियमों एवं महत्वपूर्ण तथ्यों के सम्बंध में दी गई जानकारी**



**अम्बिकापुर** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार की उपस्थिति में बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतगणना दिवस 3 दिसम्बर पर मतगणना कार्य हेतु अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सारणीकरण कार्य एवं सीलिंग कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री कुन्दन ने मतगणना कार्य से सम्बन्धित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को कहा कि मतगणना की प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हो। उन्होंने मतगणना कार्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने कर्तव्य का निर्वहन गम्भीरतापूर्वक ढंग से करें। इस दौरान तनावमुक्त रहने के साथ ही धैर्य रखने कहा जिससे त्रुटिरहित मतगणना सम्पन्न हो।

प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ.राजकमल मिश्रा एवं डॉ. एस एन पांडेय के द्वारा डाक मतपत्र तथा इटीपीबी की मतगणना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा मतगणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। बता दें कि अब तक डाक मतपत्र 4100 से ज्यादा प्राप्त हुए हैं तथा 250 से ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए हैं।

मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम, मतदान सामग्रियों कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपेट तथा अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई तथा महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री कुन्दन ने प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण के दौरान बताई गई सावधानियों एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर की गणना सर्वप्रथम होगी, सभी नियमों को ध्यान से समझकर त्रुटिरहित गणना करें। वहीं टेबुलेशन का कार्य सही समय पर हो, आवश्यक प्रपत्रों से विधिवत अवगत हो जाएं।

प्रशिक्षण में उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री अभिषेक कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कंवर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर की रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती पूजा बंसल सहित सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा विधानसभा क्षेत्रवार अधिकारियों को मतगणना तिथि 03 दिसंबर 2023 को मतगणना स्थल पॉलीटेनिक कॉलेज अम्बिकापुर में केन्द्रीय सारणीकरण के कार्य हेतु दायित्व सौंपा गया है। इस कार्य हेतु आयुक्त नगर पालिका निगम अम्बिकापुर श्री अभिषेक कुमार को नोडल अधिकारी तथा जिला कोषालय अधिकारी श्री अनिल सिन्हा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

केंद्रीय सारणीकरण टेबल में सारणीकरण के कार्य हेतु अधिकारियों को नियुक्त किया गया है जिनमें मुख्य अभियंता सहदेव गंगा कछार परि. अम्बिकापुर के लेखाधिकारी श्री नंदन किशोर चक्रधारी, जिला कोषालय कार्यालय अम्बिकापुर के सहायक कोषालय अधिकारी श्री मनोज कुमार शर्मा, और श्री प्रकाश कश्यप, शासकीय क. उ. मा. वि. मणिपुर अम्बिकापुर के प्राचार्य श्री एल. पी. गुप्ता, शासकीय प्राथमिक शाला कुल्हाड़ी अम्बिकापुर के प्रधानपाठक श्री कुमार नायर की ड्यूटी लगाई गई है।

### दिया गया प्रशिक्षण

विधानसभा निर्वाचन 223 के अंतर्गत आगामी 3 दिसंबर को मतगणना हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष में मतगणना कार्य में लगे गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायकों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण बुधवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री अभिषेक कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कंवर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 9 लुण्ड्रा के रिटर्निंग अधिकारी से श्री टी सी अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 अम्बिकापुर की रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती पूजा बंसल एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के रिटर्निंग अधिकारी से श्री रवि राही उपस्थित रहे।

### अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

भारत निर्वाचन आयेग से अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हेतु पदनाम अनुसार अनुमोदित सूची के फलस्वरूप विधानसभा निर्वाचन 223 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा विधानसभा क्षेत्रवार अधिकारियों को मतगणना तिथि 3 दिसंबर 223 को मतगणना स्थल पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर हेतु अतिरिक्त सहायक रिटर्निग ऑफिसर के दायित्वों के निर्वहन हेतु आदेशित किया गया है। जारी आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के सहायक रिटर्निग ऑफिसर के रूप में उप अभियंता पीएचई कु. सीमा केहरी, कार्यपालन अभियंता हाउसिंग बोर्ड श्री ए. के. मिंज, सहायक संचालक ग्रामोद्योग श्री विवेक गुप्ता, कार्यपालन अभियंता पीडब्ल्यूडी सेतु संभाग श्री एच एस नायक को दायित्व सौंपा गया है।

## शराब के लिये रूपये नही मिलने पर फांसी लगाकर दे दी जान

**रायगढ़** 29 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के चक्रधर नगर स्थित साहेबराम कालोनी में मंगलवार की सुबह बेटे के द्वारा पिता को शराब के लिये रूपये नही देने से गुस्साये वृद्ध ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले साहेबराम कालोनी निवासी मोहन चैहान पिता अनुप राम चैहान उम्र 65 साल शराब पीने का आदि था। वह रोजी मजदूर करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह उसने अपने बड़े बेटे विनोद से शराब पीने के लिये रूपये की मांग की। तब विनोद ने उसे समझाते हुए कहा कि तीन दिन से खाना नही खाये हो पहले खाना खा लो। अपने बेटे के इस बात से नाराज मोहन ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

इस संबंध में मृतक के बेटे विनोद चैहान ने बताया कि उसका पिता ने कालोनी के दूसरे माले पर अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब वह कमरे में गया तो उसको पिता फंदे में लटके हुए थे। जिसे आनन-फानन में उतारकर मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रारंभिक जांच में ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**रायगढ़** 29 नवंबर (देशबन्धु)। मंगलवार को खरसिया सक्ती रेलवे मार्ग के बीच झाराडीह स्टेशन के पास अज्ञात लाश मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है जिसकी पहचान नहीं हो पा रही है किसी प्रकार की मृतक के पास आईडी प्रूफ प्राप्त नहीं हुआ है।

रायगढ़ जिले के खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुम्बई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग के झाराडीह रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। इस घटना की जानकारी पुलिस ने मंगवार को दी। खरसिया पुलिस थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि शव खरसिया से झाराडीह रेलवे स्टेशन के खम्भा नम्बर 628-1- 628-3 के पास से बरामद किया गया और बाद में इसे पोस्टमार्टम के लिए सिविल हॉस्पिटल खरसिया भेज दिया गया।

## नेतनागर हत्याकांड का जल्द होगा खुलासा



**महिला और बच्चे की अधजली अवस्था में मिली थी लाश**

रायगढ़ 29 नवंबर (देशबन्धु)। दो दिन पहले रायगढ़ ओडिसा मार्ग में ग्राम नेतनागर में पैरावट में महिला सहित एक बच्चे की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने दोनों मृतकों की शिनाख्त करते हुए लगभग आरोपियों तक पहुंच गई है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के पश्चात बहुत जल्द पुलिस इस मामले का खुलासा कर सकती है।

गौरतलब रहे कि जिला मुख्यालय से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर नेतनागर गांव में 26 नवंबर की रात पैरावट में अचानक आग की लपटें देखकर ग्रामीण उसे बुझाने पहुंचे। इस दौरान उन्हें मौके पर एक महिला और एक मासूम बच्चे का अधजली लाश मिली। गांव के ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी तत्काल जूटमिल थाने में दी , जिसके बाद पुलिस टीम घटना स्थल पहुंच कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया। पुलिस कप्तान के निर्देश पर हत्या के आरोपियों को दबोचने के लिये तीन टीमों का गठन करके अलग-अलग क्षेत्रों में पतासाजी के लिये भेजा गया था। जानकारी के मुताबिक इस हत्याकांड मामले में पुलिस को लगभग सफलता मिल चुकी है। आरोपियों के द्वारा फिल्मी अंदाज में हत्या की इस वारदात को कहीं और अंजाम देने के बाद पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आरोपी ने अवैध संबंध के चलते महिला और बच्चे की हत्या कर शव जलाने का प्रयास किया था। इस संवेदनशील मामले में पुलिस मृतकों की तथा आरोपियों की शिनाख्ती की करीब पहुंच चुकी है और जल्द ही मामले का खुलासा हो सकता है।

## काउंसलरों ने दी स्कूली बच्चों को मानसिक तनाव से दूर रहने की जानकारी

**बलरामपुर** 29 नवंबर (देशबन्धु)। आयुष विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरता में आयुर्विद्या (राष्ट्रीय आयुष मिशन )कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर.के. सिंह आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं मानसिक काउंसलर सुश्री अमर प्रीति एवं श्री तोशन कुमार साहू के द्वारा कक्षा 9वीं से 12 तक के 161 विद्यार्थियों को पढ़ाई के दबाव से होने वाले मानसिक तनाव, युवा छात्रों में बढ़ती उम्र में शारीरिक परिवर्तन के कारण होने वाले शारीरिक समस्या एवं छात्राओं में मासिक धर्म और शारीरिक स्वच्छता के साथ-साथ मानसिक तनाव, शिक्षा के दबाव एवं नशा एवं गलत आदतों से दूर रहने में मानसिक स्तर को आयुर्वेद, योग, प्राणायाम के माध्यम से अपने मानसिक स्तर को अच्छा बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही आयुर्वेद में पाए जाने वाले मुख्य औषधी के बारे में बताते हुए जीवन में कैसे सुधार लाया जाए और शिक्षा के स्तर को कैसे बढ़ाया जाए तथा बच्चों का 10वीं के बाद विषयों के चुनाव करने के लिए प्रकृति परीक्षण करके उनको बताया गया। इस दौरान बच्चों का आयुर्वेद एवं योग प्राणायाम की जानकारी देकर उनके प्रति रुचि बढ़ाई गई। जिससे उनको इस उम्र में होने वाले मानसिक तनाव एवं नशा मुक्ति और शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ मिल सके। कार्यक्रम में 22 बच्चों का उनकी स्वेच्छा से प्रकृति परीक्षण करके उनका विषय चयन में भी उनकी मदद की गई और अन्य 161 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही बच्चों को तनाव दूर करने की जानकारी भी दी गई। तनाव को कम करके दिमाग शांत करने के लिए आपको गहरी सांस लेना चाहिए, आप तनाव कम करने के लिए स्ट्रेस टॉय का इस्तेमाल भी कर सकते हैं, म्यूजिक काफी फायदेमंद टिप है, जिसकी मदद से आप अपना मूड सही कर सकते हैं, जब भी तनाव हो, तो अपने मनपसंद व्यक्ति से बात करें। योग एवं प्राणायाम के द्वारा मानसिक तनाव एवं नशा मुक्ति से कैसे निवृत हो सकते हैं नशे की लत को छोड़ने में योग के मुख्य आसन सूर्य नमस्कार, सर्वांग आसान, हलासन, पुष्ठासन, धनुर आसान, भद्रा आसन, नाडी शोधन प्राणायाम, उज्जायी प्राणायाम, शुद्धि क्रिया, कपाल भाती, जल नीति, ध्यान हैं. इनका रोजाना अभ्यास करने से आपको कोई दवा खाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बच्चों के पालक तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।



## जेएसपी को फिर मिला ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड

**रायगढ़** 29 नवंबर (देशबन्धु)। देश की अग्रणी स्टील कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को दिव्यांग जनों (पर्सन्स विद डिसेबिलिटी) के पुनर्वास और उनके उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान सामुदायिक विकास के लिए जेएसपी की प्रतिबद्धता का परिचायक है। इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने कहा, हम यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हम समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड-2023 सामाजिक उत्थान के लिए किये जा रहे हमारे उन प्रयासों पर मुहर है, जिसमें हम प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। हम अपनी सेवाओं के विस्तार के लिए सदैव समर्पित हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें। श्रीमती जिन्दल ने इस सम्मान के लिए निर्णायक मंडल के प्रति धन्यवाद प्रकट किया।




जेएसपी अपनी सीएसआर शाखा, जेएसपी फाउंडेशन के माध्यम से 2009 से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में जिन्दल आशा (जिसे पहले आशा-द होप के नाम से जाना जाता था) केंद्र संचालित कर रहा है। इन केंद्रों में तत्काल सहयोग, फिजियोथेरेपी, चिकित्सा, वाक् चिकित्सा, विशेष शिक्षा, संगीत और मनोरंजन चिकित्सा, परामर्श और मार्गदर्शन सेवाएं, कौशल विकास प्रशिक्षण आदि के माध्यम से दिव्यांगजनों के पुनर्वास का प्रयास किया जाता है ताकि वे स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम हो सकें। अभी तक 5500 से अधिक दिव्यांग जन और बच्चे इन केंद्रों से लाभान्वित हो चुके हैं। लगभग 250 बच्चों को प्रतिदिन देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

**अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश**

**बलरामपुर** 29 नवंबर (देशबन्धु) ।कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती रुचि शर्मा तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शर्मा द्वारा विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत प्राथमिक शाला जरहाडीह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामवंतपुर तथा आरागाही के अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से चर्चा कर पठन-पाठन पर विशेष ध्यान देने को कहा और साथ ही बेहतर परीक्षा परिणाम लाने शिक्षकों को निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा में अध्ययनरत बच्चों से उनके विषय अनुसार सवाल भी पूछे।



निरीक्षण के दौरान श्रीमती शर्मा ने अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश खण्ड शिक्षा अधिकारी को दिए। इसी तारतम्य में शंकरगढ़, कुसमी एवं वाड्रफनगर के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्राथमिक शाला सिलफिली, स्वामी आत्मानंद विद्यालय कुसमी एवं प्राथमिक शाला सेमरा तथा माध्यमिक शाला कोल्हुआ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से बात कर अभी तक हुए पढ़ाई के संबंध में पूछा साथ ही उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों तथा बच्चों की उपस्थिति की जानकारी भी ली।


## बांग्लादेश में डेंगू के 959 नए मामले सामने आए

**ढाका।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटे में डेंगू के 959 नए मामले सामने आए और इस अवधि में चार और मरीजों की मौत हुई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीजीएचएस डेटा के मुताबिक, नए मामले सामने आने के बाद अब संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 310,046 हो गयी है और अकेले नवंबर में इस बीमारी से करीब 262 मरीजों की जान चली गयी है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 1,610 हो गई। इसके अलावा पिछले 24 घंटों में 881 मरीजों के स्वस्थ होने से इससे निजात पाने वालों की कुल संख्या 304869 तक पहुंच गयी है।

# देश विदेश

# संघर्ष विराम को दो दिन और बढ़ाने पर सहमत हुए इजरायल-हमास

### अमेरिका की मध्यस्थता से बढ़ा संघर्ष विराम



**गाजा/यरुशलम,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता से मानवीय संघर्ष विराम को दो दिनों के लिए बढ़ाने सहमत हो गए हैं। अल अराबी अल जदीद अखबार ने मिस्र के अधिकारियों के हवाले से बुधवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों पक्ष समान शर्तों पर मानवीय संघर्ष विराम को अगले दो दिनों के लिए बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। अखबार ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि हमास ने संकेत दिया है कि उसके एन्क्लेव में अन्य समूहों के साथ संपर्क हैं, जहां अभी भी महिलाएं और बच्चे कैद हैं। उधर, वाशिंगटन पोस्ट ने एक इजरायली अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि इजरायल को दो या तीन दिनों के लिए संघर्ष विराम के और विस्तार की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा, कल के बाद हमें बंधकों की रिहाई और मानवीय राहत के लिए दो से तीन दिन और मिलने की उम्मीद है, जिसके बाद या तो हम गाजा में अभियान फिर से शुरू करेंगे या संभावित रूप से एक समझौते पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इजरायल को उम्मीद है कि बुधवार रात तक ज्यादातर बंधक बच्चों को रिहा कर दिया जाएगा।

बंधकों में लगभग 20 से 30 महिलाएं शामिल हैं। टाइम्स ऑफ़ इज़राइल ने इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट बताया कि इज़रायल को बुधवार को हमास द्वारा मुक्त किए जाने वाले बंधकों के छठे समूह के नामों के साथ एक सूची मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यालय ने कहा कि सूची में शामिल लोगों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है। वहीं, वाशिंगटन पोस्ट ने मामले से परिचित सूत्रों का हवाला देते हुए मंगलवार को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के प्रमुख विलियम बर्न्स अपने इजरायली समकक्ष अहरोन हलीवा और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ गुप्त बैठक के लिए कतर पहुंचे हैं।

### सीरिया के गोलान हाइट्स से हटे इजरायल : संरा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने प्रस्ताव को नवीनीकृत करते हुए इजरायल से सीरिया के गोलान हाइट्स से हट जाने की अपील की है। इस प्रस्ताव को मंगलवार को नवीनीकृत किया गया। इसके पक्ष में 91 वोट तथा विपक्ष में आठ मत पड़े, जबकि 62 अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव में कहा गया है कि संरा के सदस्य देश 'बहुत चिंतित हैं कि इज़रायल सीरियाई गोलान से पीछे नहीं हटा है, जो 1967 से इजरायल के कब्जे में है।' प्रस्ताव में 1967 से कब्जे वाले सीरियाई गोलान में इजरायली बस्ती निर्माण और अन्य गतिविधियों को अवैध करार दिया गया है।

# अल्बानीज ने खराब दवा के मामले में पीड़ितों से माफी मांगी



**कैनबरा,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने गर्भावस्था के दौरान खराब दवा दिए जाने के मामले में पीड़ितों से माफी मांगी। श्री अल्बानीज ने बुधवार को संसद में थैलिडोमाइड पीड़ितों से माफी मांगी और कहा कि मॉर्निंग सिकनेस दवा प्रभावित माताओं और बच्चों दोनों की सहायता करने में विफल कर रहा है। मॉर्निंग सिकनेस से अभिप्राय है कि गर्भावस्था के दौरान दिन के किसी भी समय मितली हो सकती है। उल्लेखनीय है कि 62 साल पहले आज के ही दिन थैलिडोमाइड को जन्म दोषों से जुड़ा होने के बाद ऑस्ट्रेलिया में इसकी दवा की बिक्री पर रोक लगायी गयी थी।

उन्होंने कहा, हम समझते हैं कि माफी वर्षों की निष्क्रियता और अपर्याप्त समर्थन को संतुलित नहीं कर सकती। हम जानते हैं कि थैलिडोमाइड का दुष्प्रभाव आज भी मरीजों में महसूस किया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में थैलिडोमाइड को लेकर 2019 में की गयी सीनेट जांच में पाया गया कि 1961 में घटित हुई इस घटना के समय तत्काल कार्रवाई से 20 प्रतिशत मामलों को रोका जा सका था। जांच के दौरान राष्ट्रीय माफी की सिफारिश की गई थी। ऑस्ट्रेलिया में थैलिडोमाइड से बचे 146 पंजीकृत लोग हैं, जिनमें से अधिकांश माफ़ी मांग जाने के समय संसद में मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि 2015 में एबरडीन विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार थैलिडोमाइड 1950 और 1960 के दशक में वैश्विक स्तर पर गंभीर जन्म दोषों के 10,000 से अधिक मामलों का कारण बना थी। साथ ही इसके कारण गर्भपात की दर में भी वृद्धि हुयी थी। श्री अल्बानीज़ ने आज घोषणा की कि सरकार दवा सेवन के बाद बचे लोगों के लिए एक सहायता कार्यक्रम फिर से शुरू करेगी।

## सुडोकू 6391

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | 2 | 9 | 5 |
| 7 | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | 6 | |
| | | | | | | 5 | 2 | |
| 1 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | 4 | 7 | | | | | | |
| | 6 | | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 5 | | | | 1 |
| 3 | 9 | 1 | | 8 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 30 नवम्बर , 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में रखेगी। नौकरी- व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतियोगी वातावरण रहेगा, इसमें से बाहर आने का प्रयत्न सफल साबित होगा। नए काम करने के लिए प्रेरित होंगे।

वृषभ - मन की दुविधा के कारण ठोस निर्णय लेने में परेशानी होगी। इसके परिणाम स्वरूप हाथ में आए हुए अवसर खो सकते हैं। शर्मीले व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

मिथुन - आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। मित्रों तथा सगे-संबंधियों के साथ मिलकर उत्तम भोजन का आनंद लेंगे।

कर्क - शरीर और मन में बेचैनी तथा अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा के कारण आपकी निर्णय शक्ति प्रभावित होगी। विशेष रूप से परिजनों के साथ मनमुटाव का प्रसंग बनने से मन में उदासी बढ़ेगी।

सिंह - आज आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन की कमजोरी आपको लाभ से वंचित न कर दें, इसका ख्याल रखना पड़ेगा। मित्र-मंडल, स्त्री वर्ग और बुजुर्गों से लाभ होगा।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आपकी योजनाओं को अमल में लाएं। व्यापार में लाभ होगा। बकाया पैसों की वसूली हो सकेगी। नौकरीपेशा वालों की पदोन्नति की संभावनाएं हैं। पिता से लाभ होगा।

तुला - किसी लंबी दूरी या धार्मिक स्थल की यात्रा होगी। विदेश यात्रा भी हो सकती है। संतान और स्वास्थ्य को लेकर आपको चिंता रहेगी। नौकरी पेशावालों को आज अधिकारियों तथा सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा।

वृश्चिक - आज का दिन बिना किसी प्रवृत्ति के सावधानीपूर्वक व्यतीत करना पड़ेगा। नए काम शुरू न करें। आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

धनु - बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। मनोरंजन, प्रवास, मित्रों के साथ मुलाकात, सुंदर भोजन और वस्त्र परिधान के साथ की निकटता आज के दिन को आनंदित और रोमांचित बनाएगा।

मकर - आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश, कीर्ति मिलेगी। आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। व्यापार के विकास के लिए दिन फलदायक साबित होगा। धन लाभ का योग है।

कुंभ - वैचारिक रूप से काफी चिंतित रहने के कारण कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना ही हितकर होगा। यात्रा-प्रवास में परेशानी हो सकती है। निर्धारित काम पूरा नहीं होने के कारण आपको काफी निराशा होगी। मन अशांत बनेगा।

मीन - आज ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मां के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ वाद- विवाद हो सकता है। किसी भी तरह के दस्तावेजी काम के प्रति सावधानी बरतें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# तंजानिया में बस-ट्रेन टक्कर में 13 लोगों की मौत, 25 घायल

**दोदोमा,** 29 नवम्बर (एजेंसिां)। मध्य तंजानिया के सिंगिडा क्षेत्र में बुधवार तड़के एक बस के रेल इंजन से टकरा जाने से कम से कम 13 यात्रियों की मौत हो गई और अन्य 25 गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। सिंगिडा क्षेत्रीय पुलिस कमांडर स्टेला मुताहिबिरवा ने आशंका जतायी की मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि घायल 25 यात्रियों में से अधिकांश की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय बस में 57 यात्री सवार थे। बस व्यावसायिक केंद्र दार एस सलाम से म्वांजा ??जा रही थी। पुलिस कमांडर मुताहिबिरवा ने कहा कि स्थानीय समयानुसार आज तड़के पांच बजे यात्रियों से भरी बस एक रेलवे क्रॉसिंग पर लोकोमोटिव (इंजन) से टकरा गई। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि बस चालक लापरवाही से बस चला रहा था और ट्रेन के आने से पहले रेलवे क्रॉसिंग से बस निकालने का प्रयास कर रहा होगा।

# ब्रिटेन जल्द ही करेगा यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता योजना 2024 की घोषणा




**लंदन,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन जल्द ही यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता योजना 2024 की घोषणा करेगा। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जेम्स हेप्पी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस विषय पर कैबिनेट मंत्रियों और ब्रिटेन के सहयोगियों के साथ चर्चा को अंतिम रूप दिया जाएगा। आधिकारिक वेबसाइट पर प्रसारित बयान में उन्होंने कहा, अगले साल के लिए हमारे समर्थन को सरकार और दुनिया भर में हमारे भागीदारों के साथ अंतिम रूप दिया जा रहा है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता पहले यह समझने को दी जानी चाहिए कि 'यूक्रेनवासी आगे क्या करना चाहते हैं और फिर उन क्षमताओं को प्रदान करना चाहिए। गौरतलब है कि ब्रिटेन ने अब तक यूक्रेन को 4.6 अरब पाउंड की सैन्य सहायता देने का वादा किया है। ब्रिटेन के एक अधिकारी ने कहा, ब्रिटेन विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद और सामग्री की महत्वपूर्ण मात्रा दान करता रहा है। उल्लेखनीय है कि फरवरी 2022 को यूक्रेन और रूस के बीच में शुरू हुए संघर्ष के बाद से पश्चिमी देश यूक्रेन को सैन्य सहायता प्रदान कर रहे हैं।

### यूक्रेन व इटली ने सुरक्षा गारंटी पर शुरू की बातचीत

**कीव।** यूक्रेन और इटली ने कीव के लिए सुरक्षा गारंटी प्रदान करने पर बातचीत शुरू कर दी है। यूक्रेनी राष्ट्रपति प्रेस सेवा ने इसकी सूचना दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के हवाले से मंगलवार को कहा गया कि इटली द्वारा यूक्रेन के प्रति सुरक्षा प्रतिबद्धताओं पर एक द्विपक्षीय समझौता जुलाई में जी7 द्वारा अपनाई गई यूक्रेन के लिए समर्थन की संयुक्त घोषणा पर आधारित होगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख इहोर झोव्कवा ने कहा, प्रतिबद्धताओं का प्रावधान यूरोपीय संघ और नाटो में यूक्रेन की सदस्यता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## वर्ग पहेली 6391




**बायें से दायें:-**

१. जिस पर विजय पाना कठिन हो, परमेश्वर
४. बंटवारा
६. माथा, ललाट
७. अनार
८. कोई चीज पाने के लिए हाथ बढ़ाना, झटपट चल पड़ना, किसी पर झपटना
१०. धमकाना, डराना, डांटना, क्रोध
११. शिकन आना, फर्क पड़ना (मुहावरा)
१३. गोलमाल, गड़बड़
१४. लोहे-बांस आदि की तीलियों आदि का बना एक तरह का टोकरा जैसी आकृति जिसमें पालतु पशु-पक्षी रखे जाते हैं
१५. कानूनी
१७. विफल (उर्दू)
१९. दूर में स्थित
२१. पाप रहित
२२. हवा में इधर-उधर होना
२४. कामना, अभिलाषा

**ऊपर से नीचे:-**

१. पीड़ादायक
२. राजप्रासाद
३. यमलोक की पीड़ा
४. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
५. जन्म देने वाला
९. कठोर, जो कोमल न हो (उर्दू)
११. अधिकतर
१२. डर, खौफ़, दहशत
१३. कुल, वंश
१४. ललाई लिए हुए पीले रंग का, पीला
१५. पारिश्रमिक लेकर कार्य करने वाला
१६. बेजोड़, बेमिसाल
१८. मिस्र की राजधानी
१९. कठिन मुश्किल
२०. दृढ़ और सूखी जमीन, स्थान
२३. अनेक, कई

### वर्ग पहेली-6390



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# यूरोपीय संघ के देशों के सरकारी कार्यालयों में हेडस्कार्फ हो सकता है प्रतिबंधित



लक्जमबर्ग की अदालत ने सुनाया फैसला

**ब्रूसेल्स,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ के देशों के सरकारी कार्यालयों में इस्लामिक हेडस्कार्फ जैसे धार्मिक प्रतीक वाली पोशाकों पर प्रतिबंध लग सकता है। लक्जमबर्ग की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि यूरोपीय संघ सरकारी कार्यालय के कर्मचारियों को इस्लामिक पोशाक पहनने पर प्रतिबंध लगा सकते हैं, भले ही उनका जनता से संपर्क न हो। अदालत ने कहा, पूरी तरह से तटस्थ प्रशासनिक माहौल स्थापित करने के लिए ऐसा नियम लगाया जा सकता है। अदालत ने यह फैसला बेल्जियम के एक स्थानीय सरकारी कार्यालय की एक कर्मचारी द्वारा दर्ज करायी गयी शिकात पर सुनवाई करते हुए सुनाया है। शिकायतकर्ता ने इस्लामी हेडस्कार्फ़ पहनने पर प्रतिबंध लगाए जाने को चुनौती दी थी। शिकायतकर्ता ने कहा था कि यह उसकी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है और उसके साथ भेदभाव किया जा रहा है। अदालत ने कहा कि दार्शनिक या धार्मिक विश्वासों को प्रकट करने वाले किसी भी संकेत पर प्रतिबंध भेदभावपूर्ण नहीं है अगर इसे प्रशासन के सभी कर्मचारियों पर सामान्य और तेजी से लागू किया जा सकता है और यह सख्ती से आवश्यक तक ही सीमित है।

यह फैसला यूरोपीय संघ के अदालत के पिछले फैसलों का समर्थन करता है, जिसमें पाया गया कि ऐसे प्रतिबंध निजी क्षेत्र के कार्यस्थलों में कानूनी हो सकते हैं। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय अदालतों को इस तरह के प्रतिबंधों की प्रयोज्यता का फैसला करना चाहिए और सार्वजनिक कार्यालयों में भी सार्वजनिक-सामना करने वाले श्रमिकों तक ऐसे प्रतिबंधों को सीमित करने वाली नीतियां हो सकती हैं या विश्वास के दृश्य धार्मिक या दार्शनिक संकेतों को पहनने को अधिकृत करने का निर्णय लेना चाहिए।

# अमेरिकी सैन्य विमान जापानी द्वीप के पास हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**टोक्यो,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी सैन्य विमान ऑस्प्रे बुधवार को जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप याकुशिमा के पास कागोशिमा के पास दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। जापान तट रक्षक को दोपहर करीब 2:47 बजे दुर्घटना के बारे में एक आपातकालीन कॉल मिली।

सार्वजनिक प्रसारक एनएचके ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानीय समयानुसार (0547 जीएमटी) ऑस्प्रे यामागुची प्रीफेक्चर में इवाकुनी अमेरिकी बेस से ओकिनावा में कडेना बेस के लिए रवाना हुआ। मंत्रालय के अनुसार, विमान स्थानीय समय दोपहर 2:40 बजे रडार से गायब हो गया। जापानी तट रक्षक के प्रवक्ता काज़ुओ ओगावा ने कहा कि तट रक्षक ने खोज और बचाव कार्यों के लिए गश्ती नौकाओं और विमानों को साइट पर भेजा है, लेकिन दुर्घटना के बारे में कोई और जानकारी नहीं है, जिसमें जहाज पर मौजूद लोगों की सुरक्षा भी शामिल है।

## सुडोकू 6391 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 |

## आज का इतिहास

1731- बीजिंग में भूकंप से लगभग 1 लाख लोग मारे गए।
1858- वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु का जन्म हुआ।
1874- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का जन्म हुआ।
1909 - पश्चिम बंगाल के जाने माने विद्वान रमेश चन्द्र का निधन।
1931- भारतीय इतिहासकार रोमिला थापर का जन्म।
1936 - लंदन का क्रिस्टल पैलेस आग से तबाह हो गया। यह 1851 की द ग्रेट एग्जीबीशन का आयोजन स्थल था।
1939 - फिनलैंड पर सोवियत सेनाओं ने हमला किया। दरअसल फिनलैंड ने तत्कालीन सोवियत संघ को अपने यहां नौसैनिक अड्डा बनाने और अन्य सुविधाएं देने से इनकार कर दिया था।
1961- तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिये कुवैत के आवेदन का विरोध किया।
1965 - मशहूर राजनीतिक कार्टूनिस्ट के शंकर पिल्लै ने दिल्ली में गुड़ियों के अनोखे संग्रहालय की स्थापना की।
1966 - कैरेबियाई द्वीपीय राष्ट्र बारबाडोस ने ब्रिटेन से पूर्ण स्वतंत्रता हासिल की। देश ने 1961 में आंतरिक स्वशासन कायम कर लिया था।
1982- रिचर्ड एटनबरो द्वारा निर्देशित और बेन किं?सले व जॉन गिल?गुड की फिल्?म गांधी का नई दिल्?ली में प्रीमियर हुआ।1999- विश्व के बड़े मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप का पुणे के समीप नारायणगांव में उद्घाटन हुआ।
1999- अमेरिका के सिएटल में विश्व व्यापार संगठन का तीसरा अधिवेशन प्रारम्भ।
2000- प्रियंका चोपड़ा मिस वर्ल्ड बनीं।
2004 - बांग्लादेश की संसद में महिलाओं के लिए 45 प्रतिशत सीटों के आरक्षण वाला विधेयक पारित।

**आयोजन** *रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी*

# यूरोप की ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के लिए चुनौती है भारतीय 'कवच'

**नई दिल्ली, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि भारतीय रेलवे की ट्रेनों की सुरक्षा की स्वदेशी उपकरण 'कवच' को अब संचार की एलटीई (4-जी और 5-जी) आधारित किया जाएगा और 15 साल के भीतर पूरे रेल नेटवर्क को कवच युक्त कर दिया जाएगा। रेलवे ने जंगलों से निकलने वाली रेललाइनों पर हाथियों के कट कर मरने से बचाने के लिए एक नयी तकनीक विकसित की है।**



15 साल के भीतर पूरे रेल नेटवर्क को कवच युक्त कर दिया जाएगा

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने आज यहां पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा में यह जानकारी दी और दावा किया कि यूरोप के रेल तकनीक विशेषज्ञों के अनुसार आधुनिक संचार तकनीक वाला कवच विश्व भर में रेलवे सुरक्षा के लिए मानक समझी जाने वाली यूरोप की तकनीक ईटीसीएस से कहीं अधिक सक्षम एवं उसके ट्रेन सुरक्षा प्रणाली के बाज़ार में चुनौती साबित होगी।

श्री वैष्णव ने तृणमूल कांग्रेस की नेता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस दावे का खंडन किया कि उनके रेल मंत्रित्व काल में स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली एसीडी क्रियान्वित कर दी गयी थी। रेल मंत्री ने कहा कि सुश्री बनर्जी के कार्यकाल में कुछ इंजनों में एसीडी की तकनीक प्रायोगिक तौर पर लगायी गयी थी और उनके बाद रेल मंत्री बने उनकी पार्टी के श्री दिनेश त्रिवेदी के कार्यकाल में एसीडी के परीक्षण के बाद उसे विफल घोषित किया गया था। रेल मंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 में लखनऊ के आरडीएसओ द्वारा विकसित ट्रेन सुरक्षा तकनीक 'कवच' को औपचारिक रूप से स्वीकृति प्रदान की थी और वर्ष 2019 तक कड़े परीक्षणों के बाद इसे देश भर में लगाने का फैसला किया गया। वर्ष 2020 में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया और वर्ष 2022 की शुरुआत में इसका उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया गया। दक्षिण मध्य रेलवे में करीब 1500 किलोमीटर तक कवच वीएचएफ तकनीक पर पहले से ही काम कर रहा है। दिसंबर 2022 में 3000 किलोमीटर तक कवच की स्थापना के लिए टेंडर निकाला गया था, उसमें बहुत तेजी से प्रगति हो रही है और अब तक करीब 500 किलोमीटर का काम लगभग पूरा हो गया है जो मार्च तक पूरी तरह से क्रियान्वित हो जाएगा। इस खंड के लिए सेफ्टी इंटीग्रेशन लेवल 4 का प्रमाणन हासिल करने की प्रक्रिया जारी है। श्री वैष्णव ने कहा कि कवच दरअसल कई उपकरणों की एकीकृत प्रणाली है। स्टेशन कवच, लोको कवच, कवच टावर्स, ऑप्टिकल फाइबर केबल वायरलेस लोको टावर, ट्रैक उपकरण और सिगनल, कवच प्रणाली के अंतर्गत आते हैं।

## दुनिया को जानें

# हंगरी, सर्बिया के बीच रेल सेवा आठ साल बाद फिर से शुरू

**बुडापेस्ट,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हंगरी के शहर सेज्ड और सर्बियाई शहर सुबोटिका के बीच रेल सेवा आठ साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू हो गयी है। हंगेरियन स्टेट रेलवे (एमएवी) द्वारा जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। एमएवी ने वेबसाइट पर कहा, सेज्ड और सुबोटिका के बीच रेल यात्री सेवा आठ साल बाद प्रति दिन पांच जोड़ी ट्रेनों की आवृत्ति के साथ मंगलवार को फिर से शुरू हुई। विज्ञप्ति के अनुसार, यात्रियों को एक शहर से दूसरे शहर तक यात्रा करने में लगभग डेढ़ घंटे का समय लगेगा। एमएवी ने याद दिलाया कि खंड पर माल ढुलाई अगस्त 2022 से की जा रही है और सेज्ड और रोस्ज़के सीमा पार के बीच हंगरी की तरफ 13 किलोमीटर (8 मील) रेल पटरियों का नवीनीकरण किया गया है। बयान में कहा गया कि सेज्ड-सुबोटिका रेलवे परियोजना का विकास 2025 में पूरा हो सकता है। हंगरी के निर्माण एवं निवेश मंत्री जानोस लजार इस मार्ग पर ट्रेन की सवारी करने वाले पहले यात्रियों में से हैं। उन्होंने कहा, रेलवे हंगरी और सर्बिया की एकता, सामान्य अतीत और भविष्य का प्रतीक है।

# खेल जगत

## मैक्सवेल की तकनीक को देखकर दंग रह जाता हूं : आर श्रीधर

**गुवाहाटी,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर तीसरे टी20 मैच में ग्लेन मैक्सवेल की 47 गेंद में खेली गई शतकीय पारी से हैरान हैं, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर पांच विकेट से जीत हासिल की। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में मैक्सवेल ने नाबाद 104 रन बनाए जिसमें उनका शतक केवल 47 गेंदों में आया। इस तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। आर श्रीधर ने कहा, आप मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी से ही इस तरह की पारी की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि ऋतुराज की पारी और जेसन बेहरनडॉर्फ के 4 ओवर में (1/12) अन्य शानदार प्रदर्शन थे लेकिन मैक्सवेल की पारी ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। पूर्व फील्डिंग कोच ने कहा, उसे यह विश्वास है कि जब वह बल्लेबाजी करने जाता है तो वह हर समय ऐसा ही कुछ करेगा। मैक्सवेल अपने बल्ले की स्विंग के माध्यम से जिस तरह की शक्ति उत्पन्न करते हैं वह काफी आश्चर्यजनक है।



# बीसीसीआई ने द्रविड का कोचिंग कार्यकाल बढ़ाया

- द्रविड़ भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम के हेड कोच बने रहेंगे
- द्रविड़ ने बीसीसीआई के भारतीय टीम के हेड कोच बने रहने का प्रस्ताव स्वीकार किया

नई दिल्ली, 29 नवंबर (देशबन्धु)। राहुल द्रविड़ का भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम के हेड कोच के रूप में करार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को बढ़ाने की घोषणा की। द्रविड़ ने भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम के हेड कोच बने रहेंगे और उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) के भारतीय क्रिकेट टीम का हेड कोच बने रहने के करार को बढ़ाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। बीसीसीआई ने द्रविड़ के साथ भारतीय क्रिकेट टीम के सपोर्ट स्टाफ - विक्रम राठौर (बल्लेबाजी कोच), पारस म्हाम्बे (गेंदबाजी कोच), टी दलीप(फील्डिंग कोच) का भी करार बढ़ाने की घोषणा की। बीसीसीआई हालांकि अभी यह साफ नहीं किया कि द्रविड़ का यह बढ़ा करार कितने समय के लिए है। फिलहाल माना यह जा रहा है कि यह कम से कम जून, 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी वन डे क्रिकेट कप के लिए होगा ही। द्रविड़ की भारत के हेड कोच में लगातार दूसरी पहला पड़ाव टीम इंडिया का दक्षिण अफ्रीका दौरा होगा। भारतीय टीम 10 दिसंबर से शुरू होने वाले अपने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर उसके घर में उसके खिलाफ तीन टी-20 और तीन वन डे के बाद दो टेस्ट सेंचुरियन(26 दिसंबर से) और कैप टाउन(3 जनवरी) में खेलेगी।,भारत इसके बाद मध्य जूने में टी-20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ अपने घर में पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगा।



भारत के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, % टीम इंडिया के साथ मेरे बीते दो बरस यादगार रहे। हमने साथ मिलकर उतार-चढ़ावों को देखा। टीम इंडिया क साथ इस पूरी यात्रा में पूरे समूह में समर्थन और सौहार्द शानदार रहा। अब वनडे विश्व कप के बाद अब हमारे सामने नई चुनौतियां हैं और हमें सर्वश्रेष्ठ करने को प्रतिबद्ध है। हमने भारतीय क्रिकेट टीम के ड्रेसिंग रूम में ऐसी संस्कृति और माहौल बनाया कि हम जीत के साथ मुश्किलों में डटे रहे। हमारी भारतीय क्रिकेट टीम के पास प्रतिभा और कौशल लाजवाब है। हमारा जोर सही प्रक्रिया का पालन करते और अपनी तैयारियों पर काबिज रहने पर है और जिसका सीधा असर कुल नतीजों पर पड़ता है। मैं बीसीसीआई और उसके पदाधिकारियों का आभारी उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मेरे दर्शन का समर्थन किया। बतौर हेड कोच आपको बहुत वक्त घर से बाहर ही रहना पड़ता है और इसके लिए मैं अपने परिवार और समर्थन के लिए उसका भी आभारी हूं। पर्दे के पीछे परिवार की भूमिका बेशकीमती है। अब वन डे विश्व कप के बाद अब हमारे सामने नई चुनौतियां हैं और हमें सर्वश्रेष्ठ करने को प्रतिबद्ध हैं।%

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी ने कहा, %द्रविड़ की बतौर हेड कोच दूरदर्शिता, उनका पेशेवराना रुचि और जीवट टीम इंडिया की कामयाबी के मजबूत स्तंभ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच के रूप में आप हमेशा कसौटी पर होते हैं। मैं द्रविड़ की चुनौतियों को स्वीकार करने के साथ उन पर खरा उतरने के लिए उनकी सराहना करता हूं। भारतीय क्रिकेट टीम का प्रदर्शन द्रविड़ के रणनीतिक मार्गदर्शन का प्रमाण है। मैं बेहद खुश हूं कि द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट टीम का हेड कोच बने रहने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। यह द्रविड़ और बीसीसीआई के बीच एक दूसरे के लिए सम्मान के साथ यह भी बताता है कि दोनों की सोच भी एक है। मुझे जरा सा भी संदेह नहीं कि द्रविड़ के मार्गदर्शन में भारतीय टीम शिखर पर चढ़ना जारी रखने के साथ नए मानदंड भी बनाएगी।

### तीनों फॉर्मेट में टॉप रैंकिंग द्रविड़ की दूरदर्शिता व मार्गदर्शन का नतीजा : जय शाह

बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने कहा, राहुल द्रविड़ के भारतीय सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच की नियुक्ति के समय भी मैंने कहा था इस भूमिका को संभालने के लिए उनसे बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है। द्रविड़ ने उत्कृष्टता के लिए अपनी गजब की प्रतिबद्धता से खुद को फिर साबित किया है। भारतीय क्रिकेट तीनों फॉर्मेट में बेहद मजबूत टीम है और तीनों फॉर्मेट में हमारी टॉप रैंकिंग सीधे ही द्रविड़ की दूरदर्शिता , मार्गदर्शन और टीम के लिए बनाए खाके का नतीजा है। आईसीसी वन डे विश्व कप में हमारी भारतीय टीम ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार से पहले अपने सभी दस मैच जीते। वन डे विश्व कप में हमारी भारतीय टीम अभियान गजब का रहा और इसके लिए हमारी टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ की टीम के अपनी चमक दिखाने के लिए सही मंच स्थापित के लिए सराहना तो की ही जानी चाहिए।

# बाबर आजम के खिलाफ गेंदबाजी करना रोमांचक होगा : टॉड मर्फी

**मेलबर्न,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया की अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले युवा ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों के कौशल को स्वीकार किया, और साथ ही कहा कि उनके लिए पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम को गेंदबाजी करना रोमांचक होगा।

मर्फी ने संवाददाताओं से कहा, पाकिस्तान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना एक चुनौती होगी। बाबर आजम एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, और पाकिस्तान के शीर्ष क्रम में महान स्तर के खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन नहीं है कि बाबर आजम पीएम इलेवन के खिलाफ खेल रहे हैं या नहीं, लेकिन उन्हें गेंदबाजी करना रोमांचक होगा। टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलना हमेशा शानदार होता है। पाकिस्तान के खिलाफ खेलना एक बड़ी चुनौती होगी। पाकिस्तान के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और मैं इस बयान से सहमत नहीं हूं कि उनके पास कमजोर गेंदबाजी आक्रमण है। ।

इस साल फरवरी में भारत के खिलाफ टेस्ट में पहली बार सात विकेट लेने वाले मर्फी कंधे में दर्द के कारण विक्टोरिया के पिछले दो शेफील्ड शील्ड मैचों में नहीं खेल पाए थे, जो तस्मानिया के खिलाफ मैच में 45 ओवर गेंदबाजी करते समय बढ़ गया था। उन्होंने कहा कि वह अभी भी एक ऑफ स्पिनर के रूप में अपने ऊपर काम के बोझ से अभ्यस्त होने की कोशिश कर रहे हैं।

यह काफी बड़े 12 महीने रहे हैं और कुछ ऐसा है जिसका मुझे सामना नहीं करना पड़ा, इसलिए यह बस इसके माध्यम से खुद को प्रबंधित करने की कोशिश करने के बारे में है। कुछ छोटी-मोटी परेशानियों के साथ चुनौतियां भी आई हैं और मुझे लगता है कि कंधा भी उनमें से एक है। यूके सीरीज़ के बाद यह थोड़ा भड़क गया था, फिर कुछ शील्ड गेम्स के साथ उच्च कार्यभार और कुछ एक दिवसीय क्रिकेट, यह



थोड़ा थका हुआ था। इसलिए इस अवसर का उपयोग इसे व्यवस्थित करने और इसे फिर से मजबूत करने का प्रयास करने के लिए किया गया, उम्मीद है कि गर्मियों में बोर्ड भर में काफी व्यस्तता रहेगी और फिर साल खत्म करने के लिए कुछ शील्ड क्रिकेट भी। (मैंने) मन में रखा था कि यह एक है लंबी गर्मी है और मैं खुद को जल्दी जलाना नहीं चाहता।

मर्फी का यह भी मानना है कि पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण कागज पर कमजोर नहीं दिखता है और एक स्पिनर के रूप में उनके विकास में अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन की भूमिका को स्वीकार किया है। पाकिस्तान के खिलाफ खेलना एक बड़ी चुनौती होगी। पाकिस्तान के पास एक अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और मैं इस बयान से सहमत नहीं हूं कि उनके पास कमजोर गेंदबाजी आक्रमण है।

नाथन लियोन एक शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ी हैं। वह हमेशा बहुत ज्ञान प्रदान करते हैं, और उनके साथ खेलना एक सीखने का महान अनुभव है। यह हमेशा परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के सामने खेलने का एक शानदार अवसर है। माहौल और समर्थन बताते हैं कि यह एक विशेष अनुभव है।

# शिवा थापा और अमित पंघाल ने जीत के साथ की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को घोषणा की कि भारत अगले साल वेस्टइंडीज में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के बाद जुलाई से अगस्त 2024 में छह मैचों की सफेद गेंद श्रृंखला के लिए देश का दौरा करेगा। एसएलसी द्वारा जारी पुरुष अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर के अनुसार, श्रीलंका 2024 में 10 टेस्ट, 21 वनडे और 21 टी20 सहित 52 मैच खेलेगा।

हालांकि, एसएलसी को आईसीसी के निलंबन के तहत रखा गया है। फिर भी वे अपनी पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करेंगे। श्रीलंका अपने अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर की शुरुआत जनवरी में जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से करेगा, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल होंगे।

फिर, जनवरी-फरवरी के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ एक श्रृंखला होगी जिसमें एक टेस्ट मैच, तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल होंगे।

2024 पुरुष टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज और यूएसए जाने से पहले टीम सभी प्रारूपों के दौरे के लिए बांग्लादेश जाएगी। सफेद गेंद वाले मैचों के लिए भारत की मेजबानी करने के बाद श्रीलंका तीन टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड की यात्रा करेगा और उसके बाद सितंबर में दो टेस्ट मैचों के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी। वेस्टइंडीज अक्टूबर में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए श्रीलंका आएगा। जबकि, न्यूजीलैंड भी इतने ही मैच खेलने के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

इसके बाद श्रीलंका दो टेस्ट मैच खेलने के लिए दक्षिण अफ्रीका जाएगी और न्यूजीलैंड में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलकर अपने साल का अंत करेगी।

# विलियमसन ने की विराट की बराबरी, जड़ा 29वां टेस्ट शतक

**सिलहट,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन ने बुधवार को सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेलते हुए अपना 29वां टेस्ट शतक जड़कर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट शतक की बराबरी की। केन विलियमसन अपने 95वें टेस्ट मैच में 29 टेस्ट शतकों तक पहुंच गए, जो कि विराट कोहली से 16 मैच कम है। विराट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 111 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था। विलियमसन ने महान डॉन ब्रैडमैन की भी बराबरी की, जिनके संन्यास के समय 52 टेस्ट मैचों में 29 शतक थे। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने 189 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 205 गेंदों में 104 रन बनाकर तैजुल इस्लाम के हाथों अपना विकेट गंवाया। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड और श्रीलंका के बाद टेस्ट क्रिकेट में विलियमसन का यह लगातार चौथा शतक था। 2010 में न्यूजीलैंड के लिए डेब्यू करने वाले विलियमसन टेस्ट प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं, जिनके नाम सबसे ज्यादा शतक हैं। 310 रन पर ऑल आउट होने के बाद बांग्लादेश के गेंदबाजों



ने दूसरे दिन की शुरुआत में ही अच्छा प्रदर्शन किया। वे शीर्ष तीन कीवी बल्लेबाजों को सिर्फ 98 रन पर आउट करने में सफल रहे। विलियमसन और डेरिल मिचेल की साझेदारी ने टीम को मुश्किल से निकाला। हालांकि, 66 रनों की ठोस साझेदारी के बाद मिचेल ने 41 रन बनाकर ताइजुल इस्लाम के हाथों अपना विकेट खो बैठे। ताइजुल बांग्लादेश के लिए सबसे सफल गेंदबाज रहे, क्योंकि दिन का खेल खत्म होने तक उनके नाम 4 विकेट थे। विलियमसन अपना शतक बनाने के बाद इस्लाम की गेंद पर बोल्ड हो गए और न्यूजीलैंड को बोर्ड पर रन जोड़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड का स्कोर 8 विकेट पर 266 रन था।

# सफेद गेंद के खेल से ब्रेक लेंगे विराट कोहली, टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे : रिपोर्ट

नई दिल्ली, 29 नवंबर (आईएएनएस) भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली, जो 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था, कथित तौर पर सफेद गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक ले रहे हैं, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरे पर दो टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 35 वर्षीय कोहली ने बीसीसीआई को बताया कि वह दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सफेद गेंद वाले मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, जो तीन मैचों की टी20 सीरीज के साथ शुरू होगी और उसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी। यह दौरा क्रमशः सेंचुरियन और केपटाउन में बॉक्सिंग डे और नए साल के टेस्ट के साथ समाप्त होगा। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया,उन्होंने (कोहली ने) बीसीसीआई और चयनकर्ताओं को सूचित किया है कि उन्हें सफेद गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक की जरूरत है और वह उनसे इस बारे में संपर्क करेंगे कि वह आगे कब सफेद गेंद क्रिकेट खेलना चाहते हैं। फिलहाल उन्होंने बीसीसीआई को सूचित कर दिया है कि



वह रेड-बॉल क्रिकेट खेलेंगे, जिसका मतलब है कि वह दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध हैं। %%

कोहली ने घरेलू मैदान पर पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया और 11 पारियों में तीन शतकों सहित 765 रन बनाए और एक बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक एकदिवसीय शतकों के मामले में महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया और वर्तमान में लंदन में छुट्टियों पर हैं। विश्व कप से पहले, कोहली और रोहित शर्मा को सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे से ब्रेक दिया गया था, जिसके बाद दोनों राजकोट में श्रृंखला के अंतिम मैच के लिए लौट आए।


रिपोर्ट में कहा गया है कि कप्तान रोहित के 10 दिसंबर से शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सफेद गेंद के मैचों के लिए उपलब्ध होने पर अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है। कोहली की तरह, रोहित भी विश्व कप के बाद यूनाइटेड किंगडम में ब्रेक पर हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बीसीसीआई सचिव जय शाह भारतीय टीम के भविष्य के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए जल्द ही रोहित और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर से बात करेंगे।

# निश्चित तौर पर ऐसा लगता है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया टी2 सीरीज का अवमूल्यन हो गया है : माइकल हसी

**गुवाहाटी,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल हसी का मानना है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही पांच मैचों की टी20 सीरीज का भारी अवमूल्यन हुआ है, खासकर 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के समापन के बाद इसके आयोजन के समय के कारण। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 श्रृंखला अहमदाबाद में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में दोनों टीमों के खेलने के ठीक चार दिन बाद शुरू हुई, जिसे पर्यटकों ने जीता। पिछले साल भी इंग्लैंड के साथ कुछ ऐसा ही हुआ था, जब उन्होंने 2022 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के ठीक चार दिन बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी वनडे सीरीज़ शुरू की थी। गुवाहाटी में तीसरे टी20 के अंत में, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से जीता, विश्व कप के छह खिलाड़ी, ट्रैविस हेड को छोड़कर, क्रिस ग्रीन, जोश फिलिप, बेन मैकडरमोट और बेन ड्वारशुइस के साथ स्वदेश लौट आएंगे, जो बाकी रायपुर और बेंगलुरु में दो मैचों के लिए मौजूद रहेंगे। यह विश्व कप को सस्ता नहीं बनाता है लेकिन यह निश्चित रूप से इस श्रृंखला को सस्ता कर देता है। ऐसे कई लोग होंगे जो विश्व कप (दोनों देशों के लिए) में थे, संभवतः उनकी टी20 टीमों में होंगे। वे या तो टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए या बस छुट्टी लेने के लिए घर गए थे।

हसी ने एसईएन रेडियो पर कहा,यह आश्चर्यजनक है कि एक कैलेंडर में इतना क्रिकेट खेलने के लिए कितना (क्रिकेट बोर्ड) पैक होता है।

# अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं को भारत में प्रसारित किया जाना चाहिए : नीरज चोपड़ा



**बेंगलुरु,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने बुधवार को ट्रैक और फील्ड को और अधिक आकर्षक बनाने पर जोर दिया और भारतीय अधिकारियों से इसे भारतीय प्रशंसकों के लिए जेब के अनुकूल बनाने के लिए कहा।

आरसीबी इनोवेशन लैब की लीडर्स मीट में वैश्विक खेल नेताओं की सभा को संबोधित करते हुए, नीरज ने भारतीय दर्शकों के बीच ट्रैक और फील्ड की लोकप्रियता को प्रभावित करने वाली बाधाओं पर अपने विचार साझा किए।

नीरज ने कहा, सबसे पहले, मुझे लगता है कि जिन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हम प्रतिस्पर्धा करते हैं जैसे डायमंड लीग, कॉन्टिनेंटल टूर्स और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, उन्हें भारत में प्रसारित किया जाना चाहिए। वर्तमान में, हमें केवल हाइलाइट्स देखने को मिलते हैं, हालांकि लोग एथलेटिक्स देखना चाहते हैं, वे रात में 1-2 बजे तक जागते हैं, और एथलीट के खेलने का इंतजार करते हैं, लेकिन देखने में सक्षम नहीं होने के बाद उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है।

नीरज का यह भी मानना है कि खेल ज्ञान और जागरूकता के लिए भारतीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं को टेलीविजन पर प्रसारित किया जाना चाहिए।

टीवी पर एथलेटिक्स स्पर्धाओं के प्रसारण से अधिक लोग उन प्रतियोगिताओं को देखना, समझना और उनके बारे में जागरूकता बढ़ाना शुरू कर सकेंगे जिनमें हम प्रतिस्पर्धा करते हैं।

हरियाणा में जन्मे एथलीट के लिए अब तक का साल असाधारण रहा है, उन्होंने इस साल एशियाई खेल 2022 और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक जीता है, और उनसे अगले साल पेरिस ओलंपिक में अपनी टोक्यो ओलंपिक की सफलता को दोहराने की उम्मीद है।

उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का खेल पारिस्थितिकी तंत्र कितना विकसित हुआ है और भारत में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी कैसे एथलेटिक्स के लिए गेम-चेंजर हो सकती है।

प्रशंसकों की भावनाओं को दोहराते हुए, टोक्यो स्वर्ण पदक विजेता ने कहा, अगर केन्या और ग्रेनेडा जैसे देश नियमित रूप से विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर सकते हैं, तो भारत में भी ऐसा करने की काफी क्षमता है। जब भी मैं विश्व एथलेटिक्स संगठन के लोगों से मिलता हूं तो वे भारत में इस तरह के टूर्नामेंट की मेजबानी करने में रुचि व्यक्त करते हैं, मुझे उम्मीद है कि अगर भारत ऐसे प्रतिस्पर्धी आयोजनों की मेजबानी कर सकता है तो अधिक लोग व्यक्तिगत रूप से ऐसी चैंपियनशिप देख सकते हैं और प्रेरित हो सकते हैं।%%

25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने जीवन के सबसे यादगार पलों को याद किया। उन्होंने पोलैंड में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में जूनियर विश्व रिकॉर्ड थ्रो का जिक्र किया, जिसके बाद टोक्यो ओलंपिक हुआ, जो उनके करियर के मुख्य आकर्षण के रूप में उनके लिए जीवन बदलने वाला क्षण था।

साथ ही, त्योहार की छुट्टी से वापस आने पर अपनी प्रशिक्षण तैयारियों के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, मेरी तैयारी पिछले कुछ दिनों में जमा हुई अतिरिक्त चर्बी को हटाने के साथ शुरू होगी। जब मैं अपने गृह नगर में था तो मैंने ढेर सारा दूध, घी, चूरमा और मिठाइयाँ खाईं। मैंने इसे नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की लेकिन नहीं कर सका। लेकिन मुझे पता है कि जब मैं अपना प्रशिक्षण शुरू कर दूंगा तो मैं 2-3 सप्ताह के समय में आगे बढ़ने में सक्षम हो जाऊंगा।

## सार संक्षेप

### अगर टेस्ट टीम में चुना जाता है तो वह आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखेंगे : मिचेल मार्श

**गुवाहाटी।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा है कि अगर उन्हें पाकिस्तान के साथ पर्थ में होने वाले टेस्ट में चुना जाता है तो वह आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखेंगे। मार्श ऑस्ट्रेलिया की विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा थे जहां उन्होंने इस टूर्नामेंट में दो शतकों समेत 441 रन बनाए इसमें 177 रनों उनकी नाबाद पारी भी शामिल है। इससे पहले उन्होंने ऐशेज में कैमरन ग्रीन के चोटिल होने के बाद मौका दिया गया था मार्श ने कहा, पिछले संघर्षों के बाद मैं यहां पर अपने क्रिकेट का लुत्फ़ लेने आया हूं। हां बल्कुल मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना पसंद है। मैंने बहुत कड़ी मेहनत की थी जिसके बाद मुझे ऐशेज में खेलने का मौक़ा मिला, मैरा बर्ताव यही है कि जो होना होगा, वह होगा। तो मैं जो कर सकता था मैंने वह सब किया। उन्होंने कहा, हमारे पास कई विकल्प हैं, तो जो खेलेगा अपना काम करेगा। अगर मार्श को टीम में लिया जाता है तो वह ऑप्टस स्टेडियम में अपेक्षित उछाल वाली पिच पर पाकिस्तान के तेज़ गेंदबाजों से मुकाबला करने की संभावना को लेकर उत्साहित हैं। यह 6 हजार सीटों वाले स्टेडियम पर चौथा टेस्ट मैच होगा। मार्श के लिए उस मैदान पर पहला टेस्ट मैच होगा, लेकिन बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए वह कई बार इस स्टेडियम में खेले हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं वह नहीं बदलेगा।

### वॉर्नर के टेस्ट संन्यास से बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल हो सकता है : मैक्डोनाल्ड

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने संकेत दिया है कि डेविड वार्नर के जनवरी में टेस्ट से संन्यास के बाद बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करते हुए कैम ग्रीन को टीम में शामिल किया जा सकता है। मैक्डोनाल्ड ने स्थानीय रेडियों से बातचीत मे यह बात कही। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि ग्रीन एक 'पीढ़ीगत' प्रतिभा बने हुए हैं और ऐसा विश्वास है कि वह बाहर नहीं होंगे। बशर्ते कि पाकिस्तान श्रृंखला के दौरान चोटें न लगें और मिशेल मार्श के शरीर पर काम के बोझ पर कुछ सवालिया निशान बने रहें। पहली रिक्ति वार्नर की टेस्ट से संन्यास के बाद आ सकती है, जिसे उन्होंने जनवरी की शुरुआत में एससीजी टेस्ट के लिए निर्धारित किया है। ऐसा माना जा रहा है कि वॉर्नर के स्थान पर कैमरून बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस या मैट रेनशॉ में से एक टीम में शामिल किया जा सकता है लेकिन मैकडॉनल्ड्स ने पिछले अवसरों का हवाला देते हुए कैम ग्रीन की बात कही है। उन्होंने कहा, टेस्ट टीम में कैम ग्रीन का भविष्य कैसा दिखता है। क्या यह मिच के हटाने का इंतजार करने का मामला है या क्या समय के साथ कोई और स्थान बन सकता है।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 3.56 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.32 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 2.11 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.46 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.32 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 0.58 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.42 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.33 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.19 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.16 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# [अर्थ जगत]

## रुपया तीन पैसे मजबूत

मुंबई 29 नवंबर (एजेंसियां)। आयातकों और बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 83.31 रुपये प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.34 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे सुधरकर 83.32 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.28 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली के दबाव में यह 83.34 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 83.34 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में तीन पैसे मजबूत होकर 83.31 रुपये प्रति डॉलर हो गया।



## महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने को स्वीकृति

**नई दिल्ली,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1261 करोड़ रुपए के प्रावधान से महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने के लिए केंद्रीय योजना को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह योजना वर्ष 2024-25 से वर्ष 2025-26 की अवधि में प्रभावी होगी। इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-2026 की अवधि में कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को सेवाएं प्रदान करने के लिए 15 हजार चयनित महिलाओं को ड्रोन प्रदान करना है। यह योजना महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक को प्रोत्साहन देती है।

यह योजना कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, उर्वरक मंत्रालय, महिला स्वयंसेवा समूह और प्रमुख उर्वरक कंपनियों के संसाधनों और प्रयासों से लागू की जाएगी। ड्रोन और सहायक उपकरण और सहायक शुल्क की लागत का 80 प्रतिशत, अधिकतम आठ लाख रुपए महिला समूह को दिये जाएंगे। शेष राशि को तीन प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

महिला स्वयंसेवा समूह से जुड़ी योग्य 18 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिला को 15 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए चुना जाएगा। इसमें पांच दिवसीय अनिवार्य ड्रोन पायलट प्रशिक्षण और कृषि उद्देश्य के लिए अतिरिक्त 10 दिवसीय प्रशिक्षण शामिल होगा। कीटनाशकों का प्रयोग, बिजली के सामान, फिटिंग और यांत्रिक कार्यों की मरम्मत करने की इच्छुक महिलाओं को ड्रोन तकनीशियन एवं सहायक के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।



**यह योजना वर्ष 2024-25 से वर्ष 2025-26 की अवधि में प्रभावी होगी। इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-2026 की अवधि में कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को सेवाएं प्रदान करने के लिए 15 हजार चयनित महिलाओं को ड्रोन प्रदान करना है। यह योजना महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक को प्रोत्साहन देती है :-**

**अनुराग ठाकुर**

## स्विगी की फूड डिलिवरी से प्राप्त आय पहली छमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 1.43 अरब डॉलर हुई : प्रोसस

नई दिल्ली, 29 नवंबर (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के निवेशक प्रोसस ने अपनी वित्तीय फाइलिंग में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में स्विगी का मुख्य फूड-डिलीवरी व्यवसाय 17 प्रतिशत बढ़कर 1.43 अरब डॉलर हो गया। प्रोसस ने कहा, यह ट्रांजेक्शन करने वाले यूजरों की संख्या में वृद्धि के कारण हुआ।

इसमें कहा गया है, पहली छमाही में मुख्य खाद्य-डिलीवरी से कर पूर्व घाटा 89 प्रतिशत कम हो गया। इसमें मार्जिन और परिचालन उत्तोलन में सुधार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संयोजन में, यह ग्राहक की सुविधा के लिए भुगतान करने की इच्छा और रेस्तरां की वृद्धि के लिए विज्ञापन करने की इच्छा को दर्शाता है। प्रोसस, जिसके पास स्विगी में 32.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है, ने बताया कि व्यापारिक घाटा कम होकर 20.8 करोड़ डॉलर हो गया है।

पिछले वर्ष की पहली छमाही में व्यापारिक घाटा 32.1 करोड़ डॉलर था। कंपनी ने आगे कहा कि त्वरित-वाणिज्य व्यवसाय ने तेजी से प्रगति की है क्योंकि ग्राहकों की ओर से ऑर्डर में वृद्धि हुई है। कंपनी के अनुसार, जून में इंस्टामार्ट की स्टोर संख्या 19 प्रतिशत अधिक रही, जिससे इसकी जीएमवी वृद्धि 63 प्रतिशत रही।

पिछले महीने, अमेरिका स्थित निवेश कंपनी इनवेस्को ने स्विगी का मूल्यांकन लगभग 7.85 अरब डॉलर तक बढ़ा दिया था। इससे पहले मई में, इनवेस्को ने स्विगी की हिस्सेदारी का मूल्यांकन घटाकर लगभग 5.5 अरब डॉलर कर दिया था।



### जोमैटो में 3.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रहा एंट ग्रुप का अलीपे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एंट ग्रुप के स्वामित्व वाली डिजिटल पेमेंट्स प्लेटफॉर्म कंपनी अलीपे कथित तौर पर ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो में 3.44 फीसदी हिस्सेदारी बेच रहा है और ब्लॉक डील के जरिए 395 मिलियन डॉलर तक जुटाने की उम्मीद है। वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा देखी गई टर्म शीट के अनुसार, फ्लोर प्राइस 111.28 रुपये (1.33 डॉलर) प्रति शेयर रखा गया, जो जोमैटो के अंतिम कारोबार मूल्य 113.80 रुपये से 2.2 प्रतिशत कम है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक्सपेक्टेड सेटलमेंट डेट 30 नवंबर है। टर्म शीट के अनुसार, बोफा सिक्योरिटीज और मॉर्गन स्टेनली डील पर प्लेसमेंट एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं। इस बीच, जोमैटो ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में प्रॉफिट ऑफ्टर टैक्स (पीएटी) के रूप में 36 करोड़ रुपये दर्ज किया है, जिसके चलते राजस्व 71 प्रतिशत बढ़कर 2,848 करोड़ रुपये हो गया है।

## कर्नाटक सरकार ने 3,607 करोड़ रुपये की 62 निवेश परियोजनाओं को मंजूरी दी

**बेंगलुरु,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। राज्य स्तरीय सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटी (एसएलएसडब्ल्यूसीसी) ने राज्य में 10 हजार 755 रोजगार सृजन की क्षमता वाले 3,607.19 करोड़ रुपये के 62 औद्योगिक निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी।

बुधवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एसएलएसडब्ल्यूसीसी की बैठक की अध्यक्षता भारी एवं मध्यम उद्योग और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एम.बी. पाटिल ने की। समिति ने 50 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 2,088.44 करोड़ रुपये है। इनमें 6,360 नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। कुछ शीर्ष निवेशकों में टेक्सकॉन स्टील्स, हंड्री शुगर्स एंड इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड, ब्रेन लाइफ साइंसेज, अल्पाइन इथेनॉल, विरुपाक्ष लेबोरेटरीज और क्वालकॉम इंडिया शामिल हैं।

कुल 62 प्रस्तावों में से लगभग 51 निवेश परियोजनाएं 15 करोड़ रुपये से 50 करोड़ रुपये के बीच हैं, जिनकी कुल लागत 941.40 करोड़ रुपये है, जो कर्नाटक के भीतर 4,395 रोजगार सृजन की क्षमता का वादा करती है।

समिति द्वारा 577.35 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश वाली तीन परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई।

## एप्पल ने गोल्डमैन सैक्स के साथ साझेदारी खत्म करने की बनाई योजना

**सैन फ्रांसिस्को,** 29 नवंबर (आईएएनएस)। एप्पल कथित तौर पर अपने एप्पल कार्ड को लेकर वैश्विक निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स के साथ अपनी साझेदारी समाप्त कर रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, आईफोन निर्माता ने गोल्डमैन सैक्स को एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें अगले 12 से 15 महीनों के भीतर अपनी साझेदारी समाप्त करने को कहा गया है। रिपोर्ट में मंगलवार देर रात कहा गया, एग्जिट करने से उनकी संपूर्ण उपभोक्ता साझेदारी कवर हो जाएगी जिसमें 2019 में कंपनियों द्वारा लॉन्च किए गए क्रेडिट कार्ड और इस साल शुरू किए गए सेविंग्स अकाउंट भी शामिल है। गोल्डमैन सैक्स वर्तमान में एप्पल कार्ड जारी करता है और कंपनी के सेविंग्स अकाउंट को अधिकार देता है।




पहले की रिपोर्ट्स ने संकेत दिया था कि उनकी साझेदारी अच्छी नहीं चल रही है और गोल्डमैन सैक्स ने कथित तौर पर एप्पल कार्ड को अमेरिकन एक्सप्रेस पर उतारने की योजना बनाई थी। डब्ल्यूएसजे की रिपोर्ट में कहा गया है, मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार, टेक दिग्गज ने हाल ही में गोल्डमैन को अगले लगभग 12 से 15 महीनों में कॉन्ट्रैक्ट से एग्जिट करने का प्रस्ताव भेजा है। एप्पल या गोल्डमैन सैक्स ने अभी तक रिपोर्ट पर टिप्पणी नहीं की है।

अगस्त में, आईफोन निर्माता ने कहा कि गोल्डमैन सैक्स द्वारा एप्पल कार्ड के सेविंग्स अकाउंट में अप्रैल में लॉन्च होने के बाद से 10 बिलियन डॉलर से अधिक की जमा राशि देखी गई है। सेविंग्स के लॉन्च के बाद से, 97 प्रतिशत कस्टमर्स ने अपने डेली कैश को ऑटोमैटिक रूप से अकाउंट में जमा करने का विकल्प चुना, जिससे यूजर्स आसानी से हेल्दी सेविंग्स की आदतें स्थापित कर सकते हैं और जारी रख सकते हैं। आईफोन पर वॉलेट में निर्मित, एप्पल कार्ड ने आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाकर, सभी शुल्कों को समाप्त कर, यूजर्स को कम ब्याज का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित कर, यूजर्स को एप्पल से अपेक्षित गोपनीयता और सुरक्षा प्रदान कर और हर खरीदारी पर डेली कैश की पेशकश कर क्रेडिट कार्ड एक्सपीरियंस को बदल दिया है।

## सेंसेक्स साढ़े चार महीने के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई** 29 नवंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स साढ़े चार महीने के उच्चतम स्तर और निफ्टी 20 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 727.71 अंक अर्थात 1.10 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ साढ़े चार महीने के उच्चतम स्तर 66901.91 अंक हो गया। इससे पहले इस वर्ष 19 जुलाई को यह 67097.44 अंक रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 206.90 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की छलांग लगाकर 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 20096.60 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.78 प्रतिशत उछलकर 33,975.56 अंक और स्मॉलकैप 0.40 प्रतिशत चढ़कर 39,989.57 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई के कुल 3841 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1916 में लिवाली जबकि 1786 में बिकवाली हुई वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियां लाभ जबकि 10 नुकसान में रही।

बीएसई में कंज्यूमर डयूरेबल्स और रियल्टी समूह की 0.45 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 18 समूहों में लिवली का जोर रहा। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.36, सीडी 0.59, ऊर्जा 0.68, एफएमसीजी 0.45, वित्तीय सेवाएं 1.28, हेल्थकेयर 0.75, इंडस्ट्रियल्स 0.62, आईटी 1.33, दूरसंचार 0.70, यूटिलिटीज़ 0.56, ऑटो 1.57, बैंकिंग 1.67, कैपिटल गुड्स 0.89, धातु 0.34, तेल एवं गैस 0.99, पावर 0.42, टेक 1.20 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.20 प्रतिशत चढ़ गए।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.11, जापान का निक्केई 0.26, हांगकांग का हैंगसेंग 2.08 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 0.56 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, जर्मनी के डैक्स में 0.95 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 207 अंक की तेजी के साथ 66,381.26 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,374.52 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 66,946.28 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,174.20 अंक के मुकाबले 1.10 प्रतिशत की उड़ान भरकर 66,901.91 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 87 अंक बढ़कर 19,976.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,956.30 अंक के निचले जबकि 20,104.65 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,889.70 अंक की तुलना में 1.04 प्रतिशत मजबूत होकर 20,096.60 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एक्सिस बैंक 3.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.38, विप्रो 2.32, टाटा मोटर्स 2.09, एचडीएफसी बैंक 1.94, टेक महिंद्रा 1.51, आईसीआईसीआई बैंक 1.44, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.39, एचसीएल टेक 1.28, टीसीएस 1.23, इंफ़ोसिस 1.11, एलटी 0.99, भारती एयरटेल 0.94, एसबीआई 0.70, टाटा स्टील 0.67, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.51, आईटीसी 0.46, पावरग्रिड 0.45, एनटीपीसी 0.31, रिलायंस 0.25, मारुति 0.20, बजाज फाइनेंस 0.05 और एशियन पेंट 0.01 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, नेस्ले इंडिया 0.57, टाइटन 0.49, बजाज फ़िंसर्व 0.34 और अल्ट्रासिमको के शेयर 0.07 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## सोने की कीमत 7 महीने के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बुधवार को सोने की कीमत सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। भारत में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर है। अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड यील्ड में गिरावट के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसी उम्मीद है कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में दरों में कटौती कर सकता है। बुधवार सुबह 11.30 बजे तक स्पॉट गोल्ड 0.24 प्रतिशत बढ़कर 2,046 डॉलर प्रति औंस को पार कर गया, जो 5 मई के बाद की सबसे ऊंची कीमत है।



दिसंबर डिलीवरी के लिए अमेरिकी सोना वायदा 0.3 प्रतिशत बढ़कर 2,045.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस साल की शुरुआत से अब तक सोने की कीमतों में करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है।

भारत के विभिन्न शहरों में सोने की कीमतें अलग-अलग हैं। चेन्नई में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की उच्चतम कीमत 63,050 रुपये दर्ज की गई, जबकि दिल्ली और मुंबई में यह क्रमशः 62,710 रुपये और 62,560 रुपये है। वैश्विक बाजार में सोने की कीमतें बढ़ रही हैं। प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में गिरावट जारी है और वर्तमान में यह तीन महीने के निचले स्तर के करीब है, जिससे अन्य विदेशी मुद्राओं में सोना खरीदना सस्ता हो गया है।

कम ब्याज दरों की उम्मीद वित्तीय साधनों को सोने की तुलना में निवेशकों के लिए कम आकर्षक बनाती है, जिसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। शादी के मौसम के बीच घरेलू बाजार में सोने की मांग मजबूत बनी हुई है। दुल्हन और दूल्हे को बड़ी मात्रा में सोना धातु उपहार में दिया जाता है।

## वनस्पति तेल सस्ता, मसूर व मूंग दाल उतरी

**नई दिल्ली,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में वनस्पति तेल सस्ता हो गया तथा मसूर दाल और मूंग दाल के भाव गिर गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 12 रिंगिट फिसलकर 3744 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 सेंट की गिरावट के साथ 52.62 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में वनस्पति तेल में 134 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान मसूर दाल 200 रुपये और मूंग 50 रुपये प्रति क्विंटल उतर है। वहीं,



चना, दाल चना, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।नाज = (भाव

## ब्रिक्स महिला उद्योगमंडल का महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने का कार्यक्रम

**नई दिल्ली,** 29 नवंबर (एजेंसियां)। ब्रिक्स वाणिज्य उद्योगमंडल (ब्रिक्स सीसीआई) के महिला उद्यमियों से संबंधित प्रभाग 'ब्रिक्स सीसीआई वी' ने एक वैश्विक महिला नेतृत्व कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य ब्रिक्स और सहयोगी देशों की महिला पेशेवरों और उद्यमियों को सशक्त बनाना है।

ब्रिक्स सीसीआई वी की एक विज्ञप्ति के मुताबिक यह कार्यक्रम शिक्षक-प्रशिक्षक एवं सीख के मॉड्यूल के माध्यम से विभिन्न देशों में चलाया जाएगा। यह महिला सशक्तिकरण पहल और नीतियों पर केंद्रित होगा। इस कार्यक्रम का मॉड्यूल शीटवर्क और थिंकस्टार्टअप के सहयोग से विकसित किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य ब्रिक्स सीसीआई ब्रिक्स और अन्य साथी सहयोगी देशों में वाणिज्य और उद्योग को बढ़ावा देता है। ब्रिक्स वी वैश्विक महिला नेतृत्व कार्यक्रम महिलाओं को अपने नेतृत्व कौशल को बढ़ाने, वैश्विक संबंधों को बढ़ावा देने और अनुभवी पेशेवरों और वैश्विक नेताओं से मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

बयान के अनुसार इस पहल में भारत सहित विभिन्न देशों के बड़े नाम जुड़े हैं। इस पहल के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए ब्रिक्स सीसीआई के सलाहकार और मार्गदर्शकों में कल्पना शर्मा (पूर्व



अतिरिक्त सचिव, लोकसभा), डॉ. आयशा बिन बिशर (स्मार्ट दुबई कार्यालय की महानिदेशक), निकोल गुयेन (एपीएसी डीएओ, वियतनाम की सह-संस्थापक) जेनी चेन (संस्थापक और सीईओ ए एंड जे कंसल्टिंग इंटरनेशनल), नूपुर झुनझुनवाला (ट्रस्टी और सह-संस्थापक, चेंजिंक) निधि गोयल (प्रबंध भागीदार- अविनव कंसल्टिंग), देबजानी मुखर्जी (संस्थापक- नानिघर) और संजीव शिवेश (सह-संस्थापक, थिंकस्टार्टअप एंड कार्यक्रम निदेशक, यूथ आइडियाथॉन) जैसे नाम शामिल हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम में ब्रिक्स और अन्य मित्र देशों की लगभग 25 महिला पेशेवर और उद्यमी व्यवसाय संचालन, वैश्विक बाजार प्रवेश रणनीति, विकास व्यवसाय योजना, व्यक्तिगत विकास योजना और वैश्विक सफलता के लिए नेतृत्वकारी भूमिकों जैसे विषयों पर केंद्रित तीन महीने के गहन शिक्षण और परामर्श मॉड्यूल के लिए एक साथ जुड़ेगी। इस कार्यक्रम में अतिथि वक्ता भी अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करेंगे, प्रतिभागियों के ज्ञान को बढ़ाएंगे और मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे। कार्यक्रम साप्ताहिक सत्रों के साथ हाइब्रिड मोड में चलेगा। सफल प्रतिभागियों को ब्रिक्स सीसीआई से प्रमाणन प्राप्त होगा। ब्रिक्स सीसीआई के महानिदेशक डॉ. बीबीएल मधुकर ने कहा, मेरा मानना है कि ब्रिक्स वी वैश्विक महिला नेतृत्व कार्यक्रम जैसी पहल दुनिया भर में महिलाओं के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने की क्षमता रखती है। कार्यक्रम की घोषणा करते हुए, ब्रिक्स सीसीआई वी की अध्यक्ष सुश्री रूबी सिन्हा ने कहा, यह कार्यक्रम वैश्विक व्यापार परिदृश्य में महिलाओं के नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिक्स सीसीआई की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को विश्व स्तरीय परामर्श, प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना है। हम महत्वाकांक्षी महिला नेताओं को विकास, ज्ञान और प्रेरणा की इस सशक्त यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं।

## सार संक्षेप

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल ।6.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर आज अमेरिकी क्रूड`.54 प्रतिशत उबलकर 76.84 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड `.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 82.12 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का कर्ज सुविधा के लिए वॉटर डॉट ओआरजी से समझौता

**बेंगलुरु।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) ने किफ़ायती कर्ज के माध्यम से लोगों के लिए सुरक्षित जल एवं सेनिटेशन सुविधाओं को अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से वैश्विक गैर-लाभ संगठन वॉटर डॉट ओआरजी के साथ साझेदारी की है। इस संबंध में बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस साझेदारी के तहत वॉटर डॉट ओआरजी, उज्जीवन एसएफबी को उन क्षेत्रों को पहचानने में मदद करेगी जिन्हें स्वच्छ जल एवं हाइजीनिक सेनिटेशन के लिए फाइनेंसिंग की ज़रूरत है। इसमें वॉटर डॉट ओआरजी तकनीकी सहायता, बाज़ार मूल्यांकन, जानकारी के विकास, शिक्षा एवं संचार सामग्री, निगरानी एवं मूल्यांकन में सहयोग प्रदान करेगी। उज्जीवन एसएफबी नए एवं मौजूदा उपभोक्ताओं को छह हजार रुपए से एक लाख रुपये तक के कर्ज देगी ताकि वे जल एवं सेनिटेशन सुविधाओं का निर्माण या नवीनीकरण कर सकें। उज्जीवन एसएफबी ने पिछले साल 3 करोड़ रुपये के वॉटर एण्ड सेनिटेशन कर्ज वितरित किए थे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस साझेदारी के द्वारा उज्जीवन एसएफबी अगले तीन सालों में किफ़ायती कर्ज देकर 65 परिवारों के लिए सुरक्षित पेयजल एवं हाइजीनिक सेनिटेशन सुविधाओं को सुलभ बनाएगी। उज्जीवन एसएफबी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), इत्तिरा डेविस ने कहा, "हमारा उद्देश्य बेहतर सेनिटेशन एवं सुरक्षित जल उपलब्ध कराकर लोगों की जीवनशैली को बेहतर बनाना है, ताकि उनके जीवनस्तर में सुधार लाया जा सके और वे अधिक उत्पादक कामों में समय लग सकेंगे और देश के आर्थिक विकास में योगदान दे सकेंगे। वॉटर डॉट ओआरजी के दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए निदेशक मनोज गुलाटी ने कहा, इस साझेदारी के माध्यम से हम नागरिकों को गरिमामय जीवन जीने में मदद कर सकेंगे।

# अवैध प्लाटिंग पर चला निगम का बुलडोजर

## सड़क और नाली को हटाया गया, सामान जब्त





### मोपका क्षेत्र में की जा रही थी अवैध प्लाटिंग, कमिश्नर के निर्देश पर कार्रवाई

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। शहर में चल रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ़ आज एक बार फिर नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाट में बनाए गए सड़क और नाली को हटाया और निर्माण सामग्री को जब्त किया है।निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत निर्देश पर मोपका क्षेत्र में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के पास खसरा नंबर 27/4 और खसरा नंबर 31 में कार्रवाई की गई।

नगर पालिक निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत द्वारा अवैध प्लाटिंग के खिलाफ़ लगातार कार्रवाई के के निर्देश दिए गए है। जिसके तहत निगम के भवन शाखा, राजस्व विभाग, टाउन प्लानिंग और जोन क्रमांक 7 द्वारा आज मोपका के ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के पास दो स्थानों पर कार्रवाई की गई।

खसरा नंबर 27/4 में पुन्नुलाल सूर्यवंशी द्वारा और खसरा नंबर 31 में अन्य व्यक्ति द्वारा अनाधिकृत रूप से जमीन को टूकड़ों में काटकर बेचा जा रहा था। ज्ञात है की शहर में हो रहे अवैध प्लाटिंग से शहर की सूरत बिगड़ रही है.बिना किसी योजना और नियम के तैयार ये अवैध प्लाट भविष्य में परेशानी पैदा करते है। यहां के रहवासियों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिलती। कमिश्नर कुणाल दुदावत ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ़ लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए है,निगम द्वारा आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। आज की कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी सुरेश शर्मा अतिक्रमण प्रभारी प्रमिल शर्मा,जोन 7 के ईई संदीप श्रीवास्तव शिवबहादुर जायसवाल समेत टाउन एंड कंट्री प्लानिंग,राजस्व विभाग और पुलिस बल के जवान उपस्थित रहें।

# ठंड से ठिठुरा शहर छाया रहा कोहरा

### सर्द हवाओं के बीच लोगों को दिन में भी गर्म कपड़े पहने

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। दिन में तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम, आसमान में दिनभर बादल, रिमझिम वर्षा पश्चिमी विक्षोभ के चलते मंगलवार से बिलासपुर का मौसम एकदम से बदल गया। दिनभर सर्दी का अहसास हुआ। दिनभर आसमान में काले बादलों का डेरा था। दोपहर से शाम तक रिमझिम फुहारों ने शहर को ठंड से ठिठुरने पर मजबूर कर दिया।

दिन में तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम रहा। मौसम का मूड अभी बदला हुआ है। आसमान में काले घने बादलों का डेरा है। वातावरण में नमी है। कंपकंपी महसूस हो रही है। सर्द हवाओं के बीच लोगों को दिन में भी गर्म कपड़े पहनकर घर से निकलना पड़ा।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से जिले के आसपास ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की वर्षा तो कहीं बूंदाबांदी होती रही। शहर में दोपहर को हल्की वर्षा के साथ देर शाम तक रिमझिम फुहारें चलती रही। वहीं लोरमी, मुंगेली, पेंड्रारोड क्षेत्र में भी वर्षा रिकार्ड की गई। हालांकि रात के तापमान में कोई खास असर नहीं हुआ है, लेकिन दिन का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यही कारण है कि दिन में ठंडी का अहसास हुआ।

आज भी रिमझिम फुहारें मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ राजस्थान के ऊपर 3.1 किलोमीटर



से ऊपरी क्षोभमंडल तक एक अक्ष के रूप में स्थित है, इसके प्रभाव से एक प्रेरित ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण राजस्थान और उससे लगे पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 29 नवंबर को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। बिलासपुर में भी हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

## सार-संक्षेप



### कलेक्टर ने किया सामुदायिक अस्पताल का निरीक्षण

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने बिल्हा स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने संस्था द्वारा मरीजों और ग्रामीणों के लिए उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की बीएमओ से जानकारी ली। अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनका कुशलक्षेम पूछा। सद्य प्रसूता और उनके नवजात शिशु के वजन व स्वास्थ्य की जानकारी ली। रसोई घर में मेनू चार्ट लगाने के निर्देश दिए। हर वार्ड में कलर कोडेड चादर बिछवाने और आपात चिकित्सा वार्ड में नर्सेज की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। अस्पताल की ओपीडी मरीजों की संख्या और दवाई वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली। नगर निगम आयुक्त श्री कुणाल दुदावत, सीएमएचओ डॉ. राजेश शुक्ला, एसडीएम हरिओम द्विवेदी, बीएमओ सहित डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरोग्य भारती ने महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए सम्मेलन आयोजित की



**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। आरोग्य भारती की प्रांत महिला प्रमुख प्रतिभा पांडे ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर सभी अनुभवी डॉक्टर एवं चिकित्सकों को आमंत्रित कर यह सम्मेलन का संचालन किया। जिला स्तर पर संगीता शर्मा ने बिलासपुर जिले से हर वर्ग के लोगों को आरोग्य भारती के अंतर्गत इस स्वास्थ्य प्रोग्राम में आमंत्रित किया जिसमें घरेलू उपचार के साथ-साथ योग अभ्यास के जरिए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से दूर रखने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई इसमें राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ से जिला बिलासपुर की अध्यक्ष अर्चना तिवारी शारदा तिवारी माया बाजपेई संजना मिश्रा एवं विभिन्न वर्ग की बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर पर सभी जिला से ज्यादा से ज्यादा संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दी। इसमें राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जिला बिलासपुर से सभी पदाधिकारी एवं संगठन की बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया यह प्रोग्राम माउंट लिटरा स्कूल उसलापुर में रखा गया जो की स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर संजना तिवारी के सहयोग से संपन्न हुआ।

### छपरा यार्ड का आधुनिकीकरण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। उत्तर पूर्व रेलवे के वाराणसी रेल मण्डल के छपरा यार्ड का आधुनिकीकरण का कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली दुर्ग-छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को बलिया रेलवे स्टेशन में ही समाप्त होगी और यह गाड़ी बलिया से ही दुर्ग के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी 29 दिसम्बर से 12 जनवरी, 2024 तक दुर्ग एवं बलिया के बीच ही चलेगी।

**बलिया तक चलने वाली ट्रेन**-15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को छ्परा के स्थान पर बलिया से रवाना होगी, नवम्बर माह में 29 एवं 30 नवम्बर को तथा 01, 03, 05, 07, 08, 10, 12, 14, 15, 17, 19, 21, 22, 24, 26, 28 एवं 29 दिसम्बर, 2023 को, जनवरी माह में 02, 04, 05, 07, 09, एवं 11 जनवरी, 2024 को बलिया से दुर्ग के लिए रवाना होगी। 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को नवम्बर माह में 29 एवं 30 नवम्बर को, दिसम्बर माह में 1, 02, 04, 06, 08, 09, 11, 13, 15, 16, 18, 20, 22, 23, 25, 27, 29 एवं 30 दिसम्बर 2023 को, जनवरी माह में 01, 03, 05, 06, 08, 10 एवं 12 जनवरी, 2024 को बलिया तक ही चलेगी ।

# कोचिंग सेंटर के संचालक से सरेराह मारपीट व अपरहण की कोशिश

### सोने की चेन भी लूटे, जांच में जुटी पुलिस

### मामला संदिग्ध बताया जा रहा है

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। जहां पर रात में एक कोचिंग सेंटर के संचालक को कुछ लोग रास्ते में रोककर उनसे मारपीट की और उसके बाद उनका अपहरण कर कार में ले जाने की कोशिश की ।घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात बताए जा रहे है। थाने में इस घटना की जानकारी दी गई जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है ।जानकारी के अनुसार बिलासपुर के सिविल लाइन क्षेत्र के इमलीपारा निवासी विंग्स इंस्टिट्यूट के मालिक हेमंत गुप्ता ने शिकायत में बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने उनके साथ मार पीट और उनका अपहरण करने की कोशिश की। जिसके बाद में अपने आप को बचाने के लिए कार से कूद कर उनसे अपना पीछा छुड़ाया।

बताया जाता है कि हेमंत गुप्ता हर मंगलवार को अपने घर के पास इमलीपार स्थित हनुमान मंदिर पूजा करने जाते है। रात नौ बजे के आस पास पूजा करने के बाद वह लौट रहे थे तभी कुछ लोगो ने कार से ठोकर मारी उसके बाद गाली-गलौच देने लगे और उसके बाद मार पीट करने लगे कार में और भी उसके साथी थे। वे लोग भी मरना पिटना चालू कर दिए। और उसको कार में बैठा लिया। आगे कुछ दूरी बाद हेमंत गुप्ता ने अपने पैर हाथ चलाते हुए मौका देख कर कार से कूद कर भाग निकला और उस घटना की जानकारी अपने परिवार और पुलिस को दी जिसके बाद कार और कार चालकों के तलाश में जुटी गई है। इस मामले में दिलचस्प पहलू यह हैं कि कितने लोगों ने हमला किया व वाहन मालिक का बयान दोनों समझ से परे है। बिना किसी पुराने विवाद के अपहरण व मारपीट की घटना के पीछे क्या कारण है, अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस इस घटना की जांच कार्रवाई में जुटी हुई है ।शिकायत में कहा गया है कि उन लोगों ने हेमंत गुप्ता को जान से मारने का भी प्रयास किया लेकिन हेमंत गुप्ता पत्थर से उन पर हमला कर अपनी जान बचाकर भाग गए। इसी बीच उन्होंने कार का फोटो भी क्लिक कर लिया। कार क्रमांक सीजी 10 बीजी 7776 एक महिला के नाम पर रजिस्टर्ड है। जब पुलिस उनके घर पहुंची तो कार घर के बाहर खड़ी थी और महिला ने दावा किया कि सुबह से ही यह कार घर के बाहर ही खड़ी है। इधर हेमंत गुप्ता कह रहे हैं कि युवक उनकी सोने की चेन भी लूट कर ले गए। दोनों पक्ष के दावे अलग-अलग है। इसके कारण मामला संदिग्ध जान पड़ रहा है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।



### हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद के मध्य स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। रेल यात्रियो की मांग को ध्यान में रझते हुये रेलवे के द्वारा सिकंदराबाद-रक्सौल के मध्य 25 नवम्बर, 2023 तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार 27 जनवरी 2024 तक किया गया है । यह गाड़ी प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से चलने वाली 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल के परिचालन में विस्तार 27 जनवरी 2024 तक किया गया। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से चलने वाली 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल के परिचालन में विस्तार 30 जनवरी 2024 तक किया गया । इस गाड़ी में 02 एसएलआर, 04 सामान्य, 08 स्लीपर, 05 एसी थ्री, 02एसी टू, 01 एसी टू कम एसी थ्री सहित कुल 22 कोच के साथ रवाना होगी ।

# मजदूरी कर लौट रहे पति-पत्नी आए हाइवा की चपेट में, पहियों के नीचे दबकर पत्नी की मौत



**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। कोटा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम घोंघाडीह निवासी राकेश कुमार केंवट राजमिस्त्री का काम करता है जिसकी पत्नी निर्मला केंवट उम्र 30 वर्ष भी उसके साथ मजदूरी करती है।

बीती शाम दोनों बाइक में बिलासपुर से काम कर वापस गांव लौट रहे थे, जो अभी एफएम कालोनी रोड लोखंडी के पास पहुँचे थे तभी सामने से आ रही हाइवा क्रमांक सीजी 10 डब्लू 9477 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए हुए अपनी चपेट में ले लिया।

हाइवा की ठोकर से बाइक में पीछे बैठी निर्मला नीचे गिर गई, जिसके ऊपर से हाइवा कुचलते हुए आगे निकल गई, जिससे निर्मला की सिर बुरी तरह कुचल गया, आनन फानन ने उसे सिम्स हॉस्पिटल लाया गया जहाँ परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर सकरी पुलिस ने मामला दर्ज कर अपनी विवेचना में जुट गई है।

# नर्सिंग के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं-संध्या चंद्रसेन

### छत्तीसगढ़ स्कूल में दी गई नर्सिंग पर कैरियर गाइडेंस की जानकारी

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी ( उपासना एजुकेशन ट्रस्ट) के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्कूल में नर्सिंग प्रशिक्षण संबंधी कैरियर गाइडेन्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की डॉयरेक्टर संध्या चंद्रसेन ने बताया कि नर्सिंग सेवा का आदर्श माध्यम है। इसमें रोजगार और जीविकोपार्जन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह कौशल प्रशिक्षण है और आप प्रशिक्षित होकर रोजगार हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नर्सें हमेशा आवश्यक रहेंगी और उनके बिना स्वास्थ्य सेवाएं व सुविधाएं असम्भव हैं। वे इतनी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी को अंजाम देती हैं कि परिवार को भी भूल जाती हैं। हर समय, दिन-रात मरीजों की देखभाल में जुटी रहती हैं। संध्या चंद्रसेन ने कहा कि वैश्विक महामारी के दौरान भी नर्सों ने जी जान लगाकर अपनी भूमिका का सफल निर्वहन किया।



छत्तीसगढ़ स्कूल के प्राचार्य प्रशांत दिवाकर चिपड़े भी इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की। छत्तीसगढ़ स्कूल से शिक्षिका अंजनी शर्मा भी उपस्थित रहीं। संस्था की नर्सिंग प्रशिक्षिका मनीषा सैमुअल ने भी नर्सिंग में रोजगार के साधन पर अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर संस्था विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी के विद्यार्थियों के द्वारा भी अनुभव साझा किया गया । इस कार्यक्रम में विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी के विद्यार्थी प्रीति खांडे, लालिमा चौहान, राखी कुर्रे, ईशा लहरे, नैन्सी श्रीवास, मीनाक्षी खत्री उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन शॉपिंग के बाद कपड़े रिटर्न करने के बहाने पूछ लिया ओटीपी, खाते से पार कर दिए एक लाख

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। ऑनलाइन शॉपिंग करना तो आसान है लेकिन ऑनलाइन शॉपिंग से खरीदे गए वस्तु को रिटर्न करना अक्सर पेचीदा साबित होता है और लोग अक्सर इसी के चलते ठगी के भी शिकार हो जाते हैं। इसी तरह की ठगी के शिकार मिनोचा कॉलोनी निवासी आशुतोष त्रिपाठी भी हुए हैं, जिन्होंने ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी अमेजॉन से 7 नवंबर को कुछ वस्त्र मंगाए थे। कपड़े नाप का न होने पर उन्होंने उसे वापस करना चाहा। जब उन्होंने अमेजन के कथित प्रतिनिधि से संपर्क किया तो उसने बहुत सारी सूचनाऐ मांगी और इसी बीच उसने चालाकी से ओटीपी भी मांग लिया। 21 नवंबर 2023 को मोबाइल नंबर 8093883115 पर उन्होंने ओटीपी दे दिया जिसके बाद 28 नवंबर को उनके खाते से 99,957 रुपए डेबिट हो गए। एसबीआई टेलीफोन एक्सचेंज ब्रांच के खाते से यह रकम पंजाब नेशनल बैंक के खाता नंबर पर ट्रांसफर हुआ है। धोखाधड़ी कर करीब एक लाख रुपये की ठगी की गई है, जिसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की गई है।

अक्सर लोग किसी कंपनी से संपर्क करने के लिए गूगल से कंपनी का फोन नंबर ढूंढते हैं जबकि यहां अधिकांश नंबर फिशिंग वाले ठगों के होते हैं। आशुतोष त्रिपाठी भी शायद ऐसे ही किसी के फेर में पड़ गए हैं। फिलहाल सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, हालांकि ऐसे मामलों में कार्यवाही और वसूली आसान नहीं होती। लोगों को बार-बार कहा गया है कि कभी भी किसी से भी ओटीपी शेयर ना करें लेकिन लोग अक्सर यह गलती कर जाते हैं ,जिसका उन्हें खामियाजा भोगना पड़ता है।

# गुम बालक-बालिकाओं के प्रकरणों में त्वरित सख्त कार्रवाई करें-आईजी

**बिलासपुर,** 29 नवंबर ( देशबन्धु)। आज पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज अजय कुमार यादव (भा.पु.से.) द्वारा बिलासपुर रेंज अंतर्गत जिलों के वरि.पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों को बालक-बालिकाओं के गुम होने में मामलों में गंभीरतापूर्वक त्वरित कार्यवाही की आवश्यकता एवं इन प्रकरणों में जांच और विवेचना के स्तर में सुधार लाये जाने के लिये रेंज परिपत्र क्रमांक 04/2023 जारी कर विभिन्न बिन्दुओं में महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाये जाने, असामाजिक तत्वों तथा संदिग्ध किस्म व्यक्तियों पर निगाह रखे जाने तथा स्कूल/कॉलेज लगने और छूटने के समय पर नियमित पुलिस पेट्रोलिंग आवश्यक रूप से कराये जाने निर्देशित किया गया है।



दण्ड विधि संशोधन 2013 के अनुसार यदि पीड़िता की उम्र 18 वर्ष से कम है तो पॉक्सो एक्ट 2012 के अंतर्गत उचित धाराओं के तहत कार्यवाही किये जाने, कायमी की जानकारी विशेष किशोर पुलिस यूनिट को दिये जाने तथा 24 घण्टे के अंदर सूचना बाल कल्याण समिति/किशोर न्याय बोर्ड तथा स्पेशल कोर्ट/सेशन कोर्ट को दिये जाने तथा बच्चों की उम्र निर्धारण के संबंध में जे.जे.एक्ट की धारा 94 का पालन सुनिश्चित करने संबंधी निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि गुम बालक/बालिकाओं के प्रकरणों की स्वयं समीक्षा कर ऐसे संवेदनशील प्रकरणों का त्वरित निराकरण किये जाने तथा इन प्रकरणों में पीड़ित को पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत राशि दिलाये जाने हेतु हेतु आवश्यक पहल सुनिश्चित करें।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अपने निर्देश में उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश सहित पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों पर पालन करते हुए गुम इंसान की दस्तयाबी एवं आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर समयावधि में न्यायालय में चालान पेश कराये जाने एवं प्रकरणों में दोषसिद्ध के प्रतिशत को बढ़ाये जाने पर विशेष रूप से ज़ोर दिया गया है।

### NECC

| 30.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 555 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188